3	Business per Employee (Rs in Crore) *	10.43	10.7	12.15	13.76	14.46	15.51	16.43	17.83	18.79	20.06	19.23
4	Gross Profit per Employee (Rs in Lacs)	15.52	17.04	17.56	15.44	16.4	16.13	20.15	20.06	20.18	24.6	24.63
5	Net Profit per Employee (Rs in Lacs)	7.5	5.8	6.79	5.02	5.02	3.81	1.51	(13.96)	(7.91)	(7.77)	3.72
6	Business per branch (Rs in Crore) *	95.93	103.11	110.05	120.16	125.8	130.96	141.5	155.8	163.16	174.76	161.41
7	Gross Profit per branch (Rs in Crore)	1.43	1.64	1.59	1.35	1.43	1.36	1.74	1.78	1.75	2.14	2.07
8	Net Profit per branch (Rs in Crore)	0.69	0.56	0.61	0.44	0.44	0.32	0.13	(1.22)	(0.69)	(0.68)	0.31
9	Earnings per Share (in Rupees)	39.71	34.07	38.93	27.99	28.05	20.42	8.08	(69.45)	(25.08)	(12.49)	4.54
10	Book Value per Share (in Rupees)	213.17	237.48	264.37	269.37	288.01	287.51	277.76	157.4	107.36	67.64	67.91

Note : * Average Business

Definitions :

Average Working Funds (AWF)	: Fornightly average of total assets
Average Deposits	: Fornightly average of total deposits
Average Advances	: Fornightly average of total advances
Average Business	: Total average deposits and average advances
Average Investments	: Fornightly average of total investments
Interest Income/AWF	: Total interest income divided by AWF
Interest Expenses/AWF	: Total interest expenses divided by AWF
Interest Spread/AWF	: Total interest income minus Total interest expenses divided by AWF
Non Interest Income/AWF	: Total Non interest income divided by AWF
Operating Expenses	: Total Expenses minus Interest Expenses
Operating Expenses/AWF	: Operating profit divided by AWF
Cost Income Ratio	: Operating Expenses / Non Interest Income plus interest spread
Gross Profit/AWF	: Operating profit divided by AWF
Return on Net Worth	: Net Profit / Net Worth (excluding revaluation reserves and intangible assets)
Return on Assets	: Net Profit / Total Assets
Return on Average Assets	: Net Profit / AWF
Yield on Advances	: Interest Earned on Advances / Average Advances
Cost of Deposits	: Interest paid on deposits divided by average deposits

Dividend Payout Ratio	: Dividend including corporate Dividend Tax / Net Profit (including Corporate dividend tax)
Credit Deposit Ratio	: Total advances / Customer Deposits (i.e. Total Deposits minus Inter Bank Deposits)
Credit + Non SLR Investments (excluding Investment in Subsidiaries) - Deposit Ratio	: Total Advances + Non-SLR Investments minus Investments in subsidiaries / Customer Deposits
Business per employee	: Average Deposits (excluding Bank Deposits) plus Average Advances / Total No. of employees
Gross Profit per Employee	: Gross Profit divided by total No. of employees
Net Profit per Employee	: Net Profit / Total No. of Employees
Business per Branch	: Average Deposits (excluding Bank Deposits) plus Average Advances / Total No. of branches
Gross Profit per Branch	: Gross Profit / No. of Branches
Net Profit per Branch	: Net Profit / No. of Branches
Earning per Share	: Net Profit divided by equity share capital
Book Value per share	: Net worth (excluding Revaluation Reserve and intangible assets)/ equity share capital

19वीं वार्षिक महासभा बैठक की सूचना

एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर और बैठक) विनियमन, 1998 की विनियमन 56 के अनुपालन में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (''**बैंक**'') के शेयरधारकों की **19वीं (उन्नीसवीं) वार्षिक महासभा बैठक** (''**एजीएम**'') **मंगलवार, दिनांक 10 अगस्त, 2021** को प्रातः **11.00 बजे (आईएसटी)** केंद्रीय कार्यालय, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, मुंबई (बैठक को अभिप्रेत स्थान) में **विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य दृश्य-श्रव्य साधनों (ओएवीएम) सुविधा के माध्यम** से निम्नलिखित कार्यों के लिए आयोजित की जाएगीः

सामान्य कारोबार:

मद क्र. 1

दिनांक 31 मार्च, 2021 के लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन एवं समेकित तुलन पत्र तथा उस तारीख को समाप्त वर्ष के स्टैंडअलोन एवं समेकित लाभ व हानि लेखा, लेखों में कवर की गयी अवधि के लिए बैंक की गतिविधियों तथा कार्यकलापों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट और तुलन पत्र और लेखों पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर चर्चा, अनुमोदन एवं अंगीकरण हेतु.

विशेष कारोबार:

मद क्र. 2

पूंजी की उगाही

विचारोपरांत उचित पाये जाने पर आशोधनों सहित या रहित निम्नलिखित विशेष संकल्प पारित करनाः

"**संकल्प किया** कि बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (``अधिनियम``) की धारा 3 (2बी) के प्रावधानों, राष्ट्रीयकृत बैंकों (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 (``योजना``) के खंड 20 तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर तथा बैठक) विनियमन 1998 (``विनियमन``) एवं अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, भारतीय रिजर्व बैंक (``आरबीआई``), भारत सरकार (``जीओआई``), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (``सेबी``) और/ या इस संबंध में आवश्यक होने पर किसी अन्य प्राधिकारी के अनुमोदन, सहमति, मंजूरी, यदि कोई हो, के अध्यधीन तथा उनके द्वारा अनुमोदन के लिये आवश्यक निर्धारित शर्तों, निबंधनों और संशोधनों तथा बैंक के निदेशक मंडल द्वारा दी गयी सहमति के अनुसार तथा सेबी (पूंजी का निर्गम एवं आवश्यक प्रकटीकरण) विनियमन 2018 [सेबी (आईसीडीआर) विनियमन], सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 [सेबी (एलओडीआर) विनियमन] यथा संशोधित, विदेशी विनिमय प्रबंधन [भारत से बाहर रहने वाले व्यक्ति के द्वारा प्रतिभूति जारी या अंतरण] विनियमन, 2017, यथा संशोधित, आरबीआई, सेबी द्वारा निर्धारित दिशानिर्देश, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड अधिनियम, 1992 और अन्य सभी लागू विधियों और समय-समय पर अन्य सभी सक्षम प्राधिकारियों के अधिसूचनाओं/ परिपत्रों एवं स्पष्टीकरणों एवं समरूप सूचीबद्धता समझौते के अधीन है. ऐसे स्टॉक एक्सेंज के साथ किए गए समरूप, करारों के अनुसरण में, जहां बैंक के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं, में दर्ज सूचीयन करार के अध्यधीन बैंक के सदस्यों की सहमति है और एतद्द्वारा बैंक के निदेशक मंडल (जिसे इसके बाद ``बोर्ड`` कहा जाएगा, जिसमें इस संकल्प द्वारा प्रदत्त शक्तियों सहित इसकी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए बोर्ड द्वारा गठित की गयी/ की जाने वाली समिति भी शामिल है) को प्रदान की जाए एवं एतदद्वारा प्रदान की जाती है कि प्रस्ताव दस्तावेज/ प्रास्पेक्टस अथवा ऐसे किसी अन्य दस्तावेज के माध्यम से भारत या भारत से बाहर ऐसे इक्विटी शेयर और/ अथवा अधिमान शेयर (चाहे संचयी या नहीं; इक्विटी शेयरों में परिवर्तनीय हो या नहीं), भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों के अनुसार जिसमें अधिमान शेयरों की श्रेणी, ऐसे प्रत्येक श्रेणी के अधिमान शेयर जारी करने की सीमा, बेमियादी अथवा प्रतिदेय, ऐसी प्रत्येक श्रेणी के अधिमान शेयरों को जारी किए जाने और/ या अनुमत प्रतिभूति जो इक्विटी में परिवर्तन के पात्र हैं और नकद में नहीं, के अधीन (चाहे बाजार दर, निर्गम दर या न्यूनतम दर से छूट या प्रीमियम पर हो, रु. 3,500 करोड़ (रुपये तीन हजार पाँच सौ करोड़ मात्र) के इक्विटी शेयर जो रु. 6834.74 करोड़ (रुपये छः हजार आठ सौ चौतीस एवं चौहतर करोड़ मात्र), के विद्यमान पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी सहित बैंक के कुल रु. 10000 करोड़ के प्राधिकृत पूंजी के अधीन होंगे, जो इस धारा की 3(2ए) अथवा संशोधन (यदि कोई हो) जो भविष्य में अधिनियम बन सकता है, के द्वारा बढ़ाई गई सीमा के अंदर हो तथा इस प्रकार कि किसी भी स्थिति में भारत के केंद्र सरकार की अंशधारिता बैंक की चुकता इक्विटी पूंजी के 51%से कम न हो; एक अथवा अधिक सदस्यों, बैंक के कर्मचारियों, भारतीय नागरिकों, अनिवासी भारतीयों (``एनआरआई``), निजी अथवा सार्वजनिक कंपनियों, विनिवेश संस्थाओं, सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी) समितियों, न्यासों, शोध संस्थानों, अर्हता प्राप्त संस्थागत क्रेताओं (क्यूआईबी), विदेशी संस्थागत निवेशकों (``एफ़आईआई``), विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफ़पीआई), बैंकों, वित्तीय संस्थाओं, भारतीय म्युचुअल फंडों, वैकल्पिक निवेश निधि, उद्यम पूंजी निधियों, विदेशी उद्यम पूंजी निवेशकों, राज्य औद्योगिक विकास निगमों, बीमा कंपनियों, भविष्य निधियों, पेंशन निधियों, विकास वित्त संस्थाओं या अन्य इकाइयों, प्राधिकरणों या अन्य किसी संवर्ग के निवेशकों, जो विद्यमान विनियमों/ दिशानिर्देशों या उपर्युक्त दोनों के किसी संयोजन, जिसे बैंक द्वारा उचित समझा जाए, के अनुसार बैंक के इक्विटी शेयरों/ प्रतिभूतियों में निवेश करने हेतु पात्र हैं, को पूंजी का सृजन, प्रस्ताव, निर्गम और आबंटन (निश्चित आबंटन और/ या निर्गम का ऐसा भाग और ऐसे संवर्ग के व्यक्तियों, जो उस समय लागू नियमों के तहत अनुमत हों, को आरक्षित प्रावधानों सहित) किया जाए``.

"**पुनः संकल्प किया** कि इक्विटी/ अधिमान शेयर प्रतिभूतियों का ऐसा निर्गम, ऑफर या आबंटन अर्हता प्राप्त संस्थागत (क्यूआईपी); फॉलोऑन पब्लिक निर्गम, प्रवर्तक/ प्रवर्तक समूह शेयरधारकों के साथ या उसके बिना, उनकी पात्रता को त्यागते हुए, आम शेयरधारकों की अधिकार निर्गम, डिपॉजीटरी रसीद/ एडीआर/ जीडीआर, इक्विटी/ अनिवार्य परिवर्तनीय डिबेंचर का निजी प्लेसमेंट, एम्प्लॉयी स्टॉक ऑप्शन स्कीम या बैंक के एम्प्लॉयी स्टॉक पर्चेस स्कीम या इनके समूहित रूप निर्गम के ऐसे अन्य माध्यम जैसे कि लागू विधि के अनुसार आबंटन सहित या बिना अधि-आबंटन या ग्रीन शू विकल्प सहित या रहित के जरिये प्रदान किया होगा तथा ऐसा प्रस्ताव, निर्गम, इक्विटी / अधिमान शेयर/ प्रतिभूतियों का स्थापन या आबंटन, अधिनियम, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देश, सेबी आईसीडीआर विनियमन तथा भारतीय रिजर्व बैंक, सेबी या अन्य संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी सभी अन्य पात्र दिशानिर्देशों और ऐसे समय या समयों पर इस प्रकार तथा ऐसी शर्तों एवं निबंधनों पर, जिन्हें बोर्ड द्वारा अपने पूर्ण विवेक से उचित समझा जाए, के प्रावधानों के अनुसार किया जाए.``

"**पुनः संकल्प किया** कि उपर्युक्त निर्गम(मों) के संबंध में ऐसी कीमत या कीमतों को तय करने का समस्त प्राधिकार बोर्ड के पास होगा जो सेबी (आईसीडीआर) विनियमनों, में संबद्ध प्रावधानों के अनुसार निर्धारित की गई कीमतों से कम

न हों, तो लीड मैनेजरों और/ या हामीदारों और/ या अन्य परामर्शदाताओं और/या इस प्रकार के नियम व शर्तों के अनुसार जो बोर्ड अपने पूर्ण विवेकानुसार सेबी (आईसीडीआर) विनियमनों, अन्य विनियमनों और किसी अन्य और लागू कानूनों, नियमों, विनियमों तथा दिशानिर्देशों, और/या चाहे प्रस्तावित निवेशक बैंक के विद्यमान शेयरधारक हैं या नहीं.""

"पुनः संकल्प किया कि संबंधित शेयर बाज़ार के साथ किए गए लिस्टिंग के प्रावधानों, विनियमनों, अधिनियम के प्रावधानों, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर तथा बैठक) विनियमन 1998 के प्रावधानों, सेबी (आसीडीआर) विनियमनों के प्रावधानों, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 तथा विदेशी मुद्रा प्रबंधन (भारत से बाहर निवासी व्यक्ति द्वारा प्रतिभूतियों का अंतरण व निर्गम) विनियमन, 2017 के प्रावधानों तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), शेयर बाजार, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्यिक और उद्योग मंत्रालय (डीपीआईआईटी), विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड (एफआईपीबी), औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, वाणिज्य मंत्रालय (डीआईपीपी), वित्त मंत्रालय तथा अन्य सभी अपेक्षित प्राधिकारी वर्ग (जिन्हें इसके बाद सामूहिक रुप में "सम्यक प्राधिकारी" कहा जाएगा) तथा उपर्युक्त में से किसी के भी द्वारा इस प्रकार का अनुमोदन, सहमति, अनुमति और/ या मंजूरियां (जिन्हें इसके बाद अपेक्षित अनुमोदन कहा जाएगा) प्रदान करते समय निर्धारित की जाने वाली शर्तों के अध्यधीन बोर्ड, स्थापन दस्तावेज और/ या ऐसे अन्य दस्तावेजों/ लेखों/ परिपत्रों/ ज्ञापनों के जरिये तथा समय-समय पर एक या अधिक अवसरों पर अर्हता प्राप्त संस्थागत क्रेताओं (क्यूआईबी) (जिन्हें आईसीडीआर विनियमन के अध्याय VI में परिभाषित किया गया है), को अर्हता प्राप्त संस्थागत स्थापन (क्यूआईपी), जैसा कि सेबी (आईसीडीआर) विनियमनों के अध्याय VI में उल्लेख है, के अनुसार सेबी आईसीडीआर विनियमनों के या उस समय प्रचलित कानूनों के अन्य प्रावधानों के अनुसार बोर्ड द्वारा निर्धारित की जाने वाली शर्तो एवं निबंधनों के तहत ऐसे मूल्य एवं तरीके से इक्विटी शेयरों या अन्य प्रतिभूतियों (वारंटों को छोड़कर), जो बाद में इक्विटी शेयरों के बदले परिवर्तनीय हैं, का बोर्ड अपने सम्यक विवेक से इस प्रकार सृजन, प्रस्ताव, निर्गम एवं आबंटन कर सकता है कि किसी भी समय भारत के केंद्र सरकार की धारिता बैंक की इक्विटी पूंजी के 51% से कम न हो."

"पुनः संकल्प किया कि सेबी (आईसीडीआर) विनियमन के अध्याय VI के अनुसार पात्र संस्थागत स्थापन के मामले में:

ए) प्रतिभूतियों का आबंटन केवल आईसीडीआर विनियमन के अध्याय VI के अन्तर्गत परिभाषित पात्र संस्थागत क्रेताओं को ही किया जाएगा. ये प्रतिभूतियां पूर्णतः प्रदत्त होंगी तथा ऐसी प्रतिभूतियों का आबंटन इस संकल्प की तिथि से 365 दिनों के अंदर पूरा कर लिया जाएगा.

बी) आईसीडीआर विनियमन के विनियमन 176 (1) के प्रावधान के अनुक्रम में बैंक, आईसीडीआर विनियमनों द्वारा निर्धारित आधार मूल्य से अधिकतम 5 प्रतिशत से अनधिक छूट पर शेयर का प्रस्ताव देने हेतु अधिकृत है.

सी) प्रतिभूतियों का आधार मूल्य निर्धारित करने हेतु संबद्ध तारीख, आईसीडीआर विनियमन के अनुसार होगी.

"पुनः संकल्प किया कि भारत सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक/ भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड/स्टॉक एक्सचेंज, जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं या इस संबंध में बोर्ड द्वारा दी गयी सहमति के अनुसार निर्गम, आबंटन एवं लिस्टिंग के अनुमोदन, सहमति, अनुमति एवं मंजूरी प्रदान करते समय ऐसे अन्य उपयुक्त प्राधिकारियों के द्वारा संशोधित जैसा भी आवश्यक या लागू हो, को स्वीकार करने का बोर्ड को अधिकार होगा."

"पुनः संकल्प किया कि एनआरआई/एफआईआई और/या अन्य पात्र विदेशी निवेशों को नये इक्विटी शेयरों एवं प्रतिभूतियों, यदि कोई है, का निर्गम और आबंटन, लागू विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के अधीन भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन द्वारा किन्तु अधिनियम एवं अन्य विनियामकों, यथालागू द्वारा निर्धारित समग्र सीमा के अध्यधीन होगा."

"पुनः संकल्प किया कि जारी किये जाने वाले कथित इक्विटी शेयर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर तथा बैठक) विनियमन, 1998 समय-समय पर यथा संशोधित (विनियमन) के अध्यधीन तथा बैंक के मौजूदा शेयरों के समरुप होंगे एवं लाभांश की घोषणा के समय प्रभावी सांविधिक दिशानिर्देशों के अनुरुप लाभांश, यदि कोई है, के लिये पात्र होंगे."

"पुनः संकल्प किया कि निर्गमित इक्विटी शेयरों को, स्टॉक एक्चेंज में सूचीबद्ध किया जाएगा, जहां बैंक के वर्तमान इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं."

"पुनः संकल्प किया कि इक्विटी शेयरों/प्रतिभूतियों के निर्गम या आबंटन करने के लिये बोर्ड को निवेशक संवर्ग, जिन्हें प्रतिभूतियां आबंटित की जानी हैं, प्रत्येक अवसर पर आबंटित किए जाने वाले शेयरों/ प्रतिभूतियों की संख्या, निर्गम मूल्य, निर्गम पर प्रीमियम राशि, जिसे बोर्ड अपने पूर्ण विवेक से उचित समझे, सहित सार्वजनिक निर्गम की शर्तें निर्धारित करने तथा ऐसे सभी कार्य, कार्रवाई, मामले और काम निपटाने तथा ऐसे कार्य, दस्तावेज एवं करार निषादित करने, जिसे वह अपने विवेकानुसार आवश्यक, उचित एवं वांछनीय समझे तथा इक्विटी शेयरों के प्रस्ताव, निर्गम एवं आबंटन तथा निर्गम राशि के उपयोग करने के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी प्रश्न, कठिनाई या शंका का समाधान करने या उन्हें निपटाने के अनुदेश या निर्देश जारी करने तथा अपने पूर्ण विवेक से बैंक के सर्वोत्तम हित में ठीक एवं उचित माने जाने वाले निबंधनों व शर्तों, जो भी हों, में ऐसे संशोधन, परिवर्तन, फेरबदल, विलोपन तथा परिवर्धन आगे शेयरधारकों की कोई और सहमति या अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता के बिना स्वीकार करने के लिये, इस संकल्प द्वारा बैंक तथा बोर्ड को दिये गये सभी या किसी अधिकार का प्रयोग करने हेतु बोर्ड को अधिकृत किया जाए और एतदद्वारा अधिकृत किया जाता है."

"पुनः संकल्प किया कि बोर्ड यथा आवश्यक इक्विटी/प्रतिभूतियों के प्रस्ताव के लिये बुक रनर(रों), लीड मैनेजर(रों), बैंकर्स, अभिगोपक(कों), डिपॉजिटरी(रियों), रजिस्ट्रार(रों), लेखापरीक्षक(कों) तथा अन्य ऐसी एजेन्सी, जो इक्विटी शेयरों एवं प्रतिभूतियों के प्रस्ताव संबंधी कार्य में शामिल हों, को कमीशन, दलाली, शुल्क या ऐसे अन्य प्रभार के भुगतान हेतु ऐसी एजेंसियों के साथ इस प्रकार की सभी व्यवस्थाओं, करारों, ज्ञापनों, दस्तावेजों आदि को निषादित करने के लिये बोर्ड को अधिकृत किया जाय एवं एतदद्वारा ऐसा किया जाता है."

"पुनः संकल्प किया कि उक्त संकल्प को प्रभावी करने के लिये लीड मैनेजरों, अभिगोपकों, परामर्शदाताओं और/या बैंक द्वारा नियुक्त अन्य व्यक्तियों के परामर्श से बोर्ड को निर्गम की शर्तें निर्धारित करने हेतु अधिकृत किया जाए एवं किया जाता है, जिसमें निवेशक संवर्ग, जिन्हें प्रतिभूतियां आबंटित की जानी हैं, का निर्धारण, प्रत्येक अवसर पर आबंटित किए जाने वाले इक्विटी शेयरों/ प्रतिभूतियों की संख्या, निर्गम मूल्य (प्रीमियम सहित, यदि कोई हो), अंकित मूल्य, निर्गम पर प्रीमियम राशि/प्रतिभूतियों का कंवर्जन/वारंट की प्रक्रिया/ प्रतिभूतियों का शोधन (रिडेम्प्शन), ब्याज दर, शोधन अवधि, प्रतिभूतियों के परिवर्तन या शोधन या निरस्तीकरण पर इक्विटी शेयरों या अन्य प्रतिभूतियों की संख्या, इक्विटी शेयरों या अन्य प्रतिभूतियों के निर्गम/कंवर्जन पर प्रीमियम या छूट, ब्याज दर, कंवर्जन की अवधि, रिकार्ड तिथि या बुक क्लोजर एवं अन्य

संबंधित प्रासंगिक मामलों का निर्धारण, भारत और/या विदेश में एक या अधिक शेयर बाजारों में लिस्टिंग, जिसे बोर्ड अपने पूर्ण विवेक से उचित समझे, आदि शर्तों का निर्धारण शामिल है."

"**पुन: संकल्प किया** कि ऐसे उपरोक्त प्रतिभूतियां, जो अभिदत्त नहीं हुए हैं, को बोर्ड अपने सम्यक विवेक, जिसे बोर्ड उचित समझे तथा विधि सम्मत तरीके से निस्तारित कर सकता है."

"**पुन: संकल्प किया** कि उक्त संकल्प को प्रभावी करने के लिये बोर्ड द्वारा ऐसे सभी कार्य, कृत्य, मामले व चीजें निपटाने, जिन्हें बोर्ड अपने सम्यक विवेक से उचित समझे तथा शेयरों/प्रतिभूतियों के निर्गम के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी प्रश्न, कठिनाई या शंका का समाधान करने, पुनः ऐसे सभी कार्य, कृत्य, मामले व चीजें निपटाने, सभी आवश्यक, वांछनीय एवं उचित दस्तावेज व ज्ञापनों को निष्पादित करने, जिन्हें बोर्ड अपने सम्यक विवेक से ठीक, उचित एवं वांछनीय समझे, को आगे शेयरधारकों की कोई और सहमति या अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता के बिना स्वीकार करने के लिये इस संकल्प द्वारा बैंक तथा बोर्ड को दिये गये किसी या सभी अधिकारों का प्रयोग करने हेतु बोर्ड को अधिकृत माना जाए तथा एतदद्वारा अधिकृत किया जाता है."

"**पुन: संकल्प किया** कि इस संकल्प को प्रभावी बनाने हेतु बोर्ड को इसमें प्रदत्त सभी प्राधिकार प्रबंध निदेशक एवं सीईओ या कार्यपालक निदेशक/निदेशकों की समिति को पूंजी निधि एकत्रित करने हेतु अधिकृत किया जाए एवं एतदद्वारा किया जाता है."

मद क्र. 3:

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (इसके बाद **"अधिनियम"** के रूप में संदर्भित) के भाग 9 (3) (i), जिन्हें बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (इसके बाद **"बीआर अधिनियम"** के रूप में संदर्भित), राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 (इसके बाद **"योजना"** के रूप में संदर्भित) और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स एवं बैठकें) विनियमन, 1998 (इसके बाद **"विनियमन"** के रूप में संदर्भित) के साथ पढ़ा जाए एवं पीएसबी के बोर्डो पर निर्वाचित निदेशकों के लिए "उपयुक्त एवं यथोचित" मानदंड पर अधिसूचना क्रमांक डीबीआर.एटीटीपी.नं: 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त 2019 को जारी **"आरबीआई के मास्टर निर्देश"** जो (इसके बाद **"आरबीआई के मास्टर निर्देश"** के रूप में संदर्भित और इसके बाद यदि कोई संशोधन हो तो) जिन्हें सार्वजनिक क्षेत्र के बैकों में ग़ैर आधिकारिक निदेशकों हेतु विचार करने के लिये भारत सरकार द्वारा 25 मार्च 2015 और दिनांक 8 जुलाई 2016 को जारी दिशानिर्देशों (इसके बाद **"भारत सरकार के दिशानिर्देश"** के रूप में संदर्भित एवं इसके अतिरिक्त संशोधन, यदि कोई हो,) के साथ पढ़ा जाए, के नियमों के अनुसार प्राप्त वैध नामांकनों में से केंद्र सरकार के अलावा, **बैंक के शेयरधारकों में से एक निदेशक का चुनाव करने के लिए** और **विचारोपरांत उचित पाए जाने पर आशोधनों सहित या रहित निम्नलिखित संकल्प को सामान्य संकल्प के रूप में पारित करना:**

"**संकल्प लिया गया** कि अधिनियम 1970, के खंड 9(3)(i) के अनुसार, जिसे इसके आधार पर बनी संबंधित योजना, विनियमन एवं अधिसूचनाओं के साथ पढ़ा जाए, केंद्र सरकार के अलावा शेयरधारकों में से निर्वाचित एक निदेशक, को बैंक के निदेशक के रूप में एतद्वारा निर्वाचित किया गया जो चयनित तारीख/ चयनित माने हुए तारीख से कार्यग्रहण करेंगे और कार्यग्रहण की तिथि से 3 साल पूरा होने तक इस पद पर रहेंगे".

निदेशक मण्डल के आदेश से

कृते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

Mangesh Mandrekar

स्थान: मुंबई

दिनांक : 05.07.2021

(मंगेश मांद्रेकर)

कंपनी सचिव

नोट्स

1. **व्याख्यात्मक विवरण**

   बैठक के कारोबार के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्य युक्त व्याख्यात्मक विवरण इसके साथ संलग्न है.

2. **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) अथवा अन्य दृश्य-श्रव्य साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से वार्षिक महासभा बैठक का संचालन**

   ए) कोविड-19 महामारी के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए, सोशल डिस्टेन्सिंग नियमों का अनुपालन करना आवश्यक है तथा कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए परिपत्र") द्वारा जारी सामान्य परिपत्र क्र.14/2020, 17/2020, 22/2020, 33/2020, 39/2020 एवं 02/2021 क्रमशः दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 15 जून, 2020, 28 सितंबर, 2020, 31 दिसंबर, 2020 एवं 13 जनवरी, 2021 तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी परिपत्र") द्वारा जारी परिपत्र क्र. सेबी/एचओ/सीएफ़डी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12 मई 2020, एवं सेबी/एचओ/सीएफ़डी/सीएमडी2/ सीआईआर/पी/2021/11 दिनांक 15 जनवरी, 2021 तथा सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमन, 2015 ("सूचीबद्धता विनियमन"), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के संप्रेषण क्र. एफ़.क्र.7/47/2020-बीओए दिनांक 10 जुलाई 2020 और अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, बैंक की वार्षिक महासभा (एजीएम) बैठक का संचालन वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से किया जाए, जिसमें सार्वजनिक स्थान पर सभी सदस्यों की व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति की आवश्यकता नहीं होगी. वार्षिक महासभा बैठक के लिए विचारणीय स्थान मुंबई में स्थित बैंक का केंद्रीय कार्यालय होगा. कारोबार **मद क्र.** 2 एवं 3 में वर्णित विशेष कारोबार अपरिहार्य होने के कारण 19वीं एजीएम में वीसी/ओएवीआईएम के माध्यम से संचालित किया जाएगा.

   बी) बैंक एमसीए परिपत्र में वर्णित सभी प्रावधानों का अनुपालन एवं पालन कर रहा है. बैंक ने वीसी/ओएवीएम कनेक्शन में तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं.

बैंक ने बैठक की समग्रता को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त और समुचित सुरक्षा अपनाई है.

सी) केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (केफिनटेक) ने वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से वार्षिक महासभा बैठक में सहभागिता एवं वार्षिक महासभा बैठक के दौरान ई-वोटिंग करने के लिए रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराएगी.

डी) एमसीए के परिपत्रों एवं सेबी के परिपत्रों के अनुसार, वार्षिक महासभा बैठक की सूचना बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com, भारतीय राष्ट्रीय शेयर बाज़ार लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.comऔर साथ ही केफिनटेक की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com पर भी उपलब्ध कराई जाएगी.

ई) चूंकि वार्षिक महासभा बैठक वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से संचालित की जाएगी, इस कारण रूट मैप इस सूचना में संलग्न नहीं होगी, जैसा कि भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवालय मानक 2 के अंतर्गत अपेक्षित है.

एफ़) सभी सदस्य वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से संचालित इस वार्षिक महासभा बैठक में नीचे उल्लिखित प्रक्रिया के माध्यम से जुड़ सकते हैं जो कि वार्षिक महासभा बैठक शुरू होने के निर्धारित समय के 15 मिनट पहले अर्थात 10.45 (आईएसटी) पूर्वाह्न से खुली रहेगी और बैंक वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से संचालित में वार्षिक महासभा बैठक में शामिल होने के लिए बैठक शुरू होने के निर्धारित समय के 30 मिनट बाद विंडो बंद कर सकती है. वीसी/ओएवीएम में जुडने के लिए नोटिस पैरा क्र. 14(vii) में वर्णित विवरणों के साथ https://emeetings.kfintech.com में कृपया जुड़ें. बैठक के दौरान या उससे पहले तकनीकी से संबंधित किसी भी सहायता के लिए हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1800 309 4001 का उपयोग किया जा सकता है.

जी) सदस्य नोट करें कि केफिनटेक द्वारा प्रदत्त वीसी/ओएवीएम सुविधा में द्विपक्षीय कॉन्फ्रेंसिंग एवं साथ ही प्रश्न पूछने के लिए पहले-आओ-पहले-पाओ के आधार पर कम से कम 1,000 सदस्यों की सहभागिता की अनुमति होगी. बड़े शेयरधारकों (अर्थात ऐसे शेयरधारक जिनके पास 2% या इससे अधिक का शेयर होगा), प्रमोटर, संस्थागत निवेशकों, निदेशकों, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक, लेखा-परीक्षा समिति के अध्यक्ष, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति एवं शेयरधारक संबंध समिति, लेखा-परीक्षक, संवीक्षक आदि पहले-आओ-पहले-पाओ सिद्धान्त के कारण बिना किसी बाधा के वार्षिक महासभा बैठक में शामिल हो सकते हैं. संस्थागत निवेशक जो बैंक के सदस्य हैं, को वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से 19वीं वार्षिक महासभा बैठक में शामिल होने और वोट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है.

एच) वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से संचालित वार्षिक महासभा बैठक में शामिल सदस्यों की उपस्थिति की गिनती कोरम का अनुमान लगाने के उद्देश्य से की जाएगी.

आई) चूंकि एजीएम, वीसी/ओएवीएम के जरिए आयोजित की जाती है. अतः सदस्यों की भौतिक उपस्थिति आवश्यक नहीं है और एमसीए परिपत्र के अनुसरण में बैंक द्वारा कोई प्रोक्सी स्वीकृत नहीं की जाएगी.

जे) वार्षिक महासभा बैठक से पहले स्पीकर शेयरधारक का पंजीकरण रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान अधिकतम **रविवार, 8 अगस्त, 2021 को शाम 5 बजे** तक किया जा सकता है. स्पीकर के रुप में पंजीकृत होने के इच्छुक शेयरधारकों से निवेदन है कि वे ई-वोटिंग लॉगिन विवरणों का उपयोग करके https://emeetings.kfintech.com पर जाएं और इस अवधि के दौरान स्पीकर पंजीकरण पर क्लिक करें. शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे वार्षिक महासभा बैठक के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र और समन्वय के समय बैठक के अध्यक्ष द्वारा बुलाए जाने तक अपनी बारी आने का इंतजार करें. बैंक स्पीकर सत्र को समाप्त या रोक सकती है; इसलिए, शेयरधारकों को सूचना पैरा सं. 12 में प्रदत्त, अग्रिम रूप से अपने पंजीकृत ई-मेल पता से अपना नाम, डीपी आईडी एवं ग्राहक आईडी नंबर/ फोलिओ नंबर तथा मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए अपने प्रासंगिक प्रश्न इत्यादि investorservices@unionbankofindia.com भेजने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा. बैठक के दौरान सदस्यों द्वारा ऐसे प्रश्न पर कार्रवाई की जाएगी एवं बैंक द्वारा उचित रूप से प्रतिउत्तर दिया जाएगा. हालांकि, यह निवेदन किया जाता है कि बैठक के दौरान प्रश्न ठीक और संक्षेप रुप से किये जाएं ताकि हम उनका उत्तर दे पाएं.

के) वे शेयरधारक जिन्होंने अपना ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं किया है, वे वेबलिंकः https://ris.kfintech.com/clientservices/mobilereg/mobileemailreg.aspx में अपनी ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पंजीकृत करने के बाद वार्षिक महासभा बैठक में भाग ले सकते हैं.

एल) भौतिक रूप से धारित शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे कटऑफ तिथि अर्थात **बुधवार, 4 अगस्त, 2021** से पहले बैंक विवरण, ईमेल एड्रैस, पते में बदलाव आदि को रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट मेसर्स डाटामैटिक्स बिजनेस सोल्यूशंस लिमिटेड को प्रस्तुत करें, ताकि इसे नोट किया जा सके. इलेक्ट्रॉनिक रूप से धारित शेयर धारक सदस्यों के संबंध में, उपर्युक्त तिथि की समाप्ति पर डिपॉजिटरी द्वारा प्रदत्त ब्यौरे

पर बैंक द्वारा विचार किया जाएगा. इसलिए, शेयर धारित सदस्य नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट भेजने के लिए यथाशीघ्र अपने रिकॉर्ड को अद्यतन करेंगे.

3. **परोक्षी की नियुक्ति**

एमसीए के परिपत्रों के क्रम में, चूंकि सदस्यों की भौतिक उपस्थिति को समाप्त कर दिया गया है, अतः परोक्षी की नियुक्ति की आवश्यकता नहीं होगी. तद्नुसार, वार्षिक महासभा बैठक के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियमन 1998 के विनियमन 70(vi) के अंतर्गत सदस्यों द्वारा परोक्षी की नियुक्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाएगी. इस कारण, परोक्षी की नियुक्ति के संबंध में लिखत एवं उपस्थिति स्लिप को इसके साथ संलग्न नहीं किया जा रहा है. तथापि, रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोटिंग, वीसी/ओएवीएम सुविधा द्वारा संचालित वार्षिक महासभा बैठक में सहभागिता तथा वार्षिक महासभा बैठक के दौरान ई-वोटिंग के उद्देश्य से सदस्यों के प्रतिनिधियों की नियुक्ति की जा सकती है.

4. **प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति**

कंपनी या कोई निकाय, निगम, जो बैंक का शेयरधारक हैं, के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई व्यक्ति, बैठक में उपस्थित रहने या वोट देने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक उसे विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने का संकल्प उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित सत्य प्रति, जिसमें वह संकल्प पारित किया गया हो, को investorservices@unionbankofindia.com पर बैठक की तिथि से कम से कम चार दिन पूर्व अर्थात् **गुरुवार, 5 अगस्त, 2021** को कार्य-समाप्ति अर्थात **शाम 5.00 बजे** तक या उससे पूर्व प्रस्तुत किया जाता है.

5. **बुक क्लोज़र**

एजीएम के उद्देश्य के लिए बैंक का शेयरधारक रजिस्टर एवं शेयर ट्रांसफर बुक **बुधवार, 04 अगस्त, 2021 से मंगलवार, 10 अगस्त, 2021** (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेंगे.

6. **अदावाकृत /अदत्त लाभांश, यदि कोई हो**

ऐसे शेयरधारक, जिन्होंने पिछली अवधि के अपने लाभांश वारंट का नकदीकरण नहीं कराया है/ लाभांश वारंट प्राप्त नहीं किया है, यदि कोई है, तो उनसे अनुरोध है कि वे अदत्त लाभांश के लिए बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट (आरटीए) से उक्त पते पर अथवा निवेशक सेवाएं प्रभाग से संपर्क करें.

शेयरधारकों से यह ध्यानपूर्वक नोट करने का अनुरोध है कि बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 10बी के अनुसार लाभांश घोषित होने की तिथि के 30 दिनों तक लाभांश अदावाकृत/ अदत्त रहने पर 30 दिन की निर्धारित अवधि समाप्त होने के 7 दिनों के अंदर उन्हें ``अदत्त लाभांश खाते" में अंतरित कर दिया जायेगा.

उक्त ``अदत्त लाभांश खाते" में अंतरित राशि, अंतरण की तिथि से सात वर्षो तक अदावाकृत/ अदत्त रहने पर कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 125 के अन्तर्गत केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) को अंतरित की जानी अपेक्षित है. बैंक द्वारा वित्त वर्ष 2013-14 (अन्तरिम) तक के अदत्त लाभांश को आईईपीएफ में पहले ही अंतरित किया जा चुका है. वर्ष 2013-14 (अंतिम) से अदत्त लाभांश के ब्यौरे हेतु संबंधित शेयरधारक बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध अदावाकृत लाभांश सर्च सुविधा के लिंक: https://eremit.unionbankofindia.co.in/UnclaimedDividend/GUIs/CustomerList.aspx का अवलोकन कर सकते हैं. अदावाकृत लाभांश की प्रक्रिया तथा अपेक्षित फॉर्म भी उपरोक्त लिंक पर उपलब्ध है.

7. **पता/ बैंक ब्यौरा/ बैंक खाता मैनडेट में परिवर्तन**

ए) लाभांश का भुगतान करने हेतु बैंक एनएसडीएल/ सीडीएसएल के साथ पंजीकृत और संबंधित डिपॉज़िटरी से आरटीए द्वारा डाउनलोड किये गये बैंक खाते के ब्यौरे का उपयोग करेगा. जिन शेयरधारकों के पास इलेक्ट्रानिक रुप में शेयर रखे हुए हैं, उन्हें सूचित किया जाता है कि उनके संबंधित डिपॉजिटरी खाते में रजिस्टर्ड बैंक खाते के विवरणों को संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (``डीपी") के साथ अद्यतन किया जाना चाहिए, ताकि बुक क्लोजर प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व इसे अद्यतन किया जा सके. बैंक अथवा इसके शेयर अंतरण एजेन्ट इलेक्ट्रानिक रुप में रखे शेयरों के धारकों से बैंक विवरणों अथवा बैंक मैनडेट में किसी परिवर्तन हेतु सीधे ही प्राप्त किसी अनुरोध पर कार्रवाई नहीं कर सकता है. ऐसे परिवर्तनों से शेयरधारक के डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट को अवगत कराया जाए.

बी) जिन शेयरधारकों के पास भौतिक रुप में शेयर मौजूद हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने पते में यदि कोई परिवर्तन करते हैं, तो इसकी सूचना बैंक के रजिस्ट्रार एंड शेयर ट्रान्सफर एजेंट (आरटीए) को विधिक दस्तावेजी सबूत एवं हस्ताक्षरित औपचारिक अनुरोध आवेदन के साथ निम्न पते पर प्रस्तुत करें:

डाटामैटिक्स बिजनेस सोल्यूशंस लि.,
यूनिट : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्लॉट क्र. बी-5, पार्ट बी, एमआईडीसी,
क्रॉस लेन, मरोल,
अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400 093.
दूरभाष संख्या: 022-66712001-6.

सी) बैंक खाते का ब्यौरा प्रदान किए जाने वाला प्रारूप बैंक की बेवसाइट www.unionbankofindia.co.in पर उपलब्ध है.

डी) इलेक्ट्रानिक रुपमें शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने पते में यदि कोई परिवर्तन करते हैं तो इसकी सूचना केवल अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट को दें, न कि बैंक अथवा बैंक के आरटीए को.

ई) शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे बैंक अथवा बैंक के आरटीए के साथ किसी भी प्रकार का पत्राचार करते समय संबंधित फोलियो क्रमांक (भौतिक रुप में शेयर रखने वाले सदस्य) और संबंधित डीपी आईडी/ ग्राहक आईडी क्रमांक (इलेक्ट्रानिक/ डीमेट रुप में शेयर रखने वाले सदस्य) का अनिवार्य रुप से उल्लेख करें .

8. **स्थिति में परिवर्तन की रिकॉर्डिंग**

अनिवासी भारतीय शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के बारे में बैंक के आरटीए- डाटामैटिक्स बिज़नेस सोल्यूशंस लि. को तत्काल सूचित करें:

ए) स्थायी निवास हेतु भारत में वापसी पर निवासी स्थिति में परिवर्तन.

बी) भारत में संचालित बैंक खाते का पूर्ण विवरण यथा पूरा नाम, शाखा, खाते का स्वरुप, खाता संख्या तथा बैंक का पता, पिन कोड सहित आदि, यदि पहले न दिया गया हो.

9. **वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां**

कोविड-19 महामारी और लॉक डाउन प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए, वार्षिक रिपोर्ट 2020-2021 की भौतिक प्रतियाँ नहीं दी जाएंगी और यह केवल उन शेयरधारकों को ई-मेल के माध्यम से प्रेषित की जाएंगी जिनकी ई-मेल आईडी बैंक या डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट के साथ पंजीकृत है. बैंक की वेबसाइट एवं स्टॉक एक्सचेंज पर वार्षिक रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी. ई-मेल आईडी अद्यतन के लिए शेयरधारक भौतिक शेयरों के मामले में रजिस्ट्रार एंड शेयर ट्रांसफर एजेंट को या शेयर डिमेट फॉर्म में है तो डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट को संपर्क करें.

10. **कट ऑफ तिथि**

चुनाव में भाग लेने के लिए शेयरधारकों की पात्रता सुनिश्चित करने के उद्देश्य हेतु:

कार्यकाल अवधि अर्थात **12 जुलाई, 2021** की समाप्ति तक एनएसडीएल/सीडीएसएल द्वारा प्रदत शेयरधारकों के रजिस्टर में जिन शेयरधारकों के नाम हितधारक स्वामित्व के रूप में प्रदर्शित किए गए हैं वे चुनाव में भाग लेने के पात्र होंगे अर्थात सूचना के कारोबार मद क्र. 3 में वर्णित के अनुसार केंद्र सरकार के अलावा शेयरधारकों में से ही निदेशक के लिए चुनाव में नामित होने एवं चुनाव लड़ने के लिए पात्र होंगे.

ई–वोटिंग के लिए:

कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20, यथा संशोधित, के अनुसार कारोबार मद क्र. 1, 2 एवं 3 के संबंध में शेयरधारकों के वोटिंग अधिकारों को **बुधवार 4 अगस्त, 2021** को मान्यता दी जाएगी.

11. **वोट देने का अधिकार**

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3 की उप धारा (2ई) के प्रावधानों के अनुसार, इस समय केंद्र सरकार के अलावा, संपर्की नए बैंक का कोई भी शेयरधारक, **बैंक के सभी शेयरधारकों के वोटिंग अधिकार के दस प्रतिशत** से अधिक के उसके द्वारा धारित किन्हीं शेयरों के संबंध में वोट देने का अधिकारी नहीं होगा.

उपर्युक्त के अधीन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर तथा बैठक) विनियमन, 1998 के विनियमन 68 के अनुसार प्रत्येक शेयरधारक, जो **कट ऑफ तारीख अर्थात बुधवार, 4 अगस्त, 2021** को शेयरधारक के रूप में पंजीकृत है, प्रत्येक शेयर के लिये एक वोट देने का अधिकारी होगा/होगी.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर तथा बैठक) विनियमन 1998 के विनियमन 10 के अनुसार, यदि कोई शेयर दो या अधिक व्यक्तियों के नाम पंजीकृत है, तो रजिस्टर में जिसका नाम प्रथम स्थान पर अंकित होगा, वह वोट देने के लिए, उसका अकेला धारक माना जायगा. इस प्रकार यदि शेयर संयुक्त धारकों के नाम पर है, तो केवल प्रथम नामित व्यक्ति ही बैठक में भाग लेने का अधिकारी होगा और वही वोट देने का अधिकारी भी होगा.

12. **लेखों एवं इससे संबद्ध अन्य शंकाओं के संबंध में जानकारी**

जो शेयरधारक लेखों एवं इससे संबद्ध अन्य शंकाओं पर किसी भी प्रकार की जानकारी चाहते हैं उनसे, अनुरोध है कि वे बैंक को investorservices@unionbankofindia.com पर मेल करें, जो वार्षिक साधारण बैठक की तारीख के पूर्व बैंक को **8 अगस्त, 2021 को शाम 5 बजे तक** प्राप्त हो जाना चाहिए ताकि प्रबंधन द्वारा यह सूचना तैयार रखी जा सके. जवाब केवल एजीएम के दौरान ही दिए जाएंगे. कृपया नोट करें कि केवल उन्हीं सदस्यों के प्रश्नों के जवाब किए जाएंगे जो कट-ऑफ तारीख यथा **4 अगस्त, 2021** को शेयरधारक हैं.

साथ ही, जिन शेयरधारकों के पास कट-ऑफ तारीख को शेयर उपलब्ध हैं वे https://emeetings.kfintech.com वेबसाइट का भी अवलोकन कर सकते हैं और **“post your queries here”** पर क्लिक करके प्रश्न/शंकाओं को पोस्ट कर सकते हैं. रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान, विंडो सक्रिय हो जाएगा और **8 अगस्त, 2021 को शाम 5 बजे** बंद हो जाएगा.

13. **भौतिक धारिता का अमूर्तीकरण**

सेबी ने प्रतिभूति बाजार के प्रत्येक भागीदार को स्थायी खाता संख्या (पैन) एवं बैंक विवरण जमा करना अनिवार्य कर दिया है. सदस्य जो इलेक्ट्रोनिक रूप से शेयर रखते हैं उनसे अनुरोध है कि वह अपने पैन का विवरण अपने डिपॉज़िटरी पार्टीसिपेंट को दें. भौतिक रूप से शेयरों को रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैंक के आरटीए को अपने पैन का विवरण प्रस्तुत करें. सूचीबद्ध संस्थाओं की प्रतिभूतियों को 1 अप्रैल, 2019 से प्रभावी रूप से केवल अमूर्तीकृत रूप में हस्तांतरित किया जा सकता है. भौतिक रूप से शेयर्स को रखने वाले सभी सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि अपने रखे हुए भौतिक शेयरों से संबद्ध सभी जोखिमों को दूर करने के लिए अमूर्तीकरण रूप में बदलने पर विचार किया जाए और पोर्टफोलियों प्रबंधन की सुविधा के लिए वे अपने डिपॉजिटरी पार्टीसिपेंट से संपर्क करें, जहां वे डीमैट खाते को संचालित करते है .

14. **सूचना में प्रदर्शित कार्यवाही को इलेक्ट्रोनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से पूरा किया जाएगा और बैंक इलेक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से वोटिंग की सुविधा भी प्रदान कर रहा है:**

i. कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 (यथा संशोधित), के नियम 20, इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (“आईसीएसआई”) द्वारा साधारण बैठक पर जारी सचिवालय मानक (एसएस-2) तथा एमसीए के परिपत्रों एवं सेबी के परिपत्रों के साथ लिस्टिंग विनियमन के विनियमन 44 के प्रावधानों के अनुपालन में, बैंक सहर्ष सूचित करना चाहता है कि वार्षिक महासभा में कार्यवाही की सुविधा प्रदान करने के संबंध में अपने

सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा और वार्षिक महासभा में शामिल सदस्य बैठक के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से अपना वोट देने की सुविधा प्रदान की गई है.

ii. वोटिंग की सुविधा वार्षिक महासभा में रहेगी और इस बैठक में भाग लेने वाले शेयरधारक अपने वोटिंग अधिकारों का प्रयोग कर सकेंगे, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा अपना वोट नहीं दिया है.

iii. जिन शेयरधारकों ने वार्षिक महासभा से पहले रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा अपना वोट दे दिया है, वे भी वार्षिक महासभा में भाग ले सकते हैं, परन्तु वे दोबारा वोट नहीं कर सकेंगे.

iv. वार्षिक महासभा से पूर्व निर्धारित समयावधि के दौरान इलेक्ट्रानिक वोटिंग सिस्टम (``रिमोट ई-वोटिंग``) का प्रयोग कर शेयरधारक द्वारा वोट डालने की सुविधा एवं वार्षिक महासभा के दौरान वोटिंग की सुविधा केफिनटेक द्वारा प्रदान की जायेगी.

v. रिमोट ई-वोटिंग की अवधि **शनिवार, 7 अगस्त, 2021 (प्रातः 9.00 बजे आईएसटी)** से प्रारम्भ होकर **सोमवार, 9 अगस्त, 2021 (शाम 5.00 बजे आईएसटी)** तक रहेगी. बैंक के शेयरधारक इस अवधि के दौरान, वोटिंग के लिए कट ऑफ तारीख **बुधवार, 4 अगस्त, 2021** को भौतिक या डि-मटेरियलाइज्ड फार्म में शेयर धारण करते हों, कारोबार कार्यसूची 1, 2 एवं 3 के लिए रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा वोट कर सकते हैं. इस अवधि के बाद केफिनटेक द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को बन्द कर दिया जाएगा. शेयरधारकों द्वारा एक बार संकल्प पर वोट करने के बाद उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी.

vi. ऐसा व्यक्ति जो वार्षिक महासभा बैठक की सूचना भेज कर बैंक का सदस्य बनता है एवं कटऑफ तिथि अर्थात **बुधवार, 4 अगस्त, 2021** को शेयर धारित करता है, वह बैंक की ई-मेल investorservices@unionbankofindia.com पर शेयरधारक के प्रामाणिक साक्ष्य भेज कर या केफिनटेक evoting@kfintech.com को रिमोट ई-वोटिंग की समाप्ति से पहले अर्थात **9 अगस्त, 2021 सायं 5.00 बजे से पूर्व** लिख कर निम्नलिखित वर्णित तरीके से यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं.

vii. रिमोट ई-वोटिंग के लिए प्रक्रिया और तरीका एवं वार्षिक महासभा बैठक के दौरान ई-वोटिंग निम्नानुसार है:

सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की जानेवाली ई-वोटिंग सुविधा पर सेबी के परिपत्र दिनांक 9 दिसबर 2020 के अनुसार **डीमैट मोड** में प्रतिभूतियां रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारकों को डिपॉजिटरीज या डिपॉजिटरी सहभागी के साथ रखे गए अपने डीमैट खाते के माध्यम से मतदान करने की अनुमति है. शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि ई-वोटिंग सविुधा का उपयोग करने के लिए अपने डीमैट खातों में अपना मोबाइल नंबर तथा ई-मेल आईडी अपडेट करें.

(डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखनेवाले) वैयक्तिक शेयरधारकों डिपॉजिटरी के जरिए लॉगिन.

एनएसडीएल	सीडीएसएल
1.आईडीईएएस सुविधा के लिए उपयोगकर्ता पहले ही पंजीकृत है : I. यूआरएल : https://eservices.nsdl.com II. 'आईडीईएएस" सेक्शन में ''बेनीफिसियल ओनर" आइकॉन पर क्लिक करें. III. नए पेज पर उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड प्रविष्टि करें. सफल प्रमाणीकरण के बाद, "एक्सैस टु ई-वोटिंग" पर क्लिक करें. IV. कंपनी अथवा ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और ई-वोटिंग अवधि के दौरान आप वोट करने के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के वेबसाइट पर पहुँच जाएंगे .	**1. विद्यमान उपयोगकर्ता जिसके पास ईजी/इजीयस्ट का विकल्प है** I. यूआरएलः https://web.cdslindia.com/myeasi/home/login अथवा यूआरएलः www.cdslindia.com II. नई प्रणाली माइईजी पर क्लिक करें. III. उपयोगकर्ता आईडी एवं पासवर्ड से लॉगिन करें. IV. आगे बिना किसी प्रमाणीकरण के ई-वोटिंग पेज का विकल्प उपलब्ध हो जाएगा. V. अपना वोट करने के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें .
2. उपयोगकर्ता आईडीईएएस ई-सेवा के लिए पंजीकृत न हो I. पंजीकरण के लिए लिंक पर क्लिक करें : https://eservices.nsdl.com II. ''आईडीईएएस" के लिए ''ऑनलाइन पंजीयन" चुने III. वांछित फील्ड भर कर आगे बढ़ें. **3. उपयोगकर्ता आईडीईएएस ई-सेवा के लिए पंजीकृत न हो** I. पंजीकरण के लिए लिंक पर क्लिक करें:https://eservices.nsdl.com/SecureWeb/IdeasDirectReg.jsp II. वांछित फील्ड भर कर आगे बढ़ें. **4. एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट जाकर** I. यूआरएल:https://www.evoting.nsdl.com/ II. ``अंशधारक/सदस्य`` सेक्शन में उपलब्ध ``लॉगिन`` आइकॉन पर क्लिक करें. III. उपयोगकर्ता आईडी (अर्थात एनएसडीएल के साथ 16- अंकों का डी-मैट खाता संख्या), पासवर्ड / ओटीपी एवं प्रमाणीकरण कोड, जैसा की स्क्रीन पर दिखाई दे रहा है, प्रविष्ट करें. IV. सफल प्रमाणीकरण के बाद, आप एनएसडीएल डिपॉजिटरी साइट पर पहुँच जाएंगे जहां आप ई-वोटिंग का पेज देख सकते हैं. V. कंपनी अथवा ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और ई-वोटिंग अवधि के दौरान आप वोट करने के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के वेबसाइट पर पहुँच जाएंगे.	**2. उपयोगकर्ता ईजी/इजीयस्ट ई-सेवा के लिए पंजीकृत न हो** I. पंजीकरण का विकल्प पर लिंक उपलब्ध है https://web.cdslindia.com/myeasi/Registration/EasiRegistration II. वांछित फील्ड भर कर आगे बढ़ें. **3. सीडीएसएल की ई-वोटिंग वैबसाइट जाकर** I. यूआरएलः www.cdslindia.com II. डी-मैट खाता एवं पैन संख्या प्रदान करें. III. सिस्टम पंजीकृत मोबाइल एवं ई-मेल, जैसा डी-मैट खाते में रिकॉर्ड है, पर ओटीपी भेज कर उपयोगकर्ता को प्रमाणीकृत करेगा. IV. सफल प्रमाणीकरण के बाद, उपयोगकर्ता को संबंधित ईएसपी (ई-वोटिंग सेवा प्रदाता) के लिए लिंक उपलब्ध कराएगा जहां पर ई-वोटिंग चल रही है.

महत्वपूर्ण नोटः

सदस्य, जो अपना यूजर आईडी /पासवर्ड प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं, आपसे अनरोध है कि उल्लिखित वेबसाइट पर उपलब्ध यूजर आईडी भूल गए /पासवर्ड भूल गए के विकल्प का उपयोग करें.

डीमैट रूप में प्रतिभूतियों को रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारकों को डिपॉजिटरी अर्थात एनएसडीएल तथा सीडीएसएल के माध्यम से लॉगिन से संबंधित किसी भी तकनीकी मामले के लिए हेल्पडेस्क.

एनएसडीएल के सदस्य को किसी भी तकनीकी समस्या के लिए	सीडीएसएल के सदस्य को किसी भी तकनीकी समस्या के लिए
लॉगिन के दौरान तकनीकी समस्या का सामना कर रहे सदस्य एनएसडीएल हेल्पडेस्क पर evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज कर या 1800 1020 990 तथा 1800 22 44 30 पर सपंर्क कर सकते है.	लॉगिन के दौरान तकनीकी समस्या का सामना कर रहे सदस्य सीडीएसएल हेल्पडेस्क helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेज कर या 022- 23058738 या 022-23058542- 43 पर सपंर्क कर सकते हैं.

(डीमैट मोड में प्रतिभूतियां रखनेवाले) वैयक्तिक शेयरधारकों – डिपॉजिटरी पार्टिसीपेंट के जरिए लॉगिन.

आप ई-वोटिंग सविुधा के लिए एनएसडीएल/ सीडीएसएल के साथ पंजीकृत अपने डिपॉजिटरी सहभागी के माध्यम से अपने डीमैट खाते के लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके भी लॉगिन कर सकते हैं. एकबार लॉगिन करने पर, आप ई-वोटिंग विकल्प देख सकते हैं. ई-वोटिंग विकल्प पर क्लिक करने के उपरांत आपको सफल अधिप्रमाणन के बाद एनएसडीएल/ सीडीएसएल की वेबसाइट पर रिडायरेक्ट किया जाएगा. कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवाप्रदाता के नाम पर क्लिक करने पर आपको रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान, वोट देने के लिए ई-वोटिंग सेवाप्रदाता की वेबसाइट पर रिडायरेक्ट किया जाएगा.

भौतिक स्वरूप से धारित प्रतिभूतियों के शेयरधारकों एवं गैर-वैयक्तिक शेयरधारकों के लिए लॉगिन पद्धति

ए. ईमेल के मसौदे में प्रारंभिक पासवर्ड प्रदान किया गया है.

बी. इंटरनेट ब्राउज़र खोले और एड्रैस बार में https://evoting.kfintech.com यूआरएल टाइप करें.

सी. आपके ई-मेल आईडी में प्रेषित लॉगिन विवरण अर्थात यूज़र आईडी और पासवर्ड डालें. आपका फोलियो नं./डीपी आईडी क्लाईंट आईडी ही आपका यूज़र आईडी होगा. तथापि, यदि आपने ई-वोटिंग के लिए पहले से ही केफिनटेक में पंजीकरण कर रखा है तो वोट देने के लिए आप अपना मौजूदा यूज़र आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं.

डी. उचित तरीके से विवरण भरने के बाद, लॉगिन पर क्लिक करें.

ई. आप पासवर्ड चेंज मैन्यू में पहुंच जाएंगे जहां आपको अनिवार्य रूप से पासवर्ड बदलना पड़ेगा. नये पासवर्ड में न्यूनतम 8 कैरक्टर होने जरूरी हैं जिसमें कम से कम एक अपर केस (A-Z), एक लोअर केस (a-z), एक अंकीय मान (0-9) और एक विशेष कैरक्टर (@,#,$ आदि) होने चाहिए. यह अवश्य ध्यान रखें कि आप अपना पासवर्ड किसी से साझा न करें और अपना पासवर्ड गोपनीय रखने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतें.

एफ़. आपको नए विवरण के साथ पुनः लॉगिन करना पड़ेगा.

जी. सफलतापूर्वक लॉगिन करने के बाद, सिस्टम तुरंत आपको EVENT अर्थात यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का चयन करने के लिए निर्देशित करेगा.

एच. वोटिंग पेज पर, कट ऑफ की तारीख तक आपके पास कितने शेयर (जो आपके वोटों की संख्या दर्शाएगा) थे स्क्रीन पर प्रदर्शित हो जाएगा. यदि संकल्प के लिए आप अपने सभी वोट स्वीकृत/ अस्वीकृत में देना चाहते हैं तो यथास्थिति सभी शेयर की प्रविष्टि करें और `FOR'/'AGAINST' पर क्लिक करें या आंशिक रूप से `FOR' एवं आंशिक रूप से `AGAINST' में, लेकिन कट ऑफ तारीख तक `FOR' और/या `AGAINST' में की गई वोटों की कुल संख्या आपके कुल शेयरधारण से अधिक नहीं होनी चाहिए. आप `ABSTAIN' विकल्प का भी चयन कर सकते हैं और धारित शेयर की गणना दोनों में से किसी एक शीर्ष के अंतर्गत नहीं की जाएगी.

आई. 'SUBMIT' बटन पर क्लिक करें. एक पुष्टि बॉक्स प्रदर्शित हो जाएगा. पुष्टि हेतु 'OK' पर क्लिक करें या संशोधित करने के लिए 'CANCEL' को क्लिक करें. एक बार पुष्टि हो जाने के बाद आपको अपने वोट में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी. वोटिंग अवधि के दौरान जब तक आप पुष्टि नहीं करते कि संकल्प पर आपने वोट किया है, तब तक आप अनेक बार लॉगिन कर सकते हैं.

जे. ऐसे सदस्य जिनके विविध फोलियो/डीमेट खाते हैं प्रत्येक फोलियो/डीमेट खाते के लिए अलग से वोटिंग की प्रक्रिया का चयन कर सकते हैं.

के. कॉर्पोरेट/संस्थागत सदस्य (अर्थात वैयक्तिक के अतिरिक्त, एचयूएफ़, एनआरआई आदि) से अपेक्षित है कि सुसंगत बोर्ड संकल्प / प्राधिकृत पत्र आदि की प्रमाणित सही प्रतिलिपि की स्कैन ईमेज (पीडीएफ़/जेपीजी प्रारूप) के साथ-साथ विधिवत हस्ताक्षरित अधोहस्ताक्षरी, जो info@jmja.in ई-मेल के माध्यम से संवीक्षक को वोट देने के लिए प्राधिकृत है, का अभिप्रमाणित नमूना हस्ताक्षर प्रेषित करें और अपने लॉगिन में ई-वोटिंग मॉड्यूल में भी इसे अपलोड करें. उपर्युक्त दस्तावेजों की स्कैन प्रति का नाम `EVEN No..................' के प्रारूप में रखें.

viii. ई-वोटिंग से संबंधित मामले में किसी प्रकार की शंका या पूछताछ होने की दशा में हेल्प सेक्शन में, https:/ /evoting.Kfintech.com पर उपलबध "अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न"(एफ़एक्यू) और ई-वोटिंग मैन्युअल का संदर्भ ले सकते हैं या 1800 309 4001 (टोल फ्री) नंबर पर कॉल करें.

ix. इलेक्ट्रानिक माध्यमों द्वारा वोटिंग की सुविधा से संबंधित समस्त शिकायतों के लिए केफिनटेक में संपर्क कर सकते हैं या evoting@kfintech.com पर ई-मेल भेंजे या 1800309 4001 (टोल फ्री) नंबर पर संपर्क कर सकते हैं.

x. जिस व्यक्ति का नाम कट-ऑफ की तारीख अर्थात **बुधवार, 4 अगस्त, 2021** को शेयरहोल्डर के रजिस्टर या डिपॉजिटरीज द्वारा रखे गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वहीं व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग या वोटिंग द्वारा वार्षिक महासभा बैठक स्थल पर वोटिंग के लिए पात्र होगा.

xi. संयुक्त धारक के मामले में शेयर के प्रथम धारक को लॉगिन आईडी/यूजर आईडी एवं पासवर्ड का ब्यौरा भेजा जाएगा. तदनुसार, प्रथम धारक को प्रेषित यूजर आईडी और पासवर्ड का प्रयोग कर वोट को सभी संयुक्त धारकों की ओर से माना जाएगा क्योंकि शेयरधारक जो केफिनटेक की रिमोट ई-वोटिंग सेवाओं के माध्यम से वोट करता है, का सभी संयुक्त धारकों की ओर से प्रयुक्त किया जाएगा. प्रथम धारक को ही शेयर धारक माना जाएगा, जिसका नाम शेयरों के सापेक्ष पंजीकृत किया गया है.

xii. केवल वोट करने के पात्र शेयरधारक ही रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने वोट का प्रयोग कर सकते हैं. ऐसा व्यक्ति जिसके पास वोट करने का कोई अधिकार नहीं है उसके लिए यह नोटिस को केवल एक सूचना माना जाना चाहिए.

xiii. मेसर्स जेएमजेए एंड एसोसिएट एलएलपी, पेशेवर कंपनी सचिव की नियुक्ति जांचकर्ता के रूप में की गयी है ताकि वे सत्य एवं पारदर्शी ढंग से रिमोट की वोटिंग कार्यपद्धति की जांच कर सकें.

xiv. वार्षिक महासभा बैठक शुरु होने के बाद बैठक के अध्यक्ष द्वारा वहां उपस्थित उन्हीं शेयरधारकों को वोटिंग की अनुमति प्रदान की जाएगी, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा के द्वारा अपना वोट नहीं दिया है.

xv. जांचकर्ता द्वारा वार्षिक महासभा में वोटिंग समाप्त होने के उपरांत तथा बैठक की समाप्ति के बाद अधिकतम दो कार्यदिवसों के अंदर पक्ष और विपक्ष में पड़े कुल वोटों की समेकित रिपोर्ट बनाकर, यदि कोई हो, बैठक के अध्यक्ष या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को प्रस्तुत की जाएगी.

15. वोटिंग के परिणाम

वार्षिक महासभा बैठक के दौरान ई-वोटिंग तथा रिमोट ई-वोटिंग के समेकित परिणाम, जांचकर्ता की समेकित रिपोर्ट के साथ बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in तथा केफिनटेक की वेबसाइटः https://evoting.kfintech.com उपलब्ध करा दिया जायेगा. वोटिंग परिणाम एवं समेकित जांचकर्ता की रिपोर्ट को स्टॉक एक्सचेंज अर्थात बीएसई एवं एनएसई को प्रेषित किए जाएंगे.

16. बैठक में ई वोटिंग के लिए जांचकर्ता

ई-वोटिंग के संबंध में जैसा पहले ही इंगित किया है कि सभी कारोबार मद के लिए मेसर्स जेएमजेए एंड एसोसिएट एलएलपी, पेशेवर कंपनी सचिव, जांचकर्ता के रूप में कार्य करेंगे. वे बैठक में अन्य शेयरधारक के ई-वोटिंग के लिए भी जांचकर्ता के रुप में कार्य करेगें.

17. बैठक का परिणाम

बैंक के प्रधान कार्यालय/केंद्रीय कार्यालय में वार्षिक महासभा बैठक की तिथि से संकल्प के पक्ष में आवश्यक वोटों की संख्या की प्राप्ति के अध्यधीन संकल्प (पों) को पारित माना जाएगा.

18. रिकॉर्ड की गई ट्रांस्क्रिप्ट

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से हुई वार्षिक महासभा की कार्यवाही को बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in के निवेशक संबंध अनुभाग के अधीन यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा.

19. शेयरधारक निदेशक हेतु उम्मीदवार के लिए योग्यता

उम्मीदवार अधिनियम की धारा 9(3ए) में निर्दिष्ट पात्रता का अनुपालन करेंगे एवं योजना के खंड 10 में विनिर्दिष्ट अपात्रता से प्रभावित नहीं होंगे तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियमन, 1998 के विनियमन 65 में वर्णित शर्तों को पूरा करेंगे, जो निम्नलिखित हैं:

(ए) अधिनियम के धारा 9(3ए) के संदर्भ में, उम्मीदवार जो बैंक के शेयरधारक होने के नाते और अधिनियम की धारा 9(3)(1) के तहत बैंक के निदेशक के रूप चुने जाने की इच्छा रखता है तो

(ए) निम्नलिखित एक या एक से अधिक विषयों के संबंध में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए अर्थातः
- कृषि और ग्रामीण अर्थवयवस्था
- बैंकिंग
- सहकारिता
- अर्थशास्त्र
- वित्त
- विधि
- लघु उद्योग

- किसी अन्य विषय का विशेष ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव होना, भारतीय रिजर्व बैंक के राय में बैंक के लिए काफी उपयोगी है.

बी) जमाकर्ता के हितों का प्रतिनिधित्व करना ; या

सी) किसानों, कर्मियों और कारीगरों के हितों का प्रतिनिधित्व करना

बी) अधिनियम की धारा 9(3एए) के अनुसार, बैंक के शेयरधारक होने के नाते और बैंक के निदेशक चुने जाने की इच्छा रखने वाले उम्मीदवार को उपयुक्त एवं उचित स्थिति में होना चाहिए.

सी) इसके साथ ही, चयनित निदेशक को प्रसंविदा के विलेख को निष्पादित करना चाहिए और इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित वार्षिक घोषणाओं को प्रस्तुत करने की आवश्यकता है.

20. बैंक के निदेशक रूप में चयनित न किए जाने की अयोग्यता:

ए. राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना 1970 के खंड 10 के अनुसार, उम्मीदवार को बैंक के निदेशक के रूप में चयनित करने के लिए अपात्र घोषित किया जाएगा यदि :

ए) यदि उसे किसी समय दिवालिया घोषित किया गया हो या भुगतान निलंबित किया गया हो या ऋणदाताओं के साथ समझौता किया हो ; या

बी) यदि उसे मानसिक रूप से अस्वस्थ पाया जाए और सक्षम अदालत द्वारा इसकी घोषणा की गई हो ; या

सी) यदि उसे नैतिक अधमता जैसे अपराध के लिए दंड न्यायालय द्वारा अपराधी ठहराया गया हो; या

डी) यदि उसने भारतीय स्टेट बैंक, 1955 की धारा 3 की उप धारा (1) या या भारतीय स्टेट बैंक (सहायकी बैंकों) अधिनियम,

1959 की धारा 3 में परिभाषित किसी सहायक बैंक के अधीन गठित भारतीय स्टेट बैंक या किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के लाभ का पद ग्रहण किया हो, लेकिन पूर्णकालिक निदेशक के लाभ के पद ग्रहण, जिसमें अधिनियम की धारा 9 की उप धारा (3) के खंड (ई) और (एफ़) के तहत नामित निदेशकों और प्रबंध निदेशक के लाभ के पद शामिल को छोड़कर जिसमें बैंक के कर्मचारी हैं.

और

यदि उन्हें, भारतीय रिजर्व बैंक- की अधिसूचना डीबीओडी संख्या बी.सी. क्रमांक 46/29.39.001/2007-08 दिनांक 01 नवंबर 2007 और क्रमांक डीबीओडी.बीसी.नं.95 / 29.39.001 / 2010-11 दिनांक 23 मई 2011, पीएसबी के बोर्डों पर निर्वाचित निदेशकों के लिए "उपयुक्त एवं यथोचित" मानदंड पर आरबीआई के मास्टर निदेश जिनका उल्लेख अधिसूचना क्रमांक डीबीआर.एपीपीटी.नं: 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त 2019 में है जिन्हें रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के नं.डीबीआर.एपीपीटी.बीसी.नं.39/29.39.001/2016-17 दिनांक 24 नवंबर 2016 (बाद में "आरबीआई अधिसूचना" और यदि कोई संशोधन हो तो के रूप में संदर्भित किया गया है) के साथ पढ़ा जाए और भारत सरकार की अधिसूचना क्रमांक ए. फ.नं.16/83/2013-बीओ.ई दिनांक 3 सितंबर 2013, ए. फ.नं.16/51/2012- बीओ.ई दिनांक 28 अप्रैल 2015 और दिनांक 20 जुलाई 2016 जिन्हें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों हेतु . गैर आधिकारिक निदेशक के रूप में विचार करने के लिये 25 मार्च 2015 को सरकार द्वारा निर्धारित किये गए मानदंड (बाद में "भारत सरकार के दिशानिर्देश" और आगे यदि कोई संशोधन हो के रूप में संदर्भित) के साथ पढ़ा जाए, के अनुरूप `उपयुक्त और उचित" व्यक्ति पाया गया.

21. चुनाव में भागीदारी

केंद्र सरकार के शेयरधारकों के अलावा अन्य शेयरधारक, जिनके नाम एनएसडीएल/सीडीएसएल द्वारा शेयरधारक/हिताधिकारी स्वामी के रूप में शेयरधारकों के रजिस्टर में **12 जुलाई, 2021** को दर्ज हैं, वे निदेशकों की चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने अर्थात मनोनीत होने एवं चुनाव लड़ने के लिए पात्र होंगे.

केंद्र सरकार के शेयरधारकों के अलावा अन्य शेयरधारक, जिनके नाम एनएसडीएल/सीडीएसएल द्वारा शेयरधारक/हिताधिकारी स्वामी के रूप में शेयरधारकों के रजिस्टर में **04 अगस्त, 2021** को दर्ज हैं, वे निदेशकों की चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने अर्थात मनोनीत होने एवं वोट डालने के लिए पात्र होंगे.

22. शेयरधारकों की सूची

12 जुलाई, 2021 तक बैंक के शेयरधारकों की सूची 19 जुलाई, 2021 से 27 जुलाई, 2021 तक नामांकन के प्रस्तुतिकरण के लिये निर्धारित अंतिम तिथि अर्थात 27 जुलाई, 2021 को या उससे पूर्व बैंक के केंद्रीय कार्यालय में कंपनी सचिव, निवेशक सेवाएं विभाग, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन प्वाइंट, मुंबई- 400021, महाराष्ट्र के नाम पर अनुरोध के साथ ₹ 50,000/- [रुपए पचास हज़ार मात्र] के भुगतान पर, बिक्री के लिए उपलब्ध होगी, जिसका भुगतान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, नरीमन पॉइंट, एमएमओ शाखा को ऑनलाइन अंतरण बैंक के खाता क्र. 378901010036984 आईएफ़एससी UBIN0537896 में या ``यूनियन बैंक ऑफ इंडिया" के पक्ष में मुंबई में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से किया जा सकेगा. तथापि इच्छुक उम्मीदवार अपनी लागत पर सदस्यों के रजिस्टर की जांच भी कर सकते हैं और उसका सार भी प्राप्त कर सकते हैं. यह नोट किया जाए कि नामांकन प्रस्तुतीकरण की अंतिम तारीख **मंगलवार, 27 जुलाई, 2021 शाम 5.00 बजे** तक है.

सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के अनुसार बैंक के शेयरधारकों को दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए, जिसके लिये अंतिम तिथि 4 अगस्त, 2021 तय की गई है, वे सभी शेयरधारक जिन्होंने अपेक्षित राशि का भुगतान करके 27 जुलाई, 2021 तक बैंक के शेयरधारकों की सूची ले ली है 4 अगस्त, 2021 तक अद्यतन शेयरधारकों की सूची बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के प्राप्त कर सकते हैं.

मुंबई स्थित बैंक के निवेशक सेवाएं विभाग में 21 जुलाई, 2021 से 26 जुलाई, 2021 तक सभी कार्यदिवसों में अपराह्न 3.00 बजे से 5.00 बजे तक सदस्यों का रजिस्टर शेयर धारकों द्वारा निरीक्षण के लिये खुला रहेगा. सभी कार्यदिवसों में प्रतियोगियों को सदस्यों के रजिस्टर के किसी भी भाग का सार लेने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से या प्रासंगिक हिस्से का कंप्यूटर प्रिंट लेने के लिये वे बैंक से अनुरोध कर सकेंगे, जिसका भुगतान करने के लिये प्रति 1000 शब्द ₹ 5/- के अनुसार गणना की जाएगी.

23. नामांकन

i) नामांकन की वैधता

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियमन, 1998 के विनियमन 65 के अनुसार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना संख्या - डीबीओडी. संख्या बीसी संख्या 46/29.39.001/2007-08 दिनांक 01 नवंबर, 2007, संख्या डीबीओडी संख्या बीसी संख्या 95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23 मई, 2011 एवं अधिसूचना संख्या डीबीआर एपीपीटी संख्या: 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त, 2019 के माध्यम से जारी पीएसबी के बोर्ड में चयनित निदेशकों के लिए `उचित एवं उपयुक्त' मानदंड पर आरबीआई के मास्टर निर्देशों एवं भारत सरकार के दिशानिर्देशों एवं विभिन्न अधिनियमों, नियमों, विनियमनों एवं दिशानिर्देशों के अनुसार उम्मीदवार का निदेशक के रूप में चयन हेतु नामांकन निम्नानुसार मान्य होगा:

ए) दिनांक 12 जुलाई, 2021 को उसके पास भौतिक या इलेक्ट्रॉनिक / अमूर्तीकृत (डिमैटेरियलाइज्ड) रूप में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के न्यूनतम 100 शेयरों की धारिता हो एवं यदि उसका चयन किया गया है, तो दिनांक 10 अगस्त, 2021 तक एवं उसके बाद उसका/उसके कार्यकाल के अंत तक न्यूनतम 100 शेयरों की धारिता बनी रहे.

बी) नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक, वह बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 अथवा बैंककारी कंपनी अधिनियम (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण), 1970 अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 अथवा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियमन 1998 एवं अधिसूचना संख्या डीबीओडी संख्या बीसी संख्या 46/29.39.001/2007-08 दिनांक 1 नवंबर, 2007, संख्या डीबीओडी बीसी संख्या 95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23 मई,

2011 एवं भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना संख्या डीबीआर एपीपीटी संख्याः 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त, 2019 के माध्यम से जारी पीएसबी के बोर्ड के निदेशक के चयन के लिए `योग्य एवं उचित`` मानदंड पर आरबीआई के मास्टर निर्देश एवं भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अधीन निदेशक होने के लिए अयोग्य नहीं हो.

(सी) उनके द्वारा धारित शेयरों के संबंध में बकाया का कोई निर्देश नहीं है.

(डी) अधिनियम के तहत या उनके विधिवत गठित अटॉर्नी द्वारा निर्वाचित निदेशक के लिए कम से कम एक सौ शेयरधारकों द्वारा नामांकन लिखित रूप में हस्ताक्षरित है, बशर्ते कि शेयरधारक द्वारा एक नामांकन जो एक कंपनी है, के संकल्प द्वारा बना है बनाया जाए, उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा सत्य प्रति होने संबंधी प्रमाणित पारित संकल्प, कंपनी सचिव, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केंद्रीय कार्यालय, 239, विधान भवन में भेजा जाएगा. मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021, महाराष्ट्र राज्य, और ऐसी प्रति को कंपनी की ओर से नामांकन माना जाएगा.

(ई) शेयरधारकों द्वारा नामांकन (न्यूनतम 100) उम्मीदवार द्वारा एक घोषणा के साथ होता है, इस नोटिस में प्रस्तुत नामांकन और घोषणा के निर्दिष्ट रूपों के अनुसार, न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, एश्युरेंस का रजिस्ट्रार या उप रजिस्ट्रार या राजपत्रित अधिकारी या भारतीय रिजर्व बैंक या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का एक अधिकारी के समक्ष उम्मीदवार द्वारा विधिवत हस्ताक्षर किया जाता हैं कि वह नामांकन स्वीकार करता है और चुनाव के लिए तैयार है और बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 या बैंकिंग कंपनियों (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम , 1970 या राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 या यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर और बैठकें) विनियम 1998 के तहत वह निदेशक होने के नाते अयोग्य नहीं है और ये नमूना प्ररूपों एवं इस सूचना में नामांकित और घोषणा के अनुसार हैं.

(एफ) नामांकन प्रपत्र और घोषणा पत्र निर्धारित विनियमों और संलग्न प्रोफॉर्मा के अनुसार है (प्रोफॉर्मा बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर भी उपलब्ध है. ई-मेल आईडी investorservices@unionbankofindia.com हैं.

ii) नामांकन फार्म जमा करना

निदेशकों के लिए चुनाव लड़ने और उपरोक्त शर्तों के अनुसार योग्य होने पर इच्छुक शेयरधारकों को निम्नलिखित प्रस्तुत करना है

(ए) विनियमों के तहत निर्धारित और घोषित (डी) (ई) (एफ) के अनुसार उम्मीदवार की ओर से न्यूनतम 100 शेयरधारकों का नामांकन एक साथ, संबंधित दस्तावेजों के साथ, सम्पूर्ण रूप से पूर्ण, कार्यदिवस पर बैठक की तारीख के कम से कम 14 दिन पहले, अर्थात **मंगलवार, 27 जुलाई, 2021 शाम 5.00 बजे तक या उससे पहले** कंपनी सचिव, निवेशक सेवा विभाग, बैंक के केंद्रीय कार्यालय, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021, महाराष्ट्र राज्य में एक अलग सीलबंद लिफाफे में दिया जाए.

(बी) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रोफॉर्मा के अनुसार उपयुक्त एवं उचित स्थिति जानने के लिए एक व्यक्तिगत सूचना, घोषणा और वचनपत्र (पीडीयू फॉर्म), बैंक के केंद्रीय कार्यालय कार्यालय, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021, महाराष्ट्र राज्य में कंपनी सचिव, निवेशक सेवा विभाग को संबोधित एक अलग सीलबंद लिफाफे में, संबंधित दस्तावेजों को एक साथ, सम्पूर्ण रूप से पूर्ण, कार्यदिवस पर बैठक की तारीख के कम से कम 14 दिन पहले, अर्थात **मंगलवार, 27 जुलाई, 2021 शाम 5.00 बजे तक या उससे पहले** अर्थात नामांकन की प्राप्ति की अंतिम तिथि से पर्याप्त पहले भेजा जाए ताकि बैंक के निदेशक मंडल की नामांकन समिति/ निदेशक मंडल सक्षम रूप से भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना के अनुसार एवं सूचना में उल्लिखित विवरण भारत सरकार के दिशानिर्देश के अनुसार उपयुक्त एवं उचित स्थिति का पता लगा सके .

iii) उम्मीदवारी वापस लेना.

यदि कोई प्रतिभागी अपनी उम्मीदवारी वापस लेना चाहता है तो वह बैंक की कार्यावधि अर्थात **मंगलवार, दिनांक 3 अगस्त, 2021 को शाम 5.00 बजे तक या उससे पूर्व** कभी भी बैंक के कंपनी सचिव, निदेशक सेवाएं प्रभाग, यूनियन बैंक भवन, 239 विधान भवन मार्ग, नरीमन प्वाइंट, मुंबई 400 021 के पते पर पत्र प्रेषित कर investorservices@unionbankofindia.com पर हस्ताक्षरित व स्कैन किए हुए पत्र को भेजकर ऐसा कर सकता है.

24. निदेशकों की जांच एवं चुनाव

ए) बैंक द्वारा प्रथम कार्यदिवस अर्थात **बुधवार, 28 जुलाई, 2021** को नामांकन की जांच की जाएगी तथा अंतिम दिन नामांकन की प्राप्ति के लिए तय की जाएगी और यदि कोई नामांकन अवैध पाया जाता है तो उसके अवैध होने के कारणों को रिकॉर्ड कर नामांकन निरस्त किया जाएगा.

बी) भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों एवं भारत सरकार के दिशानिर्देशों के क्रम में वैध नामांकनों की जांच बोर्ड की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी)/ निदेशकों के बोर्ड, जैसा भी मामला हो के अधीन होगा. जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक एवं भारत सरकार के दिशानिर्देशों द्वारा लगाये गये प्रतिबंध एक समान प्रकृति के हैं, इसलिए बैंक इन दोनों में से अभ्यर्थी के योग्य एवं उचित स्थिति को देखते हुये इन दोनों में कड़े कदम का निर्धारण कर सकती है.

सी) बैंक नामांकन की समीक्षा के समय या एनआरसी/निदेशक मण्डल की सलाह के अनुसार उम्मीदवारों से गठन/दस्तावेजों की मांग कर सकते हैं.

डी) व्यक्तिगत सूचना, घोषणा एवं वचनपत्र (पीडीयू फॉर्म), बोर्ड/ निदेशक मंडल की नामांकन समिति की `योग्य एवं उचित' दिशानिर्देशों दिनांक 1 नवंबर, 2007, 23 मई, 2011 एवं 24 नवंबर, 2016 एवं भारतीय रिजर्व बैंक के पीएसबी के निदेशक मंडलों के निदेशक चुनने संबंधी `योग्य एवं उचित' दृष्टिकोण जिन्हें भारतीय रिजर्व बैंक एवं संबंधित भारत सरकार के दिशानिर्देशों द्वारा अधिसूचना क्र. डीबीआर. एपीपीटी.नं.9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त 2019 द्वारा जारी किया गया है, के द्वारा की जानेवाली समुचित सावधानी जांच के अधीन होगा.

ई) यदि चुनाव में भाग लेने के लिए रिक्तियों में केवल एक नामांकन वैध है, तो उम्मीदवारों के नाम और पता समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे एवं चुनाव आयोजित किए जाएंगे और उम्मीदवार बहुमत

वाले वोटों का मतदान करेंगे यानि बैठक में ई-वोटिंग और मतदान के कुल निर्वाचित समझे जाएंगे और उनके/उनकी नाम की घोषणा की जाएगी एवं समाचार पत्र में भी प्रकाशित किए जाएंगे. ऐसी स्थिति में वार्षिक महासभा बैठक का मद क्र. 3 बैठक में नहीं रखा जाएगा.

एफ़) चुनाव आयोजित किए जाने की स्थिति में, यदि एक से अधिक वैध नामांकन हो, तो जो उम्मीदवार चुनाव में अधिकांश मत प्राप्त करते हैं, उन्हें चुना गया माना जाएगा और उनका नाम समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा.

24. ए निदेशकों का कार्यकाल

वर्तमान रिक्ति को भरने के लिए चयनित निदेशक द्वारा 29 जुलाई, 2021 से कार्यभार ग्रहण माना जाएगा (यदि संविक्षा के उपरांत केवल एक वैध उम्मीदवार पाया जाता है). यदि संविक्षा के उपरांत एक से अधिक उम्मीदवार के नामांकन वैध पाये जाते हैं तो, एक निदेशक की रिक्ति को बैठक की तिथि को ही भरा जाएगा एवं नए निदेशक 11 अगस्त, 2021 से कार्यभार ग्रहण करेंगे.

योजना के उपवाक्य 9(4) एवं भारतीय रिजर्व बैंक के मास्टर अनुदेशों के अनुसार, एक चयनित निदेशक तीन साल के लिए पद धारण करेंगे और पुनः निर्वाचन के लिए पात्र होंगे, बशर्ते कि कोई भी निदेशक किसी भी श्रेणी के अंतर्गत छः वर्ष से अधिक की अवधि के लिए लगातार या रुक-रुक कर पद धारण नहीं करेंगे.

24. बी निदेशक का निष्कासन

शेयरधारकों का ध्यान अधिनियम की धारा 9(3बी) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके तहत भारतीय रिजर्व बैंक को उक्त अधिनियम की धारा 9(3) (i) के अधीन चयनित निदेशक, जो उक्त अधिनियम की धारा 9(3ए) एवं की धारा 9(3एए) की अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है, को निष्कासित/पदच्युत करने का अधिकार है.

24. सी निर्वाचन विवाद

इस संबंध में, विवाद, यदि हो, तो उनका समाधान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियमन, 1998 के विनियमन 67 के अनुसार किया जाएगा.

व्याख्यात्मक विवरण

मद क्रमांक 2:

पूंजी की उगाही

बैंक का कारोबार बैंकिंग एवं उससे संबद्ध सेवा गतिविधियों से हैं. वर्तमान में, बैंक की प्राधिकृत पूंजी रु.10000 करोड़ हैं. 31 मार्च, 2021 को बैंक की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी रु. 6406.84 करोड़ थीं. क्यूआईपी जारी करने करने के पश्चात, बैंक की प्रदत्त पूंजी 21.05.2021 को बढ़कर रु. 6834.74 करोड़ हो गयी.

क्यूआईपी के पश्चात, बैंक में भारत सरकार की शेयरधारिता बैंक की कुल प्रदत्त पूंजी का 83.49% है. यथा 31 मार्च, 2021 जोखिम भारित आस्तियों की पूंजीगत निधि निम्नानुसार हैं:

पूंजी पर्याप्तता अनुपात - बासल III (रु. करोड़ में)

पैरामीटर	31 मार्च, 2021 आरबीआई न्यूनतम बेंचमार्क	31 मार्च, 2021	31 मार्च, 2020 (समामेलन पूर्व)
कुल जोखिम भारित आस्तियां	लागू नहीं	5,51,521	2,94,984
कुल पूंजीगत निधि		69,262	37,790
सीईटी 1 पूंजी		50,001	27,714
टियर 1 पूंजी		57,090	31,714
सीआरएआर (%)	10.875	12.56	12.81
सीईटी 1 (%)	7.375	9.07	9.40
टियर 1 (%)	8.875	10.35	10.75
टियर (%)	लागू नहीं	2.21	2.06

नोटः आरबीआई न्यूनतम बेंचमार्क में 1.875 प्रतिशत सीसीबी (पूंजी संरक्षण बफर) सहित (सीआरएआर, सीईटी 1 एयूआर टियर 1) शामिल है. टियर II अनुपात के लिए कोई न्यूनतम नहीं है.

कारोबार आस्तियों की बढ़ोत्तरी हेतु बासल III दिशानिर्देशों के अधीन पूंजी को बनाए रखने एवं नियंत्रित अनुपात अपेक्षाओं की प्राप्ति हेतु विकास अनुमानों के आधार पर आपके निदेशकों ने **रु. 3,500 करोड़ (रूपये तीन हजार पाँच सौ करोड़ मात्र)** की पूंजी जुटाने का फैसला किया है.

लक्षित कारोबार वृद्धि के विकास एवं उसकी प्राप्ति और सामान्य उधारी के उद्देश्य हेतु विनियामक अनुपालन एवं अतिरिक्त पूंजीगत निधियों की आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार द्वारा पूंजी प्रदान किए जाने के साथ-साथ बैंक द्वारा इक्विटी पूंजी जुटाने के विकल्पों जैसे सार्वजनिक निर्गम (फॉलो-ऑन-पब्लिक इश्यू) और/या राइट इश्यू और/या पात्र संस्थागत नियोजन सहित निजी नियोजन और/या भारत सरकार को अधिमानित आबंटन तथा/या अन्य नियामक प्राधिकरणों और सेबी आईसीडीआर विनियमों के प्रावधानों के अधीन अन्य किसी माध्यम से किया जा सकता है. बढ़ी हुई पूंजी का प्रयोग बैंक के सामान्य कारोबारी उद्देश्य के लिए किया जाएगा.

यदि क्यूआईपी के द्वारा प्रतिभूतियों को जारी किया जाना है तो भारतीय प्रतिभूति एवं विनियमन बोर्ड (पूंजी का निर्गम एवं आवश्यक प्रकटीकरण) विनियमन 2018 के अध्याय VI के अनुरूप किया जाएगा.

सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 का विनियमन 41(4) के अनुसार यदि बैंक द्वारा पुनः कोई निर्गम या ऑफर जारी किया जाता है तो वर्तमान शेयरधारकों को समानुपातिक आधार पर इन्हें ऑफर किया जाएगा, यदि सामान्य बैठक में शेयरधारकों ने अन्यथा निर्णय न लिया हो. उक्त प्रस्ताव के पारित होने की स्थिति में यह बैंक की ओर से बैंक के निदेशक मंडल को अन्यथा न होने की स्थिति में वर्तमान शेयरधारकों को समानुपातिक आधार पर शेयर जारी एवं आबंटित करने के लिए अनुमति देगा.

अतः उपर्युक्त कारणों के लिए, एक संकल्प पारित करना प्रस्तावित हैं ताकि बोर्ड पर्याप्त लचीलापन और विवेक से निर्गम को अद्यतन कर सकें.

वर्तमान संकल्प प्रस्तावित है ताकि बैंक का निदेशक मण्डल उचित समय, माध्यम, प्रीमियम एवं अन्य शर्तों पर इक्विटी शेयर जारी कर सकें. एक बार प्रस्तावित संकल्प पारित हो जाने पर, इसी तर्ज पर पूर्व में बैंक के शेयरधारकों द्वारा दिनांक 30 दिसम्बर, 2020 को आयोजित वार्षिक महासभा बैठक में पारित संकल्प का, यह अधिक्रमण करेगा.

विशेष संकल्प के अनुरूप प्रस्तावित इक्विटी शेयरों को लागू सभी विधिक

प्रावधानों के अनुरूप जारी किया जाएगा.

आपके निदेशक गण इस कार्यसूची की नोटिस में उल्लिखित विशेष संकल्प को पारित करने की संस्तुति करते हैं.

बैंक के कोई भी निदेशक, मुख्य प्रबंधकीय व्यक्ति एवं उनके रिश्तेदारों को शेयरधारिता तक, यदि कोई हो, उपर्युक्त संकल्प (पों) से सम्बद्ध और इच्छुक माना जाएगा.

मद क्रमांक 3: एक निदेशक का निर्वाचन

पात्र संस्थागत प्लेसमेंट के तहत जारी करने पर दिनांक 21.05.2021 को बैंक द्वारा शेयरों के आबंटन को पूरा करने एक पश्चात वर्तमान में भारत सरकार के अलावा शेयरधारकों द्वारा बैंक का 16.51% शेयर कैपिटल धारित किया गया है. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(i) के तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बोर्ड में बैंक के निदेशक के रूप में बैंक के शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकतम दो निदेशकों (केंद्र सरकार के अलावा) के लिए पात्र हैं.

वर्तमान में, बैंक के बोर्ड में केवल एक शेयरधारक निदेशक हैं एवं उक्त अधिनियम के अनुसार, उक्त रिक्ति को भरने के लिए शेयरधारकों द्वारा केंद्र सरकार के निदेशक के अलावा एक और निदेशक का चयन किए जाने की आवश्यकता है.

तदनुसार बैंक के शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक निदेशक के चुनाव के लिए आवश्यक प्रस्ताव पारित करने हेतु एजीएम के नोटिस में कार्यसूची की एक मद शामिल की गई है.

अतः शेयरधारक (केंद्र सरकार के अलावा) विभिन्न एवं प्रासंगिक अधिनियम/योजना/विनियम/अधिसूचना / आरबीआई के मास्टर अनुदेशों में उल्लिखित विस्तृत प्रक्रिया के अनुसार, जिसके संबंधित भागों को यहाँ इंगित किया गया है, अपना नामांकन भेजने के पात्र हैं. एक निदेशक का चयन या तो नामांकन की संवीक्षा के उपरांत किया जाएगा (यदि वैध नामांकन रिक्त पदों के बराबर हों) या फिर दिनांक 10 अगस्त, 2021 के चुनाव में, यदि अधिक प्रतियोगियों को बोर्ड की नामांकन समिति/बैंक के निदेशक बोर्ड द्वारा, जैसा भी मामला हो, सक्षम और उचित पाया जाता है तो उसका चयन किया जाएगा और वह पद ग्रहण करेगा. इस चुनाव के उपरांत उच्चतम मत प्राप्ति के आधार पर दिनांक 11 अगस्त, 2021 को वे कार्यभार ग्रहण करेंगे एवं कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 3 वर्षों की अवधि तक पदासीन रहेंगे.

1. कानूनी प्रावधान

अधिनियम/योजना/विनियमन/ अधिसूचना	प्रावधान	संक्षिप्त विवरण
पूंजी पर्याप्ता अनुपात - बासल III (रु. करोड़ में)	धारा 5 (एनई)	• सारभूत हित
	धारा 16 (1)	• सामान्य निदेशकों को निषेध
	धारा 20	• किसी निदेशक को या उसकी ओर से कोई ऋण या अग्रिम दिये जाने पर प्रतिबंध
	धारा 51	• नए समनुरूपी बैंक के अधिनियम की कुछ धाराओं की प्रयोज्यता.
बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन व अंतरण) अधिनियम, 1970	धारा 3 (2ई)	• मतदान अधिकार पर प्रतिबंध
	धारा 9(3)(i)	• शेयरधारकों द्वारा चुने जाने वाले निदेशकों की संख्या
	धारा 9 (3ए) (ए) से (सी) तक, धारा 9(3एए)	• कुछ क्षेत्रों में विशेष ज्ञान • कोई व्यक्ति निदेशक चुने जाने के लिये उस समय तक योग्य नहीं होगा यदि वह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित ट्रैक रिकार्ड, ईमानदारी और अन्य ऐसे मानदंडो पर खरा (योग्य एवं उपयुक्त) नहीं उतरता.
	धारा 9 (3बी)	• धारा 9 (3ए) व धारा 9 (3 एए) की अपेक्षाओं को पूरा न करने वाले चुने गए निदेशकों को हटाने का भारतीय रिजर्व बैंक का अधिकार.
	धारा 13(2)	• गोपनियता व निष्ठा का दायित्व
राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970	खंड 9(4)	• चुने गये निदेशकों का कार्यकाल
	खंड 10	• बैंक के निदेशक चुने जाने की अपात्रताएं
	खंड 11	• कार्यालय का निदेशक पद खाली होना
	खंड 11ए	• चुने गये निदेशक को हटाया जाना
	खंड 11बी	• चुने गये निदेशक का रिक्त पद भरा जाना
	खंड 12(8)	• अपने हित वाली कतिपय व्यवस्थाओं में निदेशकों के अपने हितों का प्रकटन.
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर व बैठक) विनियम, 1998	विनियमन 10	• सयुंक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग
	विनियमन 61	• आम बैठक में वोट डालना
	विनियमन 61ए	• मतदान पर संवीक्षक
	विनियमन 61बी	• मतदान और उसके परिणाम के तरीके
	विनियमन 63	• आम बैठक में चुने जाने वाले निदेशक
	विनियमन 64	• शेयरधारकों की सूची
	विनियमन 65	• चुनाव के लिये उम्मीदवारों का नामांकन
	विनियमन 66	• नामांकन की जांच
	विनियमन 67	• चुनावी विवाद
	विनियमन 68	• वोट देने के अधिकारों का निर्धारण
	विनियमन 69	• विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा मतदान
	विनियमन 70	• परोक्षी

आरबीआई अधिसूचना क्रमांकः डीबीओडी नं. बीसी नं. 46/29.39001/2007-08, दिनांक 01 नवंबर 2007 एवं नं. डीबीओडी नं. बीसी नं. 95/29.39.001/2010-11, दिनांक 23 मई 2011 एवं नं. डीबीआर.एपीपीटी. बीसी. नं. 39/29.39.001/2016-17, दिनांक 24 नवंबर 2016 एवं आरबीआई मास्टर अनुदेश पीएसबी के बोर्ड में निदेशकों के चयन हेतु "फिट एवं उचित" मानदंडों को अधिसूचना क्रमांक डीबीआर. एपीपीटी. नं. 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 02 अगस्त 2019 के माध्यम से जारी किया गया है.	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3ए) और धारा 9 (3ए बी) के अनुसार.	राष्ट्रीयकृत बैंकों के बोर्ड हेतु चुने गये निदेशकों के लिये योग्य एवं उपयुक्त का मानदंड
वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय एवं भारत सरकार द्वारा बैंक के बोर्ड में नामित सरकारी निदेशक के माध्यम से जारी कार्यालय ज्ञापन संदर्भ क्रमांक एफ़.नं. 16/83/2013-बीओआई, दिनांक 03 सितंबर 2013 एवं संदर्भ क्रमांक एफ़ नं. 16/51/2012-बीओआई, दिनांक 28 अप्रैल 2015 एवं दिनांक 20 जुलाई 2016 के माध्यम से पब्लिक सैक्टर बैंकों में गैर सरकारी निदेशकों की नियुक्ति के लिए मानदंडों को भारत सरकार के दिशानिर्देशों को 25 मार्च 2015 को जारी किया गया है (इसके बाद भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के रूप में संदर्भित किया जाता है और यदि कोई संशोधन किया जाता है)		बैंक के बोर्ड में निदेशक के रूप में अपने कर्तव्यों का वृहत पारदर्शिता के साथ एवं सार्वजनिक हित में निर्वहन करने हेतु शेयरधारक निदेशक के चयन के लिए. इस संदर्भ में अंशकालिक, गैर आधिकारिक निदेशक की नियुक्ति के संबंध में 1 जून 2011 के दिशानिर्देशों एवं उसके बाद के वर्णित संशोधनों को उम्मीदवारों के उपयुक्त एवं उचित स्थिति का निर्धारण में ध्यान रखा जाना चाहिए.
भारतीय रिजर्व बैंक मास्टर परिपत्र दिनांक 01 जुलाई, 2015.		निदेशकों के संबंधियों को ऋण व अग्रिम देना
सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन, 2015		स्वतंत्र निदेशक से संबन्धित प्रावधान

2. भारत सरकार की दिनांक 25 जनवरी, 2021 की अधिसूचना

भारत सरकार ने अधिसूचना दिनांक 25 जनवरी, 2021 के माध्यम से राष्ट्रीयकृत बैंकों (प्रबंधन एवं विविध प्रावधानों) योजना, 1970 में विशेष प्रावधान (खंड 14ए) को शामिल कर संशोधित किया है, जो कहता है: चूंकि राष्ट्रीयकृत बैंक को जहां किसी कार्य या कार्रवाई को करने हेतु किसी कानून की आवश्यकता होती है तथा ऐसा करने के लिए प्रतिभूति धारकों की शिकायतों के समाधान, या कोई नियुक्ति, बैंक के निदेशक मण्डल की किसी समिति के अनुमोदन या समीक्षा की आवश्यकता है साथ ही बैंक संतुष्ट हो कि किसी रिक्ति के रहने की वजह से या सदस्य की पुनरावृत्ति होने से कोरम पूरा न होने की स्थिति न हो, तो निदेशक मण्डल ऐसा कार्य या कार्रवाई कर सकता है.

उपरोक्त के संदर्भ में, राष्ट्रीयकृत बैंक के निदेशक मंडल को कोई भी कार्य या कार्रवाई करने के लिए, या सुरक्षा धारकों की शिकायतों के समाधान हेतु, या किसी भी नियुक्ति, अनुमोदन या समीक्षा के संबंध में, ऐसा करने के लिए बोर्ड की समिति की शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकार है, जिसे इसे कानून द्वारा करने की आवश्यकता है बशर्ते बोर्ड इस बात से संतुष्ट हो कि किसी रिक्ति के रहने की वजह से या सदस्य की पुनरावृत्ति होने से कोरम पूरा न होने की स्थिति न हो.

3. दिनांक 25 मार्च, 2015 और 8 जुलाई, 2016 को जारी भारत सरकार के दिशानिर्देश

जैसा कि भारत सरकार के 3 सितंबर, 2013 के पत्र के दिशा-निर्देशानुसार सरकार द्वारा सलाह दी गई है, नामांकन और पारिश्रमिक समिति बोर्ड शेयरधारक निदेशक की उपयुक्त और उचित स्थिति निर्धारित करते समय, गैर सरकारी निदेशकों (एनओडी) की नियुक्ति के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों को ध्यान में रखेगी. भारत सरकार ने दिनांक 28 अप्रैल, 2015 और 20 जुलाई, 2016 को दिए गए उनके पत्रों के द्वारा 25 मार्च, 2015 एवं 8 जुलाई, 2016 को यथासंशोधित, को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को संशोधित दिशा-निर्देश जारी किया है, जिसका सार निम्नानुसार है:

ए) सामान्य

i. संबंधित अधिनियम/ नियमों के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए नामांकन किया जाएगा.

ii. औपचारिक योग्यता और विशेषज्ञता, ट्रैक रेकॉर्ड, विश्वसनीयता आदि के संबंध नामितियों की उपयुक्तता का आकलन किया जा सकता है. विश्वसनीयता और उपयुक्तता तक पहुँचने के लिए, आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी, वित्तीय स्थिति, व्यक्तिगत ऋण की विश्वसनीयता के लिए सिविल कार्रवाई, पेशेवर निकायों से प्रवेश निषेध या निष्कासन, नियामकों और इस तरह के निकायों द्वारा लागू प्रतिबंधों और पिछली संदिग्ध व्यवसाय प्रथाओं आदि के आधार पर किया जाएगा.

बी) अनुभव

i. कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, बैंकिंग, सहकारिता, अर्थशास्त्र, व्यवसाय प्रबंधन, मानव संसाधन, वित्त, कॉर्पोरेट कानून, जोखिम प्रबंधन, उद्योग और आईटी के क्षेत्र में विशेष शैक्षणिक प्रशिक्षण या व्यावहारिक अनुभव वाले व्यक्तियों पर विचार किया जाएगा. एक वरिष्ठ पद पर 20 साल के उद्योग का अनुभव, संबंधित क्षेत्रों (एक प्रतिष्ठित संगठन का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया, एक असफल संगठन में परिवर्तन लाया) में स्थापित विशेषज्ञता को प्राथमिकता दी जाएगी.

ii. संयुक्त सचिव और उससे ऊपर के स्तर पर न्यूनतम 10 वर्षों का अनुभव और कुल 20 वर्षों का अनुभव के साथ सेवानिवृत्त वरिष्ठ सरकारी अधिकारी. सेवानिवृति के एक साल बाद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से सेवानिवृत अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक/ कार्यकारी निदेशक. पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/कार्यपालक निदेशक को उस पीएसबी के निदेशक मण्डल में नियुक्त नहीं किया जाएगा, जिससे वे सेवानिवृत्त हुए हैं. सेवारत अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक/ कार्यपालक निदेशक को सार्वजनिक क्षेत्र के किसी बैंक के बोर्ड में एनओडी के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा.

iii. प्रीमियर मैनेजमेंट बैंकिंग इंस्टीट्यूट के ``शिक्षाविद" निदेशक और 20 साल से अधिक का अनुभव रखने वाले प्रोफेसर.

iv. 20 साल के अनुभव वाले सनदी लेखाकार (ऑडिट के अनुभव को छोडकर) को भी प्राथमिकता दी जाएगी.

v. हालांकि, योग्यता के आधार पर वार्षिक मामलों में वित्त मंत्री की मंजूरी से अनुभव मानदंड में ढील दी जा सकती है.

vi. जहां तक संभव हो महिलाओं और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय से संबंधित व्यक्तियों को भी प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है.

सी) शिक्षा

एक एनओडी को व्यवसाय प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, वित्त, मानव संसाधन और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) में विशेषज्ञता के साथ किसी भी स्ट्रीम में कम से कम स्नातक होना चाहिए.

डी) उम्र

सर्च समिति द्वारा अनुशंसा की तारीख तक निदेशक की आयु 67 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

ई) कार्यानुभव

पेशेवरों/ शिक्षाविदों को समान्यतः अपने विशेष क्षेत्र में 20 साल का कार्यानुभव होना चाहिए.

एफ़) अयोग्यता

i. किसी बैंक/ वित्तीय संस्थान/ भारतीय रिज़र्व बैंक/ बीमा कंपनी पर पहले से ही कार्यरत एक निदेशक का किसी भी श्रेणी के तहत अन्य बैंक/ वित्तीय संस्थान/ भारतीय रिज़र्व बैंक/ बीमा कंपनी में एनओडी के नामांकन के लिए विचार नहीं किया जाएगा.

ii. किराया खरीद, वित्तपोषण निवेश, पट्टे और अन्य पैरा बैंकिंग गतिविधियों, एमपी, एमएलए, एमएलसी और स्टॉक ब्रोकर से जुड़े व्यक्तियों को बैंक/ वित्तीय संस्थान/ भारतीय रिज़र्व बैंक/ बीमा कंपनी के बोर्ड में गैर-आधिकारिक निदेशक के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा. किराया खरीद, वित्तपोषण निवेश, पट्टे और अन्य पैरा बैंकिंग गतिविधियों में निवेश करने वालों को एनओडी के रूप में नियुक्ति के लिए अयोग्य नहीं ठहराया जाएगा, यदि वे ऐसी कंपनियों में कोई प्रबंधकीय नियंत्रण नहीं रखते हैं.

iii. किसी भी व्यक्ति को उस बैंक/ वित्तीय संस्थान/ भारतीय रिज़र्व बैंक/ बीमा कंपनी के बोर्ड में एनओडी के रूप में फिर से नामांकित नहीं किया जा सकता है, जिस पर उसने किसी भी श्रेणी के तहत पूर्व में निदेशक के रूप में दो कार्यकाल या 6 साल, जो भी अधिक हो, के लिए सेवा की हो.

iv. यदि कोई सनदी लेखाकार फर्म वर्तमान में किसी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक में वैधानिक केंद्रीय लेखा परीक्षक के रूप में कार्य कर रही है, तो उसी चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म का कोई भी भागीदार किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में एनओडी के रुप में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा.

v. यदि कोई चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म वर्तमान में एक सांविधिक शाखा लेखा परीक्षक या समवर्ती लेखा परीक्षक के रूप में एक राष्ट्रीयकृत बैंक में कार्य कर रही है, तो उस चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म का कोई भी भागीदार उसी बैंक में एनओडी के रुप में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा.

जी) कार्यकाल

एनओडी का बैंक/ वित्तीय संस्थान/ भारतीय रिज़र्व बैंक/ बीमा कंपनी के बोर्ड में निदेशक के रूप में नामांकन के लिए विचार नहीं किया जाएगा यदि ऐसा निदेशक पहले से ही किसी अन्य बैंक/ वित्तीय संस्थान/ भारतीय रिज़र्व बैंक/ बीमा कंपनी के बोर्ड में 6 वर्षों से अधिक के लिए एनओडी शेयरधारक निदेशक हो, चाहे वह लगातार या विभिन्न अंतराल पर हो.

एच) पेशेवर प्रतिबंध

राष्ट्रीयकृत बैंक योजना, 1970 की धारा 10 (डी) के तहत किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक में लाभकारी के पद के सापेक्ष व्यावसायिक प्रतिबंधों के मुद्दे की अलग से जांच की जा सकती है.

आई) क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के बोर्ड पर देश के सभी 6 अंचलों - उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, मध्य और उत्तर-पूर्व का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाना चाहिए.

अधिनियम/योजना/ विनियमन/ अधिसूचना/ का सार

शेयरधारकों की सुविधा के लिए बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, बैंकिंग कंपनी (अधिग्रहण और उपक्रम का हस्तांतरण) अधिनियम 1970, (इसके बाद इसे अधिनियम के रूप में संदर्भित) और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना 1970 (इसके बाद से "योजना" के रूप में संदर्भित) एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियमन, 1998 (इसके बाद से ``विनियमन"के रूप में संदर्भित) के साथ ही अधिसूचना क्र. डीबीआर.एपीपीटी.नं:9/ 29.67.001/ 2019-20 दिनांक 2 अगस्त 2019, अधिसूचना क्र. डीबीओडी.बीसी. नं.46/ 29.39.001/ 2007-08 दिनांक 01 नवम्बर 2007, क्र.डीबीओडी.बीसी.नं.95/ 29.39.001/ 2010-11 दिनांक 23 मई, 2011 एवं क्र. डीबीआर.एपीपीटी.बीसी.नं.39/ 29.39.001/ 2016-17 दिनांक 24 नवम्बर 2016 के माध्यम से जारी पीएसबी के बोर्ड पर निदेशकों के चुनाव के लिए `उपयुक्त एवं उचित' मानदंड पर **भारतीय रिजर्व बैंक मास्टर दिशानिर्देश** एवं भारत सरकार की कार्यालय ज्ञापन संदर्भ क्र. एफ़.नं.16/ 83/ 2013-बीओआई दिनांक 3 सितम्बर 2013 के साथ पढ़े जाने वाले 25 मार्च 2015 को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के गैर आधिकारिक निदेशक पर विचार करने हेतु सरकार द्वारा निर्दिष्ट दिशानिदेश एवं इसके पश्चात भारत सरकार द्वारा जारी बैंक के वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर पोस्ट किए गए दिशानिर्देश हैं.

ऐसे संक्षिप्त को बैंक के प्रधान कार्यालय में कंपनी सचिव, निवेशक सेवाएँ विभाग, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021 महाराष्ट्र राज्य को या investorservices@unionbankofindia.com पर ई-मेल के द्वारा भी संबोधित निवेदन की प्राप्ति पर इच्छुक अभ्यर्थियों को नामांकन फॉर्म को जमा करने की निर्धारित की गई अंतिम तिथि यथा **मंगलवार, 27 जुलाई, 2021** को या उससे पहले प्राप्त होने पर मेल भी किया जाएगा.

निदेशकों की रुचि

बैंक के निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्तियों और उनके रिशतेदारों में से किसी को भी उनके शेयरहोल्डिंग और उनके योग्य मौजूदा शेयरधारकों के निदेशकों को छोड़कर कारोबार के उपरोक्त मद में हितबद्ध या उससे संबंधित नहीं माना जाएगा.

निदेशक मण्डल के आदेश से
कृते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

Mangesh Mandrekar

(मंगेश मांद्रेकर)
कंपनी सचिव

स्थान: मुंबई
दिनांक: 05.07.2021

निदेशकों की रिपोर्ट

प्रिय शेयरधारकों,

निदेशक मंडल को वित्त वर्ष 2020-21 का `लेखापरीक्षित तुलनपत्र', `लाभ एवं हानि खाता', `नकदी-प्रवाह विवरण', और `प्रबंधकीय परिचर्चा एवं विश्लेषण' पर रिपोर्ट सहित आपके बैंक की 102 वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है. `कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट' एवं `कारोबारी दायित्व रिपोर्ट' भी वार्षिक रिपोर्ट 2020-21 का एक भाग है.

1. प्रमुख बातें:

1.1 वर्ष 2020-21 कोविड-19 महामारी से प्रभावित रहा जिसके परिणामस्वरूप वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट दर्ज की गई और वैश्विक वित्तीय संकट उत्पन्न हुआ. लॉकडाउन और सामाजिक दूरी के मानदंडों से वैश्विक अर्थव्यवस्था को पहले ही स्थिर कर रखा था. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की नवीनतम वर्ल्ड इकनॉमिक आउटलूक के अनुसार वर्ष 2020 में वैश्विक उत्पादन में 3.3 % के संकुचन का अनुमान लगाया गया है.

1.2 सरकारों एवं केन्द्रीय बैंकों ने पूरे विश्व में अपनी अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए कई नीतिगत उपाय किए जैसे प्रमुख दरों में कमी करना, आसान गुणात्मक उपाय, ऋण गारंटी, नकदी अंतरण एवं राजस्व बढ़ाने के उपाय. 2021 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 6 % की वृद्धि एवं 2022 में 4.4 % की कमी का अनुमान है. विकसित अर्थव्यवस्थाओं में, संयुक्त राष्ट्र की इस वर्ष कोविड-पूर्व स्थिति से आगे आने का अनुमान है जबकि बहुत से दूसरे समूह 2022 में ही कोविड-पूर्व जीडीपी के स्तर को, प्राप्त कर सकेंगे. उभरते हुए और विकसित बाजार अर्थव्यवस्थाओं में चीन 2020 में पहले ही कोविड-पूर्व जीडीपी स्तर को प्राप्त कर चुका है जबकि कई दूसरों का 2023 तक भी पहुँचने का अनुमान नहीं है.

1.3 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए, वर्ष 2020-21 महामारी के कारण आपूर्ति और मांग दोनों पक्षों के व्यवधानों के कारण चुनौतीपूर्ण था. भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2021 की पहली छमाही में तकनीकी मंदी में प्रवेश किया, जिसमें पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में 24.4% दूसरी तिमाही में 7.4**%** गिर गया. भारत ने महामारी के विघटनकारी प्रभाव को पहचाना और अपनी विशाल आबादी, उच्च जनसंख्या घनत्व और अत्यधिक दबावग्रस्त स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के बीच अपना अनूठा मार्ग बनाया. महामारी की शुरुआत में लागू किए गए गहन लॉकडाउन ने कई मायनों में भारत की अनूठी प्रतिक्रिया की विशेषता बताई. सरकार ने आत्मनिर्भर योजना के माध्यम से अपने वित्तीय व्यय में वृद्धि की है और एक अनुकूल मौद्रिक नीति ने अर्थव्यवस्था के लिए सहयोग किया है.

1.4 केंद्रीय बजट 2021-22 ने मांग और समग्र विकास को पुनर्जीवित करने के लिए एक प्रमुख फोकस क्षेत्र के रूप में बुनियादी ढांचे के निवेश पर स्पष्ट जोर देने के साथ पूंजीगत व्यय की गति को और मजबूती प्रदान की है.

बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण के लिए प्रिंसिपल विकास वित्तीय संस्थान (डीएफआई) के रूप में वित्तीय ढांचागत एवं विकास के लिए राष्ट्रीय बैंक (एनएबीएफआईडी) की स्थापना की और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय के रूप में 3 वर्षों में 5 लाख करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया. यह राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी) के तहत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को लागू करने के लिए पूंजी बढ़ाने के सरकार के चल रहे प्रयासों के समान होगा. इसके अलावा, डूबे हुए ऋणों को समाप्त करने के लिए एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण और परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी (एआरसी और एएमसी) की स्थापना, दो पीएसयू बैंकों का निजीकरण और बीमा में एफडीआई की मौजूदा 49% सीमा को बढ़ाकर 74% करना आदि जैसे कुछ महत्वपूर्ण उपाय के रूप में सरकार ने बजट में सुधार उपायों की घोषणा की है.

1.5 वर्ष 2020-21 के दौरान आरबीआई ने व्यवस्था में अत्यधिक मात्रा में तरलता लाने तथा विभिन्न क्षेत्रों, संस्थाओं एवं वित्तीय लिखतों में लक्षित तरलता लाने के लिए, कई पारंपरिक और गैर-पारंपरिक उपाय किए. आरबीआई ने मौद्रिक नीति को खोल कर परिवर्तन करते हुए अस्थाई ऋण आस्थगन अवधि के द्वारा ऋणियों को तत्काल राहत प्रदान की. इसके अतिरिक्त, कोविड-19 महामारी के कारण कंपनियों एवं लोगों को वित्तीय दबाव से निपटने में सहायता प्रदान करने के लिए नियामकों ने एक मुश्त पुनर्गठन योजना को अनुमति प्रदान की.

1.6 टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति के साथ 2021-22 के लिए संभावनाएं मजबूत हुई हैं. उच्च आवृत्ति संकेतक, विशेष रूप से वित्त वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही में विकास की गति की मजबूती को इंगित करते हैं. जीडीपी ने पूर्ववर्ती तिमाहियों में संकुचन को दूर कर दिया और वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी और चौथी तिमाही में विस्तार को दर्शाता है. हालाँकि, संक्रमणों में हालिया उछाल ने इस दृष्टिकोण को अनिश्चितता प्रदान की है, विशेष रूप से स्थानीय और क्षेत्रीय लॉकडाउन मांग स्थिति में सुधार को कम कर सकते हैं और सामान्य स्थिति की वापसी में देरी हो सकती है.

2. बैंक का कार्यनिष्पादन

वर्ष 1919 में स्थापित, 31 मार्च, 2021 तक आपके बैंक की, 29 राज्यों एवं 5 केंद्र शासित प्रदेशों में 9312 शाखाएँ, 3 विदेशी शाखाएँ, 12,957 एटीएम और 78202 कर्मचारी हैं.

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान मुख्य उपलब्धियां :

- वित्त वर्ष 2020-21 में शुद्ध ब्याज आय रुपये 24,688 करोड़ रही .
- वित्त वर्ष 2020-21 में परिचालन लाभ में रुपये 19,259 करोड़ रहा.
- 31 मार्च, 2021 को पीसीआर 81.27% रहा.
- 31 मार्च, 2021 को शुद्ध एनपीए अनुपात 4.62% रहा.

वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान, आपके बैंक में निम्नानुसार कई परिवर्तन / नई प्रक्रियाओं को अपनाया गया है.

2.1 समामेलन:

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मेगा समामेलन के एक भाग के रूप में, भारत सरकार ने 04 मार्च, 2020 को गज़ट के माध्यम से कॉरपोरेशन बैंक एवं आंध्रा बैंक को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया **(एंकर बैंक)** में समामेलन के लिए अनुमोदन किया एवं यह समामेलन 01 अप्रैल,2020 से प्रभावी हुआ.

समामेलन के परिणामस्वरूप देश भर में यूनियन बैंक की भौगोलिक स्थिति में सुधार हुआ है. समामेलन के साथ, यूनियन बैंक व्यापक नेटवर्क के साथ कारोबार की दृष्टि से सार्वजनिक क्षेत्र का 5वां सबसे बड़ा बैंक बन गया है.



बैंक ने समामेलन को परिवर्तन प्रबंधन में एक प्रक्रिया के रूप में पहचान दी है और इस तरह के परिवर्तन के अवसर के रूप में इसका लाभ उठाया है. तदनुसार, न्यूनतम ग्राहक परेशानी और कर्मचारी शिकायतों के साथ समामेलन प्रभावी तिथि (एईडी) को सुचारु रूप से संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक विस्तृत एकीकरण योजना तैयार की गई थी.

समामेलन प्रबंधन कार्यालय (एएमओ) के नाम पर समर्पित कार्यक्रम प्रबंधन कार्यालय विभिन्न कार्यक्षेत्रों के साथ बेहतर समन्वय और समामेलन प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए स्थापित किया गया. जिस परियोजना के तहत बैंक में समामेलन संबंधी संपूर्ण कार्य किया गया, उसे **"परियोजना समर्थ"** नाम दिया गया है.

कार्यक्रम प्रबंधन सलाहकार, मेसर्स बोस्टन कंसल्टेंसी ग्रुप (बीसीजी) को योजना, डिजाइन, मार्गदर्शन और समामेलन के सफल समापन के लिए सभी आवश्यक पहलुओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए शामिल किया गया. एएमओ ने बीसीजी, कॉर्पोरेट वर्टिकल और फील्ड पदाधिकारियों के साथ गहन समन्वय में निम्नलिखित व्यापक उद्देश्यों के साथ समामेलन प्रक्रिया शुरू की :

समामेलन प्रक्रिया की शुरुआत करते समय, मुख्य रूप से कई आपसी जटिलताओं वाली कई समस्याओं को दूर करने पर जोर दिया गया है.

पहचान के बाद, समामेलन के लिए योजना और रोड मैप को परिभाषित और रणनीतिक किया गया. कार्यों की गंभीरता के आधार पर, समामेलन प्रक्रिया को पूर्व समामेलन प्रभावी तिथि (पूर्व-एईडी), एईडी और पोस्ट एईडी चरणों में विभाजित किया गया.

गतिविधियों के सामंजस्य, मुद्दों को सुलझाने और अनसुलझे मुद्दों को आगे बढ़ाने के बुनियादी काम को संभालने के लिए सभी कार्यक्षेत्रों के कार्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली 31 कार्यात्मक समितियाँ बनाई गईं. प्रत्येक समिति का प्रतिनिधित्व सभी 3 बैंकों के सदस्यों द्वारा किया गया जो एक विस्तृत मास्टर समामेलन योजना (एमएपी) पर पहुंचने के लिए नियमित समय अंतराल पर मिलते थे.

यह सुनिश्चित करने के लिए कि समामेलन प्रक्रिया में शाखाओं का पर्याप्त रूप से समर्थन किया जाता है, एक सहकर्मी आधारित कार्यक्रम-**बड्डी ब्रांच प्रोग्राम**- पूर्ववर्ती आंध्रा बैंक और तत्कालीन कॉर्पोरेशन बैंक की शाखाओं को संचालित करने के लिए शुरू किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य शाखाओं में समन्वय बनाना, प्रश्नों का त्वरित समाधान और लोगों का एकीकरण करना था.

परिवर्तन के बारे में ग्राहकों, कर्मचारियों और अन्य हितधारकों को समामेलन के लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करना बैंक के लिए आशंकाओं को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण था. इसके लिए कई चैनलों के साथ एक मजबूत संचार योजना सक्रिय की गई. हितधारकों को 3 श्रेणियों में अर्थात ग्राहक, कर्मचारी और अन्य हितधारक के रूप में वर्गीकृत किया गया.

कॉर्पोरेट स्तर पर उपरोक्त तैयारियों के साथ, एईडी की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए शाखाओं को संभालने के लिए विभिन्न दीर्घकालिक दृष्टिकोणों पर भी रणनीति बनायी गई. सभी समामेलन अद्यतनों के लिए संचार के एकल स्रोत को सुनिश्चित करने के लिए शाखा हैंडबुक, माइक्रोसाइट आदि जैसे संचार चैनल स्थापित किए गए. अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न और शाखा स्तर पर क्या करें और क्या न करें क्षेत्र के अनुभव के आधार पर बनाए गए और प्रसारित किए गए.

एक टीम के रूप में कर्मचारियों को एक दूसरे को जानने के लिए, एक बैंक की साझा समझ और आगे बढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, नेतृत्व शिखर सम्मेलन **"त्रिवेणी संगम"**, लोगों के सर्वेक्षण, मूल्य सर्वेक्षण, सांस्कृतिक एकीकरण शिखर सम्मेलन जैसी गतिविधियों की एक श्रृंखला सभी उप महाप्रबंधक, सहायक महाप्रबंधक और शाखा प्रबंधक, संस्कृति एकीकरण और परिवर्तन प्रबंधन के लिए आयोजित किए गए. मानसिक और भावनात्मक पहलू पर गहराई से कार्यबल को बदलने के लिए अतिथि वक्ताओं के सत्रों की व्यवस्था की गई .

अतिथि वक्ता सत्र

त्रिवेणी संगम

समामेलित इकाई के लिए प्रशिक्षण वास्तुकला को परिभाषित किया गया और विभिन्न बड़े पैमाने पर कार्यात्मक प्रशिक्षण सत्र, सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण सत्र और नेतृत्व कार्यशालाओं को बेहतर ढंग से समझने और प्रभावी ढंग से काम करने के लिए व्यवस्थित किया गया. ई-लर्निंग पोर्टल के माध्यम से प्रमुख कार्यात्मक प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की गयी.
उपरोक्त तैयारियों के साथ, बैंक ने योजना के अनुसार ग्राहकों को बिना किसी व्यवधान के आसानी से एईडी परिवर्तन कर लिया. कारोबार हमेशा की तरह चलता रहा.



हालाँकि, कुछ पहलू थे जिन्हें कोविड-19 महामारी को देखते हुए स्थगित कर दिया गया था, लेकिन 30.06.2020 तक सभी स्थगित गतिविधियों को शुरू कर दिया गया.
एईडी के बाद, बैंक ने प्रभावी निगरानी और प्रबंधन के लिए 4 स्तरीय संगठन संरचना को जारी रखने का निर्णय लिया है. केंद्रीय कार्यालय और क्षेत्र के लिए भविष्य के लिए तैयार संगठन संरचना को उच्च जवाबदेही सुनिश्चित करने और बैंक के लिए रणनीतिक अनिवार्यताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है.



अखिल भारतीय उपस्थिति को मजबूत करने के लिए 18 क्षेमप्रका (क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय) और 125 क्षेका (क्षेत्रीय कार्यालय) के रूप में क्षेत्र संगठन संरचना की रूपरेखा बनाई गई. क्षेत्र में क्षेका- क्षेमप्रका का गठन केंद्रीय कार्यालय के प्रतिनिधि कार्यालय के रूप में किया जाता है. क्षेका- क्षेमप्रका के स्थानों का मूल्यांकन कई आयामों जैसे कि बिजनेस फुटप्रिंट, शाखा विस्तार, कारोबारी संभावनाओं, भौगोलिक संरचना, कनेक्टिविटी, सेवाओं से निकटता, क्रेडिट सेंटर और स्थापना की लागत सहित सामरिक महत्व के आधार पर किया जाता है.

क्षेत्रीय संगठन संरचना के रोल आउट के साथ, चिन्हित क्षेत्रों के केंद्रित विकास के लिए विशिष्ट संरचना भी तैयार की गई है.



एकीकरण प्रक्रिया के बाद, एईडी से पहले एक स्पष्ट आईटी एकीकरण रोड मैप बनाया गया. इसमें अन्य बातों के साथ-साथ बोर्डिंग विक्रेताओं, निर्भरता, संसाधनों की उपलब्धता, सिस्टम की अनुकूलता आदि पर विभिन्न हार्डवेयर आवश्यकताओं के प्रावधान शामिल थे. इस उन्नत योजना ने बैंक को बैंकिंग इतिहास में सबसे तेज आईटी विलय में एकीकरण को पूरा करने में सहायता की.

सभी सीबीएस और गैर-सीबीएस सोल्यूशंस के साथ, कोर बैंकिंग सॉल्यूशंस (सीबीएस) को अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए न्यूनतम व्यवधान के लिए एक संरचित और परिभाषित तरीके से एकीकृत किया गया. बैंक ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्रत्येक खंड में बैंक की डिजिटल पेशकशों को बेहतर बनाया और बेहतर ग्राहक अनुभव सुनिश्चित कराया जो विकास की नींव रखने के लिए उपयोगी है.

आपसी तालमेल होना बैंकों के समामेलन के प्रमुख तथ्यों में एक है. राजस्व विस्तार, लागत में कमी, व्यापार युक्तिकरण के संदर्भ में विभिन्न तालमेल के अवसरों की योजना बनाई गई. योजना में अगले 3 वर्षों के लिए अनुमानित संचयी मौद्रिक मूल्य वाले कार्यों में आवर्ती और एकमुश्त दोनों की पहचान की है.



बड़े पैमाने पर निम्नलिखित उपशीर्षकों में लगभग 70+ वर्टिकल की पहचान की गईः

- नेटवर्क के अनुकूल भौतिक वितरण के माध्यम से लागत तालमेल और शाखा तथा एटीएम नेटवर्क युक्तिकरण, कर्मचारी समरूपता, अचल संपत्ति का मुद्रीकरण, विक्रेता युक्तिकरण और आईटी सिस्टम के एकीकरण जैसे संसाधनों की प्राप्ति.
- क्रॉस बिक्री और बिक्री में तेजी, शुल्क आधारित आय में सुधार और सेवा और दंड शुल्क के सामंजस्य के माध्यम से राजस्व तालमेल. इस प्रकार, समामेलन ने "फ्यूचर रेडी बैंक" के विजन को पूरा करने के लिए बैंक की नींव रखी है।

2.2 **ईज़ (उन्नत पहुंच और सेवा में उत्कृष्टता):** प्रत्येक डोमेन में पीएसबी की दक्षता बढ़ाने और तिमाही आधार पर एक सामान्य सूचकांक पर प्रदर्शन को मापने के लिए वित्तीय वर्ष 2018-19 में भारत सरकार द्वारा एन्हांस्ड एक्सेस एंड सर्विस एक्सीलेंस (ईएएसई) लॉन्च किया गया था।

ईज़ 3.0, ईज़ 1.0 और ईज़ 2.0 का एक संवर्धित संस्करण है जो वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 5 थीम और 27 एक्शन पॉइंट के साथ कार्यान्वयन रोडमैप निर्धारित करता है. आपके बैंक ने प्रदर्शन में निरंतर सुधार के साथ, दिसंबर 2020 को समाप्त तिमाही के लिए समग्र रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल किया था, जबकि मार्च 2020 को समाप्त बेसलाइन तिमाही में आपका बैंक 8वें स्थान पर रहा.आपका बैंक 5 में से 4 विषयों में शीर्ष 3 बैंकों में शामिल रहा.

बैंक ने ईज़ एजेंडा के तहत दक्षता में सुधार के लिए कई पहल की हैं और विभिन्न उपायों को लागू किया है जिनमें शामिल हैं:

- 6 उत्पादों (व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण, वाहन ऋण, क्रेडिट कार्ड, एमएसएमई ऋण और शिशु मुद्रा) के लिए 5 चैनलों (एसएमएस, मिस्ड कॉल, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और कॉल सेंटर) के माध्यम से लीड जनरेशन के लिए डिजिटल यात्रा लागू की.
- प्री-अप्रूव्ड पर्सनल लोन, हाउसिंग लोन टेकओवर, हाउसिंग लोन टॉप-अप, और एमएसएमई के लिए पूरी तरह से डिजिटलीकरण के साथ कार्यशील पूंजी वृद्धि के लिए प्रस्ताव उत्पन्न करने के लिए विश्लेषणात्मक नियम आधारित इंजन लागू किया.
- प्री-अप्रूव्ड पर्सनल लोन, शिशु मुद्रा लोन और एमएसएमई ऋण के नवीनीकरण के लिए सीधे प्रोसेसिंग के माध्यम से सभी स्थानों पर प्रारम्भ किया गया.
- केसीसी ऋण के लिए मोबाइल बैंकिंग ऐप के माध्यम से लीड पंजीकरण लागू किया.
- डिजिटल और आईटी उपकरणों के माध्यम से प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली को फिर से डिजाइन किया गया है जिसमें प्रतिभा प्रबंधन, प्रदर्शन प्रबंधन और पुरस्कार और पहचान पर ध्यान केंद्रित किया गया है.

ईज़ 4.0 सुधार एजेंडा वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 6 थीम और 26 एक्शन पॉइंट के साथ प्रौद्योगिकी-सक्षम सहयोगात्मक और सरलीकृत बैंकिंग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कार्यान्वयन रोडमैप निर्धारित करता है. आपका बैंक अपने बड़े ग्राहक आधार को लाभ पहुंचाने के लिए तेजी

से तकनीकी प्रगति को अपना रहा है. आपका बैंक वित्तीय समावेशन से लेकर बुनियादी ढांचे को उधार देने तक की प्रक्रिया और उत्पादों में सुधार के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में भी योगदान दे रहा है. आपके बैंक ने वित्त वर्ष 2020-21 में ईज़ 3.0 मापदंडों के तहत अपने प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है और आने वाले दिनों में भी अपनी प्रगति को जारी रखने का प्रयास करेगा.

2.3 **यूनियन म्यूचुअल फंड योजनाओं का ऑनलाइन विक्रय–** डिजिटाइजेशन को बढ़ावा देने के लिए, बैंक अपने संबंधित चैनल भागीदारों के साथ सिस्टम की क्षमताएं बढ़ाने के लिए गहनता से कार्य करता रहा है, ताकि ग्राहक बैंक के तकनीकी इंटरफेस का प्रयोग कर तृतीय पक्ष उत्पाद जैसे बीमा एवं म्यूचुअल फंड ऑनलाइन ख़रीद सकें. बैंक की वेबसाइट और यू- मोबाइल एप के माध्यम से यूनियन म्यूचुअल फंड योजनाएं ख़रीदने की सुविधा शुरु हो चुकी है.

2.4 **नये यू–मोबाइल एप्प आधारित सेवायें :**

- यूमोबाइल एप्प के माध्यम से पीएमजेजेबीवाई बीमा सुरक्षा कवर प्राप्त करने की सुविधा प्रारम्भ की गई.
- अनिवासी भारतियों के लिए मोबाइल बैंकिंग सेवायें प्रारम्भ होना.
- मूल्य संवर्धित सेवाओं के अंतर्गत नई विशेषताएँ जैसे स्थायी अनुदेशों एवं वैयक्तिक लेनदेन सीमा प्रारम्भ होना.
- भुगतान एवं पिन सेट करने की सुविधा के साथ क्रेडिट कार्ड का नया मॉड्यूल .

2.5 कोषागार की शुरुआत- एफएक्स रिटेल, क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा विकसित इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग प्लैटफॉर्म जो बैंक के रिटेल ग्राहकों द्वारा विदेशी विनिमय की ख़रीद/ विक्रय की सुविधा देता है. चालू वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक इसके अंतर्गत 88 नये ग्राहक जोड़े हैं.

2.6 **निगरानी एवं वसूली में विशिष्टीकरण**:

ऋणों की निगरानी के लिए आपके बैंक ने कई पहलें की हैं जैसे;

- रुपये 100.00 करोड़ से रुपये 250.00 करोड़ तथा इससे अधिक के खातों की निगरानी के लिए वरिष्ठ कार्यपालकों के नेतृत्व में विशिष्टीकृत कक्ष.
- समय पर सुधारात्मक कदम उठाने की सुविधा के लिए उधार खातों में तनाव/चेतावनी के संकेतों को सक्रिय रूप से पहचानने के लिए प्रारंभिक चेतावनी संकेतों (ईडब्ल्यूएस) की पहचान करने की एक प्रणाली स्थापित की गई है.
- बैंक के अग्रिमों के गैर-एसएमए और गैर-एनपीए पोर्टफोलियो को कवर करने वाले प्रारंभिक तनाव संकेतों का अनुमान लगाने के लिए उन्नत विश्लेषणात्मक उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है ताकि ऋण पुस्तिका के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आवश्यक उपाय शुरू करने में सुविधा हो सके.

2.7 आईटी सेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए आपका बैंक आंतरिक कारोबारी प्रक्रियाओं के केंद्रीकरण/ स्वचालन/ एकीकरण को अपना रहा है. सर्वश्रेष्ठ आईटी सुरक्षा एवं जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क अपनाकर बैंक की आईटी आस्तियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त उपाय किये जा रहे हैं.

2.8 ग्राहकों हेतु बैंकिंग सेवा को व्यवस्थित करने के लिए आपका बैंक अत्याधुनिक तकनीक अपना रहा है. वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक द्वारा जीवन प्रमाण सुविधा, कार्पोरट ग्राहकों के लिए सरकारी ई-मार्केट,व्यक्तियों एवं कार्पोरट ग्राहकों के लिए फास्टैग सुविधा, पॉज़िटिव पे सुविधा, पीएमएसवीएनिधि पोर्टल के साथ रियल टाइम सुविधा जोड़ना, बैंक के सभी ग्राहकों को सभी एटीएम टर्मिनल पर ग्रीन पिन की सुविधा, रुपये 5 करोड़ तक के विभिन्न ऋण उत्पादों पर एनएसईएल,डायल-ए- लोन सुविधा के माध्यम से आटोमेटेड ई/ स्टांपिंग एवं ई-हस्ताक्षर, खुदरा एवं एमएसएमई ऋणों की ऑनलाइन माध्यम से सीधे प्रोसेसिंग, रुपये 50,000 तक के शिशु मुद्रा ऋण का पूरी तरह डिजिटिकरण किया जाना, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय(एमसीए) पोर्टल से चालू खाते खोलना, मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से अनिवासी भारतियों को पीएमजेजेबीवाई आवेदन करने की सुविधा, बिना कांटेक्ट वाले रुपे डेबिट कार्ड स्वीकार करने के लिए पीओएस मशीन में एनसीएमसी तकनीक, परिपक्वता पर जमाराशि की गणना के लिए जमाराशि संगणक, मोबाइल पर विद्यमान ओटीपी की सुविधा के अतिरिक्त अलग मोबाइल एप्प के माध्यम से यूटोकन सुविधा, क्रेडिट कार्ड मॉड्यूल सहित वित्तीय एवं गैर-वित्तीय सेवाओं के लिए डोर स्टेप बैंकिंग जैसी महत्वपूर्ण पहल की गई हैं.

वर्ष 2020-21 के दौरान डिजिटल लेनदेन समग्र रूप से मार्च,20 के 74.43% की तुलना में मार्च, 21 में 79.11% रहे तथा वर्ष के दौरान लगभग 5% की वृद्धि दर्ज की गई.

2.9 कारोबार प्रक्रिया प्रवर्तन के एक भाग के रूप में, अपने स्टाफ को बाधा रहित सेवा देने के लिए एंड्रॉयड एवं आईओएस प्लैटफॉर्म पर एचआरएमएस मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ करके अपने मूल्यवान कर्मचारियों के अनुलाभ व भत्तों के तत्काल अनुमोदन एवं संवितरण के लिए आपके बैंक ने तकनीकी नवाचार अपनाया है. यह एप्लीकेशन ने ओटीपी सुरक्षित लॉगिन औथेंटिकेशन मैकेनिज़्म पर आधारित है और कार्मिकों को रोज़मर्रा के एचआर से संबंधित कार्यकलाप दिन-रात (24*7) और फटाफट कर सकने मे सक्षम बना दिया है. बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारी भी पेंशन विवरण और चिकित्सा बीमा योजना के लिए इस मोबाइल ऐप का प्रयोग कर सकते हैं.

2.10 **साइबर सुरक्षा परिचालन केंद्र(सीएसओसी):** बैंक द्वारा साइबर सुरक्षा परिचालन फ्रेंमवर्क लागू किया गया है तथा साइबर सुरक्षा परिचालन केंद्र आरंभ किया गया है. सीएसओसी के प्रबंधन के लिए एक कुशल समर्पित

टीम तैनात की गयी है. सीएसओसी साइबर खतरों की पहचान करने, उनका पता लगाने, सुरक्षा करने तथा उन्हें रोकने में मदद करता है.

3. कारोबार की मुख्य बातें:

3.1 बैंक का कुल वैश्विक कारोबार 31 मार्च, 2021 को रू. 15,77,490 करोड़ रहा.



3.2 कुल जमाराशियाँ 31 मार्च, 2021 को बढ़कर रू.9,23,805 करोड़ हो गई. इसमें से कासा(चालू खाता एवं बचत खाता) का अंश 31 मार्च, 2021 को 36.33 प्रतिशत रहा.



3.3 सकल अग्रिम 31 मार्च, 2021 को रू.6,53,684 करोड़ रहा. रैम (रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई) क्षेत्र 31 मार्च, 2020 के रू.3,39,318 करोड़ के सापेक्ष 31 मार्च, 2021 को रू.3,67,825 करोड़ रहा. रैम क्षेत्र समग्र रूप में 8.40% की वार्षिक दर से बढ़ा.



3.4 बैंक का विदेशी कारोबार 31 मार्च, 2020 के रू.24,345 करोड़ के सापेक्ष 31 मार्च, 2021 को रू.18,191 करोड़ रहा. आपके बैंक की हांगकांग, डीआईएफ़सी (दुबई) और सिडनी (आस्ट्रेलिया) में तीन विदेशी शाखाएं हैं. बैंक अपनी पूर्णतः स्वाधिकृत सहायक कंपनी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूके) लिमिटेड के माध्यम से यूनाइटेड किंगडम में भी कारोबार करता है.

4. आय एवं व्यय:

तालिका 1: आय एवं व्यय विवरण

(₹ करोड़ में)

क्र.	मानदंड	वित्त वर्ष 2020-21	वित्त वर्ष 2019-20*
1	अर्जित ब्याज	68767	37231
2	अन्य आय	11337	5261
3	कुल आय (1+2)	80104	42492
4	व्यय किया गया ब्याज	44079	25794
5	निवल ब्याज आय(1-4)	24688	11437
6	परिचालन व्यय	16766	7516
	जिसमें से स्थापना व्यय	9025	3359
7	कुल व्यय	60845	33311
8	परिचालन लाभ (3-7)	19259	9181
9	प्रावधान	16353	12079
10	निवल लाभ / हानि	2906	-2898
11	प्रति शेयर आय (रू.में)	4.54	-12.49

* आंकड़े समामेलन से पूर्व अवधि के लिए स्टैंडअलोन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से संबन्धित हैं. अतः समामेलन के पश्चात 31 मार्च, 2021 को समाप्त अवधि के वित्तीय विवरणों से तुलनीय नहीं हैं.

5. लाभप्रदता और दक्षता:

5.1 आपके बैंक का परिचालन लाभ वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान रू.9,181 करोड़ के सापेक्ष वित्त वर्ष 2020-21 में रू.19,259 करोड़ दर्ज किया गया.

5.2 वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक का निवल लाभ रू.2,906 करोड़ रहा.

5.3 आपके बैंक का लागत आय अनुपात वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान 46.54% रहा.



5.4 वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान, औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ 0.27% रहा, जबकि ईक्विटी पर प्रतिलाभ 6.68% रहा.

तालिका 2: दक्षता अनुपात		
मानदंड (%)	वित्त वर्ष 2020-21	वित्त वर्ष 2019-20*
औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ	0.27	(-) 0.53
ईक्विटी पर प्रतिलाभ	6.68	(-) 12.52

5.5 वित्त वर्ष 2020-21 हेतु बैंक के प्रमुख उत्पादकता अनुपात निम्नानुसार हैं :

तालिका 3: उत्पादकता अनुपात		
मानदंड	वित्त वर्ष 2020-21	वित्त वर्ष 2019-20*
प्रति कर्मचारी कारोबार (रू. करोड़ में)	20.17	21.37
प्रति शाखा कारोबार (रू. करोड़ में)	169.35	186.18
प्रति कर्मचारी सकल लाभ (रू. लाख में)	24.63	24.60

5.6 लाभांश:

वित्त वर्ष 2020-21 के लिए बैंक के निदेशक मंडल ने किसी लाभांश की संस्तुति नहीं की है.

6. शेयरधारकों को प्रतिलाभ:

6.1 बैंक की शुद्ध संपत्ति 31 मार्च, 2021* को ₹43,507 करोड़ थी.



*आंकड़े समामेलन के बाद की अवधि के केवल यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के वित्तीय परिणामों से संबंधित हैं, अतः इनकी समामेलन से पूर्व 31 मार्च,2020 को समाप्त वर्ष के वित्तीय परिणामों के साथ तुलना नहीं की जा सकती.

7. आस्ति गुणवत्ता:

7.1 बैंक की 31 मार्च, 2021 को सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) रू.89,788 करोड़ रहीं. सकल गैर-निष्पादित आस्तियों का प्रतिशत 31 मार्च, 2021 को 13.74 प्रतिशत हो गया.



7.2 बैंक का शुद्ध एनपीए 31 मार्च, 2021 को रू.27,281 करोड़ रहा तथा 31 मार्च, 2021 को शुद्ध एनपीए अनुपात 4.62 प्रतिशत रहा.



8. पूंजी पर्याप्तता:

8.1 बासल III मानदंडों के अनुसार बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 31 मार्च, 2021 को 12.56% रहा. बैंक की कॉमन इक्विटी टियर (सीईटी I) पूंजी मार्च, 2021 में 9.07% रही.

तालिका 4: पूंजी पर्याप्तता अनुपात - बासल III			(₹ करोड़ में)
मानदंड	भा.रि.बैं. के न्यूनतम बेंचमार्क 31 मार्च, 2021	31 मार्च, 2021	31 मार्च, 2020
कुल जोखिम भारित परिसंपत्तियां	लागू नहीं	5,51,521	2,94,984
कुल पूंजीगत निधि		69,262	37,790
सीईटी 1 पूंजी		50,001	27,714
टियर 1 पूंजी		57,090	31,714
सीआरएआर (%)	10.875	12.56	12.81
सीईटी 1 (%)	7.375	9.07	9.40
टियर 1 (%)	8.875	10.35	10.75
टियर 2 (%)	लागू नहीं	2.21	2.06

नोट : भा.रि.बैं. के न्यूनतम बेंचमार्क में सीआरएआर, सीईटी I एवं टियर I के अनुपात में 1.875 प्रतिशत का सीसीबी (पूंजी संरक्षण बफर) सम्मिलित है. टियर II अनुपात हेतु कोई न्यूनतम निर्धारण नहीं है

8.2 बैंक द्वारा जुटाई गई पूंजी:

बैंक ने वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान बासल III के अनुरूप रू.1705 करोड़ के टियर I बांड और रू.2000 करोड़ के टियर II बांड जारी और आवंटित किये हैं.

9. नेटवर्क:

31 मार्च, 2021 तक 9312 शाखाओं के साथ आपके बैंक का नेटवर्क पूरे देश में फैला हुआ है. बैंक की तीन पूर्णतः विदेशी शाखाएँ भी हैं. इनमें से 56 प्रतिशत शाखाएं ग्रामीण एवं अर्धशहरी केंद्रों में स्थित हैं. 31 मार्च, 2021 तक बैंक के पास 12957 एटीएम का नेटवर्क है.

10. पुरस्कार एवं उपलब्धियां

वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान, आपके बैंक को डिजिटाइजेशन, वित्तीय समावेशन, मानव संसाधन प्रबंधन, ग्राहक सेवा आदि के क्षेत्र में की गई नई पहलों के लिए विभिन्न पुरस्कार प्राप्त हुए हैं.

सम्मान देने वाली संस्था	पुरस्कार संवर्ग	वर्ष
नेशनल फेदर अवार्ड	एमडी एंव सीईओ के लिए हॉल ऑफ फेम पुरस्कार	30-अप्रैल-21
	उन्नत दक्षता प्रबंधन में सर्वश्रेष्ठ	
	प्रशिक्षण एवं संगठनात्मक विकास में सर्वश्रेष्ठ	
	वर्ष का सीएचआरओ	
गोल्डन पीकॉक	गोल्डन पीकॉक एचआर एक्सीलेंस अवार्ड 2020	अप्रैल -21
एपेक्स इंडिया एचआर एक्सीलेंस अवार्ड एवं बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड	एचआर में एपेक्स इंडिया बेस्ट स्ट्रेटेजी 2020	अप्रैल -21
	एपेक्स इंडिया एचआर उम्मुख सीईओ अवार्ड 2020	
ग्रीनटेक एचआर अवार्ड	टेक्नोलॉजी एक्सीलेंस	फरवरी-2021
	वर्ष का अग्रणी सीईओ	
वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस द्वारा ग्लोबल एचआर एक्सीलेंस अवार्ड	एचआर में सर्वश्रेष्ठ सेवाप्रदाता	फरवरी -2021
	ज्ञानार्जन एवं विकास में उत्कृष्टता हेतु पुरस्कार	
	वर्ष का सीएचआरओ	
वर्ल्ड सीएसआर कांग्रेस	वर्ष का सीईओ	फरवरी -2021
	कोविड 19 के समय सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण सॉल्युशन	
द फ्यूचर ऑफ टेक कांग्रेस एंड अवार्डस प्रजेंट्स 'द इंटरनेट इंटरप्रेन्योर अवार्ड	कोविड 19 के परिप्रेक्ष्य में प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ डिजिटल रूपांतरण	अक्तूबर-2020
गोल्डन पीकॉक	गोल्डन पीकॉक नेशनल ट्रेनिंग अवार्ड 2020	जुलाई-2020

11. सोशल मीडिया:

11.1 आपके बैंक ने यूनियन कनैक्ट प्रोजेक्ट के अधीन फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन और यूट्यूब जैसी सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अपनी पहुँच का विस्तार किया है. आपके बैंक के आधिकारिक पेज बहुत ही संवेदनशील हैं और मिनटों में जवाब देते हैं.

11.2 डिजिटल मार्केटिंग के एक भाग के रूप में, आपका बैंक बैंक के उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स व्यापार टाई-अप कर रहा है. बैंक अपने उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने और कॉर्पोरेट वेबसाइट के माध्यम से अधिक पहुंच बढ़ाने के लिए गूगल विज्ञापन, यूट्यूब और लिंक्डइन के माध्यम से अभियान चलाता है. मार्च, 2021 तक आपके बैंक के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर फलोवर्स की कुल की संख्या 19.51 लाख थी.

12. बैंक के निदेशक मंडल में निदेशकों का परिवर्तन:

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान आपके बैंक के निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए.

- श्री नितेश रंजन को 10 मार्च, 2021 को बैंक के बोर्ड में कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया.
- श्री बिरुपाक्ष मिश्रा को 1 अप्रैल, 2020 को बैंक के बोर्ड में कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया और उन्होंने 31 जनवरी, 2021 को अधिवार्षिता पर अपना कार्यकाल पूर्ण किया.
- श्री राजीव कुमार सिंह, सनदी लेखाकार श्रेणी के बैंक निदेशक संवर्ग ने 5 फरवरी, 2021 को कार्यालय में अपना कार्यकाल पूर्ण किया.
- डॉ. मधुरा स्वामीनाथन, अंशकालिक एवं गैर सरकारी निदेशक ने 26 दिसंबर, 2020 को कार्यालय में अपना कार्यकाल पूर्ण किया.
- श्री केवल हांडा, गैर कार्यपालक अध्यक्ष एवं अंशकालिक एवं गैर सरकारी निदेशक ने 05 जुलाई, 2020 को कार्यालय में अपना कार्यकाल पूर्ण किया.

13. निदेशकों का उत्तरदायित्व वर्णन

निदेशकों द्वारा 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक खातों को बनाए जाने के संबंध में निम्न बातों की पुष्टि की गयी है:

- सामग्री प्रस्थान, यदि कोई हो, से संबंधित उचित स्पष्टीकरण के साथ लागू लेखा मानकों का पालन किया गया.
- लेखांकन नीतियों का चयन किया गया है एवं उन्हें सतत लागू किया गया है और निर्णय लिया गया है तथा अनुमान लगाए गए है जो उचित और विवेकपूर्ण हैं ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में बैंक के मामलों की स्थिति और उस अवधि की बैंक के लाभ-हानि के बारे में सही और निष्पक्ष स्वरूप दिया जा सके.
- बैंक की संपत्ति की सुरक्षा के लिए और धोखाधड़ी व अन्य अनियमितताओं को रोकने और पता लगाने के लिए प्रासंगिक अधिनियमों के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त खाता रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त देखभाल की गई है.
- वार्षिक खाते एक निरंतर मामलों के आधार पर तैयार किए गए.
- बैंक द्वारा पालन किए जाने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए गए एवं इस तरह के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त थे और प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे. स्पष्टीकरण:- इस क्लॉज़ के उद्देश्य के लिए, "आंतरिक वित्तीय विवरणियाँ" शब्द का अर्थ बैंक द्वारा अपनायीं गई नीतियाँ और प्रक्रिया है जो अपने कारोबार के मानकों को नियमित एवं कुशलता से चलाने के लिए हैं जिसमें बैंक की नीतियों का अनुपालन, अपनी आस्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी एवं गलतियों की रोकथाम और उन्हे पता करना, लेखाबहियों के रिकॉर्ड की शुद्धता एवं पूर्णतः और विश्वसनीय वित्तीय सूचनाओं को समय से तैयार करना शामिल है.
- सभी लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन के लिए उचित प्रणाली मौजूद थी और ऐसी प्रणालियां पर्याप्त थीं और प्रभावी ढंग से काम कर रही थीं.

14. कॉर्पोरेट गवर्नेंस

बैंक का निदेशक मंडल उचित कॉर्पोरेट गवर्नेंस पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है. वार्षिक रिपोर्ट के एक अलग खंड में कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर विस्तृत रिपोर्ट दी गयी है. वित्त वर्ष 2020-21 हेतु कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट पर कोई लेखापरीक्षा आपत्ति नहीं है.

15. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर):

15.1 यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपनी सीएसआर प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में अग्रणी रहा है. इसी प्रयास में, बैंक ने सीएसआर में अपने योगदान को अधिकतम बनाने के लिए वर्ष 2006 में `यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन ट्रस्ट' (यूबीएसएफटी) की स्थापना की है. बैंक की प्रमुख सीएसआर गतिविधियां अब यूएसएफटी के माध्यम से संचालित की जा रही हैं. इसके बोर्ड की अध्यक्षता बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ द्वारा की जाती है, जिसमें कार्यकारी निदेशक उपाध्यक्ष ट्रस्टी होते हैं. अन्य ट्रस्टियों में बैंक के महाप्रबंधक और एक स्वतंत्र ट्रस्टी शामिल होते हैं. यूएसएफटी बोर्ड बैंक के लक्षित क्षेत्रों के अनुसार दिशानिर्देश प्रदान करता है और प्रत्येक तिमाही इसकी समीक्षा करता है. बोर्ड के निर्देश यूबीएसटी के

मुख्य कार्यकारी द्वारा कार्यान्वित किए जाते हैं. यूबीएसएफटी का पंजीकृत कार्यालय, बेंगलूरू में है तथा प्रशासनिक कार्यालय मुंबई में स्थित है.

बैंक ने सीएसआर गतिविधि की तिमाही आधार पर निगरानी और मार्गदर्शन के लिए बैंक के निदेशकों की सीएसआर समिति भी बनाई है. समिति का नेतृत्व एमडी एवं सीईओ, कार्यपालक निदेशक और बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 के 9(3)(एच) के तहत नामित एक अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक एवं बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 के अनुच्छेद 9(3)(आई) के तहत चुने गए एक शेयरधारक निदेशक द्वारा किया जाता है.

सामाजिक उत्थान और वंचित वर्गों के जीवन में सुधार की दिशा में की जाने वाली पहल का समर्थन करने की उद्देश्य से यूबीएसएफटी की स्थापना की गयी.

15.2 बैंक द्वारा 2020-21 के दौरान कार्यान्वित सीएसआर गतिविधियां

यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन ट्रस्ट (यूबीएसएफटी) ने 2020-21 के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सामुदायिक विकास, स्वच्छता आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों के तहत रु.78.09 लाख रुपये की 6 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है:

- नारायण हृदयालय, बेंगलूरू कर्नाटक को कोविड 19 मरीजों के इलाज के लिए रु.11.20 लाख मूल्य के दो वेंटिलेटर खरीदनें में उनकी मदद की.
- मुल्कि सुंदर राम शेट्टी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट, मुल्कि कर्नाटक के कन्वेंशन सेंटर के लिए रु.14.75 लाख मूल्य के एक जेनरेटर सेट खरीदने में मदद की.
- पालघर जिले के 3 सरकारी स्कूलों में सौचालय ब्लॉक के निर्माण के लिए 20.32 लाख रूपये की सहायता की. यह परियोजना बॉम्बे क्वीन सिटी फाउंडेशन के रोटरी क्लब के माध्यम से लागू की गयी.
- नगरनिगम मछलीपट्टनम द्वारा आरसीसी बस सेल्टर निर्माण के लिए 2.50 लाख रूपये की सहायता की.
- भविता स्पेशल स्कूल, मछलीपट्टनम को लोहे के अहाते की दीवार के निर्माण और फिजियो थेरेपी उपकरणों की खरीद के लिए 3.82 लाख रूपये की मदद की.
- एनएबी वर्ली सेंटर में दृष्टिबाधित छात्रों के लिए 25.50 लाख रूपये लागत की मिनी साइंस लाइब्रेरी की स्थापना का अनुमोदन प्रदान किया.

16. आभार:

16.1 निदेशक मंडल शेयरधारकों, सम्मानित ग्राहकों, शुभचिंतकों, शेयर अंतरण एजेंटों, भारत तथा विदेश स्थित संपर्की बैंकों से प्राप्त सद्भावना, संरक्षण और समर्थन.

16.2 निदेशक मंडल भारत सरकार, महाराष्ट्र सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण, केन्द्रीय सतर्कता आयोग, बीएसई, एनएसई, वित्तीय संस्थाओं तथा बैंक के सांविधिक लेखापरीक्षकों से प्राप्त उनके मूल्यवान एवं सामयिक परामर्श, मार्गदर्शन एवं समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता है.

16.3 निदेशक मंडल वर्ष के दौरान बैंक के समग्र कार्यनिष्पादन में स्टाफ सदस्यों की समर्पित सेवा तथा उनके मूल्यवान योगदान की सराहना करता है तथा आगे भी बैंक के कार्पोरेट लक्ष्यों की प्राप्ति में इसी प्रकार उनके सतत सहयोग की आशा करता है.

16.4 निदेशक मंडल कोविड-19 महामारी के दौरान अपनी कीमती जान गंवाने वाले स्टाफ के सदस्यों के प्रति गहरी संवेदना एवं आभार व्यक्त करता है. निदेशक मंडल स्टाफ सदस्यों के सुरक्षित, खुशहाल एवं स्वस्थ जीवन की कामना करता है.

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

स्थान : मुंबई
दिनांक : 05.07.2021

(राजकिरण रै जी.)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

प्रबंधकीय परिचर्चा एवं विश्लेषण

1. वैश्विक अर्थव्यवस्था

1.1 वर्ष 2020 में विश्व के सामने नोवल कोविड-19 वायरस के कारण पैदा हुई अव्यवस्था के कारण गतिशीलता, सुरक्षा और सामान्य जीवन जैसी बातें जो कि पहले आसानी से सुलभ थीं वह बहुत दुष्कर हो गयीं. इस वजह से भारत एवं विश्व के समक्ष सदी की एक विकट आर्थिक चुनौती उत्पन्न हो गई. बचाव अथवा वैक्सीन के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति इस व्यापक समस्या से निपटने में सर्वप्रमुख हो गई.

1.2 वैश्विक वृद्धि में 2020 के मध्य से मंदी की स्थिति से धीरे-धीरे सुधार हुआ लेकिन फिर भी यह पूरे देश में असमान रही और इस गति को जारी टीकाकरण अभियान से बल मिला, साथ ही उदार मौद्रिक नीतियों और पर्याप्त राजकोषीय प्रोत्साहनों से इसको सहायता मिली.

1.3 2021 की प्रथम तमाही (जनवरी-मार्च), में वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 2020 की तीसरी तिमाही से प्राप्त सुधार से धीरे-धीरे गति प्राप्त की, इस गति को चौथी तिमाही में विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा (2021 की प्रथम तिमाही के समान), क्योंकि बहुत सी विकसित अर्थव्यवस्थाएं (एई) और कुछ उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) को संक्रमण की दूसरी/तीसरी लहर के कारण वायरस के नए और अधिक संक्रामक स्ट्रेन में बढ़ोत्तरी होने से पुनः प्रतिबंध लगाना पड़ा है.

1.4 वित्त वर्ष 2020-21 में वित्तीय बाजार अच्छी उदार मौद्रिक एवं राजकोषीय नीतियों तथा वैक्सीन के काण उत्पन्न सुधार आशावाद के कारण सुखद स्थिति में रहे. कुछ क्षेत्रों में स्टॉक मार्केट ने रिकार्ड उच्चतम स्तर की प्राप्ति की. उत्पादन, महामारी से पहले के स्तर से काफी कम रहा है जिससे बाजार एवं वास्तविक अर्थव्यवस्था में कोई संबंध न होने एवं साथ ही भविष्य की आर्थिक अनिश्चितता संबंधी चिंता उत्पन्न हुई. विकसित अर्थव्यवस्थाओं (एई) में अमेरिकी इक्विटी बाजारों ने नवंबर 2020 से मार्च 2021 तक प्रत्येक माह नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया. अमेरिका एवं अन्य एई के समान ईएमई के स्टॉक बाजार 2020 की चौथी तिमाही से 2021 की प्रथम तिमाही तक पुनः आगे बढ़े जिन्हें विदेशी पोर्टफोलियो प्रवाह से सहायता मिली. फरवरी के उत्ताराद्ध से पूँजी के बहिर्वाह के पुनः प्रारंभ होने से ईएमई स्टॉक सूचकांकों ने वृद्धि दर्शाई.

1.5 इस वर्ष फरवरी के मध्य से वैश्विक वित्तीय बाजार तेजी से अस्थिर हो गए हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय कमोडिटी कीमतों में वृद्धि के साथ-साथ मजबूत विकास की उम्मीदों से उपजी मुद्रास्फीति चिंताओं पर सॉवरेन बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि से प्रेरित है. बांड बाजार में उतार-चढ़ाव और अमेरिकी डॉलर की मजबूती से उभरते बाजारों में गिरावट आई.

1.6 आर्गेनाइजेशन फॉर इकॉनामिक को-ओपरेशन एंड डेवलपमेंट (ओईसीडी) ने अनुमान लगाया है कि विश्व उत्पादन 2021 के मध्य तक महामारी के पूर्व के स्तर तक पहुँचेगा, यद्यपि यह मुख्य रूप से वैक्सीन के वितरण एवं वाइरस के उभरते वेरिएंट के प्रति इनकी प्रभावशीलता पर निर्भर करेगा.

1.7 आईएमएफ के अनुसार विश्व अर्थव्यवस्था के 2021 में 6 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है, 2022 में यह कम होकर 4.4 प्रतिशत रहेगी. विकसित अर्थव्यवस्थाओं में यह उम्मीद है कि संयुक्त राज्य (यूएस) इस वर्ष कोविड से पहले के जीडीपी स्तर से आगे निकल जाएगा, जबकि समूह में शामिल बहुत से अन्य कोविड पूर्व स्तर को 2022 में ही प्राप्त कर पाएंगे. उभरती एवं विकासशील बाजार अर्थव्यवस्थाओं में चीन पहले ही 2020 में कोविड पूर्व जीडीपी को प्राप्त कर चुका हे जबकि यह संभावना है कि अन्य बहुत से देश इस स्तर को 2023 तक भी प्राप्त नहीं कर पाएंगे. पूरे विश्व में सरकार एवं केन्द्रीय बैंकों ने अपनी अर्थव्यवस्थाओं को सहायता देने के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत दरों को कम करना, परिमाणात्मक आसान उपाय, ऋण गारंटी, नकद अंतरण एवं राजकोषीय प्रोत्साहन उपाय जैसे बहुत से कदम उठाए.

2. घरेलू अर्थव्यवस्था

2.1 राष्ट्रीय सांख्यिकिक कार्यालय (एनएसओ) के अनंतिम अनुमानों के अनुसार भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2020-21 में कम होकर -7.3 प्रतिशत रहा. वित्त वर्ष 2021 के लिए स्थिर मूल्यों (2011-12) पर वास्तविक जीडीपी वर्ष 2019-20 के रु.145.69 लाख करोड़ के सापेक्ष रु.135.13 लाख करोड़ अनुमानित है. वित्त वर्ष 2021 के लिए जीडीपी के वर्ष, 2019-20 के रु.203.51 लाख करोड़ के सापेक्ष रु.197.46 लाख करोड़ रहने का अनुमान है. वित्त वर्ष 21 के पूर्वार्द्ध में भारतीय अर्थव्यवस्था तकनीकी मंदी में आ गई, वित्त वर्ष 2021 की प्रथम तिमाही में जीडीपी 24.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी वहीं वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में 7.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी. इस तेज गिरावट का कारण सरकार द्वारा अप्रैल-मई 2020 में कोरोना वायरस के फैलाव से निपटने के लिए राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन की घोषणा किया जाना था, जिससे पहली तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में रुकावट आई और औद्योगिक तथा सेवा क्षेत्र गतिविधियों की वृद्धि पर बुरा प्रभाव पड़ा औद्योगिक तथा सेवा क्षेत्र ने 2020-21 में क्रमशः -7.0 प्रतिशत और -8.4 प्रतिशत का संकुचन दर्ज किया. कृषि क्षेत्र में प्रगति उन्नतशील रही जिसे सामान्य मानसून, अच्छी खरीफ बोवाई, पर्याप्त जल स्तरों से सहायता मिली.कृषि क्षेत्र के 2020-21 में 3.6 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करने का अनुमान है.

2.2 पूर्ववर्ती तिमाहियों के संकुचन से जीडीपी में कमी आई एवं 2020-21 की तीसरी तिमाही में वृद्धि प्राप्ति की गई (वर्ष दर वर्ष + 0.5 प्रतिशत) और इसे 2020-21 की चौथी तिमाही में और मजबूती मिली (वर्ष दर वर्ष +1.6 प्रतिशत). वृद्धि के उच्च सूचकांक आवर्ती बिन्दुओं की गति को चौथी तिमाही में और मजबूती मिली यद्यपि मार्च 2021 में कुछ राज्यों में कोविड-19 संक्रमण की वृद्धि से आंकलन में अनिश्चितता आई.

2.3 अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने 2021-22 के लिए भारत में 12.5 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है. 2022-23 के लिए आईएमएफ

ने भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2021-22 के लिए 9.5 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है जिसमें प्रथम तिमाही की 18.5 प्रतिशत वृद्धि , दूसरी तिमाही की 7.9 प्रतिशत , तीसरी तिमाही की 7.2 प्रतिशत एवं चौथी तिमाही की 6.6 प्रतिशत शामिल हैं.

2.4 आगे देखें तो दक्षिण-पश्चिम मानसून का पूर्वानुमान, कृषि एवं कृषि अर्थव्यवस्थआ का लचीलापन, व्यापार के कोविड समर्थित परिचालन मॉडल और वैश्विक वसूली को प्राप्त गति घरेलू अर्थव्यवस्था की पुनर्बहाली के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवएगी. इसके अतिरिक्त आने वाले महीनों में टीकाकरण प्रक्रिया के गति पकड़ने की आशा है जिससे आर्थिक गतिविधियों को सामान्य रूप में लाने में सहायता मिलेगी. अनुकूल मौद्रिक नीति अपनाने, आत्मनिर्भर योजना के अंतर्गत राजकोषीय प्रोत्साहन और केंद्रीय बजट 2021-22 में वर्धित पूँजी परिव्यय एवं निवेश वृद्धि करने वाले प्रस्तावों से सार्वजनिक निवेश में बढ़ोत्तरी होगी और अधिक संख्या में निजी निवेश भी प्राप्त होगा.

3 मूल्य परिदृश्य

3.1 वित्त वर्ष 21 में प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं में उपभोक्ता मूल्य आधारित मुद्रास्फीति (सीपीआई) कम एवं लक्ष्य से नीचे रही जबकि चीन, थाइलैंड और इंडोनेशिया को छोड़कर प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं में अधिकांश समय सीपीआई मुद्रास्फीति में बढ़ोत्तरी हुई, यहाँ तक कि कुछ देशों में लक्ष्यों से भी अधिक रही.

3.2 घरेलू अर्थव्यवस्था में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) द्वारा आंकी जाने वाली मुख्य मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2020-21 में खाद्य एवं मुख्य श्रेणी की कीमत प्रवाह में वृद्धि से लगातार आठ महीनों तक लक्ष्य से ऊपर रही एवं अक्तूबर 2020 में 7.6 प्रतिशत के शीर्ष स्तर पर पहुँची. यद्यपि मुख्य सीपीआई मुद्रास्फीति दिसंबर 2020 में कम होकर टालरेंस बैंड में पहुंची एवं मार्च 2021 में 5.52%रही. रियायतों द्वारा अर्थव्यवस्था को अनलॉक करने से, आपूर्ति श्रृंखलाओं की पुनर्बहाली तथा गतिविधियों के सामान्य होने से उच्च मुद्रास्फीति देखी गई. व्यापक आधारित कीमत दबावों को दर्शाते हुए सीपीआई समूह/ उप समूह मुद्रास्फीति 2020-21 में 4.9 प्रतिशत पर केंद्रित रही.

3.3 मूल मुद्रास्फीति अवरुद्ध रही तथा आर्थिक गतिविधियां सामान्य रूप से होने एवं मांग में वृद्धि होने से वित्त वर्ष के दौरान इसे मजबूती मिली. मुख्य मुद्रास्फीति (खाद्य एवं ईंधन के अतिरिक्त मुद्रास्फीति) में दृढ़ता बनी रही और मार्च 2021 में यह 5.96 प्रतिशत रही. यह वृद्धि औद्योगिक कच्चे माल की अधिक कीमतों, पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों के उच्चतम स्तर तथा लॉकडाउन के बाद की अवधि में व्यापार करने की उच्चतर लागत की वजह से हुई.

4. स्टॉक मार्केट का निष्पादन

4.1 वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान वैश्विक वित्तीय बाज़ार में अधिकतर तेजी रही जो टीकाकरण से उत्पन्न आशावाद से प्रेरित रहा. प्रमुख देशों में बड़े पैमाने पर राजकोषीय तथा मौद्रिक प्रोत्साहन के साथ-साथ वैश्विक ईक्विटी बाज़ार में सुदृढ़ रैलियों तथा भारत में किए गए उपायों ने घरेलू बाज़ार संवेदनाओं को बढ़ावा दिया.

4.2 घरेलू ईक्विटी बाज़ार में, 23 मार्च 2020 को 25981 के निचले स्तर पर पहुँचने के बाद बीएसई सेनसेक्स में 2020-21 के प्रथम अर्ध-वर्ष (एच1:2020-21) के दौरान 46.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई. रिकॉर्ड एफपीआई आगमन से, आर्थिक गतिविधि के पुनरुद्धार, सुदृढ़ धन अर्जन, कोविड-19 टीका का शुभारंभ तथा संवृद्धि उन्मुख यूनियन बजट-2021-22 की घोषणा से, सकारात्मक वैश्विक संकेतों पर घरेलू ईक्विटी 2020-21 के दूसरे अर्ध-वर्ष के दौरान सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुँचा. दूसरे अर्ध-वर्ष (एच2:2020-21) में बीएसई सेंसेक्स 30.1 प्रतिशत बढ़कर 49,509 पर बंद हुआ.

5 आय प्रवाह :

5.1 वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान आय प्रवाह अस्थिर रहा. आरबीआई द्वारा घोषित तरलता बढ़ाने के उपायों से वर्ष 2020-21 की प्रथम तिमाही में आय में कमी आना, अप्रैल और मई के दूसरे भाग में कम हो गया था. 2020-21 के लिए केंद्र सरकार के बाजार उधार में 7.8 लाख करोड़ रुपये से 12.0 लाख करोड़ रुपये तक, लगभग 54 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा के साथ - हालांकि, 11 मई, 2020 को बेंचमार्क प्रतिफल में 20 बीपीएस की वृद्धि हुई. जून में, कई कारक जैसे दिनांकित प्रतिभूतियों की कम मांग; सीमा तनाव; फिच रेटिंग्स द्वारा रेटिंग डाउनग्रेड; और टी-बिल और राज्य विकास ऋण (एसडीएल) जारी करने में वृद्धि से आपूर्ति की कमी ने प्रतिफल को स्थिर रखा. इसके बाद, हालांकि, अमेरिकी ट्रेजरी पैदावार में नरमी, कच्चे तेल के वायदा में गिरावट और आरबीआई द्वारा विशेष खुले बाजार संचालन (ओएमओ) या "ऑपरेशन ट्विस्ट" की घोषणा ने जून के अंत तक प्रतिफल पर दबाव कम कर दिया. रिज़र्व बैंक ने जुलाई-सितंबर के दौरान पांच ऑपरेशन ट्विस्ट नीलामियों का आयोजन किया और परिपक्वता तक धारित (एचटीएम) श्रेणी के तहत रखी गई एसएलआर प्रतिभूतियों की सीमा में एनडीटीएल के 2.5 प्रतिशत की वृद्धि-19.5 प्रतिशत से 22 प्रतिशत तक- के साथ उनका समर्थन किया. कुल मिलाकर, 2020-21 की पहली तिमाही में 10-वर्षीय बेंचमार्क प्रतिफल में 15 बीपीएस की कमी आई. वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही में, आय ने जून और जुलाई के लिए ईंधन की कीमतों में वृद्धि और उच्च मुद्रास्फीति प्रिंट पर एक सख्त पूर्वाग्रह प्रदर्शित किया. कुल मिलाकर, 10-वर्षीय प्रतिफल (5.79 प्रतिशत जीएस 2030) दूसरी तिमाही में 12 बीपीएस तक कम हो गया, जो मुख्य रूप से अगस्त में 24 बीपीएस की वृद्धि को दर्शाता है. वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही के दौरान, आय 15 बीपीएस घटकर 6.04 प्रतिशत से 5.89 प्रतिशत हो गई. चौथी तिमाही के दौरान, 1 फरवरी, 2021 को केंद्रीय बजट 2021-22 की प्रस्तुति तक आय ऊर्ध्वगामी पूर्वाग्रह के साथ सीमित रही. वित्त वर्ष 2020-21 के लिए औसत जी-सेक आय 5.99% थी. कॉरपोरेट बॉन्ड आय में भी कमी आई, जिससे सरकारी प्रतिभूतियों के प्रतिफल में उतार-चढ़ाव पर नजर रखी गई. इसके अलावा, जारीकर्ता श्रेणियों और रेटिंग स्पेक्ट्रम में संबंधित जी-सेक पर कॉरपोरेट बॉन्ड का प्रसार कम हुआ.

6 बाहरी क्षेत्र

6.1 भारत का व्यापारिक निर्यात वित्त वर्ष 20 के दौरान $ 313.2 बिलियन की तुलना में वित्त वर्ष 21 के दौरान यह $ 290.6 बिलियन था. वित्त वर्ष 21 में 7.3% की डी-ग्रोथ वित्त वर्ष 20 में 5.2% डी-ग्रोथ से अधिक रही है. पिछले वर्ष के $474.2 बिलियन की तुलना में वित्त वर्ष 21 में पण्य आयात घटकर $389.2 अरब रह गया. इसके परिणामस्वरूप, संकुचन वित्त वर्ष 20 में 7.8% से बढ़कर वित्त वर्ष 21 में 18% हो गया है. चूंकि आयात में डी-ग्रोथ अधिक रही है, वित्त वर्ष 21 में व्यापार घाटा पिछले वर्ष के $161 बिलियन की तुलना में कम होकर $98.6 बिलियन हो गया है.

6.2 भारत की विकास संभावनाओं के बारे में बढ़ते आशावाद पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) द्वारा समर्थित 2020-21 में शुद्ध पूंजी प्रवाह मजबूत रहा. वित्त वर्ष 21 के दूसरे भाग के दौरान इक्विटी सेगमेंट में पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा शुद्ध खरीद में तेज वृद्धि के परिणामस्वरूप पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान $ 5.2 बिलियन अमेरिकी के बहिर्वाह की तुलना में वर्ष 2020-21 (30 मार्च तक) के दौरान $ 37.1 बिलियन अमेरिकी का शुद्ध एफपीआई प्रवाह हुआ. भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ़डीआई) का प्रवाह 2020-21 में 10% बढ़कर रिकॉर्ड $ 81.72 बिलियन हो गया, जिसमें एफ़डीआई इक्विटी प्रवाह 19% बढ़कर लगभग $ 60 बिलियन हो गया.

6.3 विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपये ने दो-तरफा चलन का प्रदर्शन किया है, जो कोविड -19 के प्रसार और नियंत्रण पर उत्तेजक विचारों से प्रेरित वैश्विक जोखिम-ऑन जोखिम-ऑफ भावनाओं को दर्शाता है. भारतीय रुपया शुरू में महामारी के फैलने से दबाव में आया था, लेकिन बाद में ईएमई परिसंपत्तियों के लिए निवेशकों की रुचि में वापसी के साथ अमेरिकी डॉलर की तुलना में इसकी मूल्यवृद्धि हुई है. वित्त वर्ष की समाप्ति पर भारतीय रुपया 73.20 प्रति डॉलर रहा, जबकि पिछले संगत वर्ष की इसी अवधि में यह 75.66 प्रति डॉलर था.

6.4 अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें वैश्विक स्तर पर लॉकडाउन लागू होने के बाद गिर गईं, जिससे 21 अप्रैल, 2020 को कच्चे तेल की इंडियन बास्केट की कीमत लगभग यूएस $ 16 प्रति बैरल हो गई. इसके बाद, अगस्त 2020 के अंत तक कच्चे तेल की इंडियन बास्केट की कीमत बढ़कर यूएस $ 44 प्रति बैरल हो गई. वर्ष 2020-21 के दूसरे अर्ध-वर्ष में, कच्चे तेल की कीमतें (इंडियन बास्केट) सितंबर 2020 में लगभग यूएस $ 41 प्रति बैरल से फरवरी 2021 में यूएस $ 61 प्रति बैरल तक लगभग 50 प्रतिशत बढ़ गईं. वित्तीय वर्ष 2020-21 में भारत के विविध कच्चे तेल (सीओबी) का औसत वार्षिक मूल्य $ 42.72 प्रति बैरल था.

6.5 मार्च 2021 के अंत तक भारत का विदेशी मुद्रा रिज़र्व $ 579.28 बिलियन तक पहुंच गया. वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान रिज़र्व में $101.5 बिलियन की वृद्धि हुई, जो अब तक किसी भी वित्तीय वर्ष में विदेशी मुद्रा किटी में सबसे अधिक वृद्धि है.

7 चलनिधि शर्तें :

7.1 वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, उदार मौद्रिक नीति रुझान के अनुरूप अधिशेष चलनिधि की स्थिति थी. अप्रैल 2020 में कोविड से संबंधित अव्यवस्थाओं के कारण निलंबित सामान्य चलनिधि प्रबंधन परिचालन, रिज़र्व बैंक के सिस्टम में पर्याप्त तरलता की उपलब्धता को दोहराए जाने के साथ जनवरी 2021 में फिर से शुरू किया गया था.

7.2 ओपन मार्केट ऑपरेशंस (ओएमओ) - खरीद और बिक्री दोनों - मौद्रिक नीति के रुझान के साथ बैंकिंग प्रणाली में टिकाऊ चलनिधि को समायोजित करने के लिए एक प्रमुख साधन हैं. वित्त वर्ष 21 के दौरान, आरबीआई ने ₹ 5.04 लाख करोड़ रुपये की जी-सेक की ओएमओ खरीद और राशि ₹30,000 करोड़ की एसडीएल की ओएमओ खरीद की. वित्त वर्ष 21 के दौरान कुल ओएमओ बिक्री (विशेष ओएमओ सहित) 1.84 लाख करोड़ रुपये थी.

7.3 कुल मिलाकर, रिज़र्व बैंक द्वारा 6 फरवरी, 2020 से (31 मार्च, 2021 तक) घोषित कुल चलनिधि सहायता ₹13.6 लाख करोड़, 2020-21 नॉमिनल जीडीपी का 6.9 प्रतिशत है.

8 आरबीआई के नीतिगत फैसले

8.1 वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान, आरबीआई ने 22 मई, 2020 को प्रमुख नीतिगत दर में 40 बीपीएस की कमी की है और शेष वित्तीय वर्ष के दौरान नीतिगत रेपो दर को अपरिवर्तित रखा है. तदनुसार, रेपो दर और रिवर्स रेपो दर लगभग दो दशक के निचले स्तर क्रमशः 4.00 प्रतिशत और 3.35 प्रतिशत पर है. एमएसएफ दर और बैंक दर को क्रमशः 4.65 प्रतिशत से घटाकर 4.25 प्रतिशत कर दिया गया. मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने यह सुनिश्चित करते हुए कि मुद्रास्फीति आगे बढ़ने वाले लक्ष्य के भीतर बनी रहे, समायोजन के रुझान को जारी रखने का निर्णय लिया है जब तक विकास को पुनर्जीवित करने और अर्थव्यवस्था पर कोविड-19 के प्रभाव को कम करने की आवश्यकता है.

8.2 भारतीय रिजर्व बैंक ने कोविड-19 के मद्देनजर कई पारंपरिक और गैर-पारंपरिक उपाय किए. नीतिगत दर में कमी के पारंपरिक उपायों के अलावा, आरबीआई ने क्षेत्रीय ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने और तनाव को कम करने के उद्देश्य से प्रणाली के साथ-साथ क्षेत्र-विशिष्ट तरलता को बढ़ाने के लिए लंबी अवधि के रेपो परिचालन (एलटीआरओ) और लक्षित दीर्घकालिक रेपो परिचालन (टीएलटीआरओ) को प्रारंभ किया. चुनांदा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों (एआईएफआई) को विशेष पुनर्वित्त सुविधाएं प्रदान की गईं, जबकि मोचन दबाव को कम करने के लिए म्यूचुअल फंड (एसएलएफ-एमएफ) के लिए एक विशेष तरलता सुविधा आरंभ की गई थी. वित्तीय स्थिरता को खतरे में डाले बिना अनुकूल वित्तपोषण स्थितियों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया था. इसके अलावा, सहकारी परिणामों को साकार करने के लिए आरबीआई की संचार रणनीति में आगे के मार्गदर्शन को प्रमुखता मिली. आरबीआई ने वित्तीय स्थिरता बनाए रखते हुए, सिस्टम में पर्याप्त तरलता के प्रावधान के माध्यम से वसूली प्रक्रिया का समर्थन प्रदान करना सुनिश्चित किया.

8.3 परिणामस्वरूप पूरे स्पेक्ट्रम में ब्याज दरों में ढील दी गई, स्प्रेड संकुचित हो गए और अनुकूल वित्तीय स्थितियां बनी रहीं. इसने वित्तीय बाजारों और संस्थानों की सामान्य कार्य प्रणाली, उधार की 17 साल की कम भारित औसत लागत पर संवर्धित सरकारी उधार कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से पूरा करने और कॉर्पोरेट बॉन्ड की रिकॉर्ड मात्रा में जारीकरण को सक्षम किया.

8.4 जैसे ही सामान्य स्थिति वापस आई, बैंकों को एलटीआरओ / टीएलटीआरओ के तहत पहले ली गई धनराशि को समय से पहले वापस करके सौम्य ब्याज दर के माहौल का लाभ उठाने में सक्षम बनाया गया. इसके अतिरिक्त, नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को 100 बीपीएस (4.0 प्रतिशत से घटाकर 3.0 प्रतिशत) कर दिया गया था. इसके अलावा, सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) के तहत बैंकों के लिए उनके सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) को कम करके उधार लेने की सीमा को पहले के 2 प्रतिशत से बढ़ाकर एनडीटीएल का 3 प्रतिशत कर दिया गया था. कोविड-19 से प्रभावित व्यवहार्य खातों के समाधान के लिए एक व्यापक समाधान फ्रेमवर्क 1.0 के साथ ऋण चुकौती पर स्थगन के रूप में उधारकर्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए प्री-एम्पटिव विनियामक उपायों की घोषणा की गई.

9 बैंकिंग परिदृश्य :

9.1 बैंकिंग क्षेत्र अर्थ व्यवस्था में कोविड महामारी के कारण हुई मंदी के कारण खराब आस्ति गुणवत्ता, ऋण मांग में कमी संबंधी चुनौतियों का सामना करता रहा.

9.2 2020 -21 के दौरान ऋण ऑफ-टेक, गैर-खाद्य ऋण वृद्धि 27 मार्च 2020 की 6.17 प्रतिशत की तुलना में 26 मार्च 2021 को 5.59 प्रतिशत के रूप में कम हुई. 2020-21 के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) में ऋण वृद्धि, कृषि क्षेत्र को छोड़कर बाकी सभी प्रमुख क्षेत्रों में कम रही. मुख्यतः बड़े उद्योगों को ऋण देने के कारण ऋण वृद्धि 0.4% (एक वर्ष पहले 0.7%) के रूप में कम हुई और मार्च 2021 (एक वर्ष पहले की 0.6% की वृद्धि की तुलना में) में यह 0.8% के रूप में संकुचित हो गई. यह प्राथमिक रूप से बड़े उद्योगों द्वारा गैर बैंक साधनों से वित्तीय साधन प्राप्त करने के कारण हुई है जब कि मध्यम उद्योगों ने मार्च 2021 (एक वर्ष पहले के 0.7% की संकुचन की तुलना में) में 28.8% की सुदृढ़ वृद्धि दर्शाई है. वैयक्तिक ऋणों की वृद्धि में मंदी जारी है, जैसे कि एक वर्ष पहले के 15.0 प्रतिशत से मार्च 2021 में 10.2 प्रतिशत के रूप में मंदी हुई. तथापि,माह के दौरान वाहन ऋण और गोल्ड ज्वैलरी पर ऋण का निष्पादन अच्छा रहा, और त्वरित वृद्धि दर्ज की गई.

9.3 ब्याज दरों में पर्याप्त कमी, जमाकर्ताओं का जोखिम से बचनेवाले व्यवहार और लाभप्रद वैकल्पिक निवेश के अभाव के बावजूद वित्त वर्ष 21 के दौरान एससीबी की समग्र जमाओं ने सुदृढ़ वृद्धि दर्ज की है. जमाओं ने, समवर्ती पिछले वर्ष (अर्थात् 26 मार्च, 2020) की 7.90 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में 26 मार्च, 2021 को 11.39 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाई है.

9.4 वित्त वर्ष 21 के दौरान बैंकों की जमा और ऋण दरों के मौद्रिक प्रेषण में काफी वृद्धि हुई है. इस अवधि के दौरान पॉलिसी रेपो दर में 115 बीपीएस की कटौती की प्रतिक्रिया में मार्च 2020 से मार्च 2021 तक नए रुपे ऋणों पर भारित औसत ऋण दर (डब्ल्यूएएलआर) में 123 बीपीएस की गिरावट हुई. उसी समय बकाया रुपए ऋण पर डब्ल्यूएएलआर 90 बीपीएस हुई. इस अवधि के दौरान भारित औसत देशी मियादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीआर) में 107 बीपीएस गिरावट हुई. इसी अवधि में निधि आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) के 1 वर्षीय मध्यम सीमांत लागत में संचयी रूप से 95 बीपीस गिरावट हुई.

10 संसाधन प्रबंधन :

10.1 संरचनात्मक और प्रणालीगत परिवर्तनों से निपटने के साथ, आपके बैंक ने अपने व्यवसाय में सकारात्मक विकास किया है. आपके बैंक का कुल कारोबार, 31 मार्च, 2021 को रु.1577490 करोड़ तक बढ़ गया है. 31 मार्च, 2021 तक आपके बैंक की कुल जमा राशि रु.923805 करोड़ रुपये हो गई. चालू और बचत जमा (कासा) वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान कुल जमा का 36.33% है. आपके बैंक का कुल अग्रिम 31 मार्च, 2021 को रु.6,53,684 करोड़ हो गया है.

सारणी 1: जमा की संरचना

(रु. करोड़ में)

विवरण	31.03.21	31.03.20*
कुल जमा	923805	450668
कासा जमा	335592	160373
बचत जमा	271968	133958
चालू जमा	63624	26415

*आंकड़े समामेलन अवधि के पूर्व केवल यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के वित्तीय परिणामों से संबंधित है, इसलिए मार्च 31, 2021 को समाप्त वर्ष हेतु समामेलन उपरांत वित्तीय परिणामों की तुलना नहीं की जानी है.

10.2 वर्ष के दौरान किए गए नए उद्यम :

- ✔ ग्राहक प्रतिधारण कार्यनीति के हिस्से के रूप में एक विश्लेषण किया गया. बचत बैंक खाते के शेष में कमी आने वाले 5 लाख एचएनआई ग्राहकों की पहचान की गई. इन ग्राहकों को प्रेरित करने हेतु 11.07.2020 से 25.07.2020 तक "यूनियन एचएनआई कनेक्ट" के नाम से एक विशेष अभियान चलाया गया. इस अभियान का लक्ष्य, इन ग्राहकों तक पहुँचना है. ग्राहक शिकायतों के सक्रिय निवारण, किसी भी सेवा संबंधित अनुरोध को निपटाना, नई निधि जमा करने और लेन देनों में वृद्धि करने हेतु ग्राहकों को मनाना आदि है. अभियान के कारण इन खातों में रु.3850 करोड़ की वृद्धि हुई है.
- ✔ वेतन और पेशन खातों को प्राप्त करने हेतु 03.08.2020 से 30.09.2020 तक एक अभियान की शुरुआत की गई. इस अभियान के दौरान 15626 वेतन खाते और 1590 पेंशन खाते खोले गए.

- ✔ "My Bank My CASA" के नाम से नए बचत एवं चालू खातों को खोलने हेतु एक विशेष अभियान 01.10.2020 से 24.12.2020 तक चलाया गया. इस अभियान के दौरान कुल 1727397 बचत खाते और 80688 चालू खाते खोले गए और अभियान अवधि के दौरान क्रमशः रु. 1968.60 करोड़ और रु. 708.21 करोड़ की नई निधि जोड़ी गई.
- ✔ प्रति ग्राहक कारोबार/ उत्पाद में वृद्धि को लक्ष्य करते हुए ``यूनियन वैभव`` के नाम से 01.01.2021 से 31.01.2021 तक एक अभियान शुरु किया गया. शाखाओं को शीर्ष 100 बचत बैंक खाता धारकों को बुलाने और उनसे सभी वित्तीय लेन-देनों हमारे बैंक के ज़रिए करने के लिए उन्हें प्रेरित करने का लक्ष्य दिया गया , जिससे हमारा बैंक खाता उनके लिए प्राथमिक खाता बन जाए.

10.3 वर्ष के दौरान शुरू किए गए नए उत्पाद :

- ✔ रूपे के सहयोग से एचपीसीएल के साथ एक नया सह -ब्रैंड क्रेडिट कार्ड `UNI CARBON` शुरू किया गया. कार्ड का उपयोग करते हुए ग्राहक विभिन्न निःशुल्क, रिवार्ड / नकद वापसी आदि का आनंद उठा सकते हैं.

11 क्रेडिट प्रबंधन

11.1 रिटेल :

वित्तीय वर्ष 2020-21 में आपके बैंक का रिटेल ऋण संविभाग वित्तीय वर्ष में 10.49% बढ़ गया. रिटेल ऋण संविभाग में 31 मार्च, 2020 में रु. 1,13,521 करोड़ से 31 मार्च, 2021 तक रु.1,25,427 करोड़ की वृद्धि हुई है. वित्तीय वर्ष 2020-21 में रिटेल के व्यक्तिगत ऋण में 58.69% की वृद्धि के साथ अच्छी वृद्धि हुई है. रिटेल क्षेत्र में अधिकतम हिस्सेदारी वाले आवास ऋण में 6.06% की वृद्धि हुई है. वर्ष के दौरान वाहन ऋण में 27.49 %की वृद्धि हुई है जबकि बंधक ऋण में 1.12% की वृद्धि हुई हैं. नए कारोबार को आकर्षित करने हेतु बैंक ने नवोन्मेषी उपाय किए हैं. तदनुसार, बैंक ने psbloanin59minutes पोर्टल पर रिटेल ऋण उत्पाद जैसे आवास, वाहन एवं शिक्षा ऋण शुरू किए हैं. इसके साथ ही, कारोबार संग्रहण को अधिक सशक्त बनाने के लिए, आपके बैंक ने बिल्डर टाइ-अप विस्तार के साथ उत्पाद विशिष्ट अभियान का आयोजन किया है. आपका बैंक संभावित लीड्स से नए कारोबार को प्राप्त करने के लिए डाटा एनालिटिक्स का व्यापक रूप से प्रयोग कर रहा है और रु.192 करोड़ तक का कारोबार प्राप्त कर लिया गया है. खुदरा उत्पादों के डिजिटलीकरण के रूप में बैंक ने डिजिटलीकृत वैयक्तिक ऋण (पीएपीएल) की शुरुआत की है. बैंक केन्द्रीकृत प्रोसेसिंग सेंटर (यूएलपी) के जरिए प्रोसेसिंग दक्षता को बढ़ाने हेतु और वित्त वर्ष 2022 तक सभी खुदरा उत्पादों का संपूर्ण डिजिटलीकरण करने हेतु प्रयासरत है.

सारणी 2: रिटेल ऋण के तहत वर्ष दर वर्ष उत्पादवार वृद्धि:

(रु. करोड़ में)

योजना	31 मार्च 2021	31 मार्च 2020	वार्षिक वृद्धि	
			वास्तविक	(%)
यूनियन होम	66228	62442	3786	6.06
यूनियन माइल्स	9456	7417	2039	27.49
यूनियन एजुकेशन	7159	7271	-112	-1.53
यूनियन मोर्टगेज	11887	11756	131	1.11
यूनियन पर्सनल	5465	3444	2021	58.69
अन्य	25230	21192	4038	19.06
कुल रिटेल	**125427**	**113521**	**11906**	**10.49**

11.2 कृषि :

11.2.1 आपके बैंक के लिए कृषि अग्रिम सदैव ही प्राथमिकता का क्षेत्र रहा है. यथा 31.03.2021 को बैंक का कृषि अग्रिम, बैंक के कुल अग्रिम की 19 प्रतिशत है. 31 मार्च, 2021 को कृषि प्राथमिकता के अंतर्गत 18% के सांविधिक लक्ष्य की तुलना में बैंक का निष्पादन 18.69 % रहा और बैंक, भारिबैं के ई-कुबेर पोर्टल के अंतर्गत कृषि में रु.3500 करोड़ के आधिक्य की बिक्री करने में भी समर्थ हुआ. बैंक ने वित्त वर्ष 2020-21 में कृषि हेतु 31.03.2021 तक रु.120124 करोड़ की बकाया राशि के साथ 11.89% की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्ज की है.

यथा 31 मार्च, 2021 लघु एवं सीमांत किसानों को बकाया ऋण रु.76070 करोड़ था जो कि एएनबीसी के 8 प्रतिशत बेंचमार्क के सापेक्ष एएनबीसी का 11.74 प्रतिशत है. वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, 2.51 लाख नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए हैं.

11.3 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) :

11.3.1 बैंक ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को ऋण देने में ध्यान केंद्रित किया है. एमएसएमई को ऋण 3.24% की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए 31 मार्च, 2021 को रु.1,22,274 करोड़ रहा. एमएसएमई के अधीन, 31 मार्च, 2021 को एमएसई ऋण रु.94,484 करोड़ रहा एवं इसमें 3.29 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई. एमएसएमई संविभाग के विश्लेषण नीचे दिया गया है :

सारणी 3: एमएसएमई पोर्टफोलियो का विश्लेषण

(रु.करोड़ में)

विवरण	31.03.2021	31.03.2020	वार्षिक वृद्धि	
			वास्तविक	(%)
सूक्ष्म	45347	41523	3824	9.21
लघु	49137	49949	(812)	(1.63)
एमएसई	**94483**	**91472**	**3011**	**3.29**
मध्यम	27790	26968	822	3.05
एमएसएमई	**122274**	**118440**	**3834**	**3.24**

11.3.2 वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, प्रधान मंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के अंतर्गत रु. 8423.76 करोड़ संग्रहीत करते हुए 870141 नए ऋण की मंज़ूरी की गई. 31.03.2021 को पीएमएमवाई के अंतर्गत बकाया स्थिति 22.06 लाख खाते के साथ रु.18832.18 करोड़ की हैं.

11.3.3 सरल (केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र) प्रोसेसिंग के साथ ही एक अधिग्रहण केंद्र के रूप में भी कार्य कर रहा है. मार्च 2021 तक, सरल और सरल लाइट्स की संख्या 94 रही. वित्तीय वर्ष 2020-2021 के दौरान 46 नए सरल और सरल लाइट्स खोले गए.

11.3.4 बैंक ने प्राथमिकता आधार पर लीड जनरेट करने के लिए एवं इसे फलदायी कारोबार में परिवर्तित करने के लिए सरल में रिलेशनशिप मैनेजर को पदस्थ किया है. सरल के केंद्रीकरण और संविभागीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है.

11.3.5 www.psbloansin59minutes.com **पोर्टल के तहत उपलब्धियां:** हमारा बैंक psbloansin59minutes.com पोर्टल पर सबसे अच्छा कार्यनिषादन करने वाले बैंकों मे से एक है. 31.03.2021 तक, इस पोर्टल के जरिए 33167 एमएसएमई को सैद्धांतिक रुप से मंजूरी दी गई है. जिसमें से रु.5380.65 करोड़ राशि के 18081 प्रस्तावों को अंतिम मंजूरी दे दी गई है. हमने सर्वप्रथम एमएसएमई के लिए 5 करोड़ तक का वित्त प्रदान किया है.

एमएसएमई अग्रिमों को बढ़ावा देने के लिए नई पहल :

11.3.6 कोविड इमर्जेन्सी लाईन ऑफ क्रेडिट (सीईएलसी) योजना: बैंक द्वारा वित्त वर्ष 2020-21 की प्रथम तिमाही में कोविड महामारी द्वारा बाधित कारोबार को समर्थन देने हेतु एक प्रतिबद्ध योजना, कोविड इमर्जेन्सी लाईन ऑफ क्रेडिट (सीईएलसी) योजना की शुरुआत की गई है. योजना का लक्ष्य, कोविड़-19 महामारी से उत्पन्न संकट का निवारण करने हेतु सांविधिक देयों के भुगतान, वेतन/ बिजली बिल / भाड़ा आदि जैसे अस्थाई चलनिधि बेमेल की पूर्ति हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना है. सीईएलसी के अंतर्गत 113880 उधारकर्ताओं को रु.3651.56 करोड़ के ऋण मंजूर किए गए हैं.

11.3.7 यूनियन गारंटीड इमर्जेन्सी क्रेडिट लाईन (यूजीईसीएल)– योजना की शुरुआत इमर्जेंसी क्रेडिट लाईन गारंटी योजना के अनुसार हुई है. ईसीएलजीएस (ऋण उत्पादः गारंटीड इमर्जेन्सी क्रेडिट लाईन) की घोषणा वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय के द्वारा भारत सरकार ने की है. बैंक द्वारा यूजीईसीएल 1.0 योजना मई 2020 में और यूजीईसीएल 2.0 योजना, नवंबर 2020 में प्रारंभ की गई थी. यूजीईसीएल 1.0 एवं 2.0 के अंतर्गत 372660 उधारकर्ताओं को रु.9681.20 करोड़ की मंज़ूरी दी गई.

11.3.8 एनबीएफसी/एचएफसी से उच्च श्रेणी की आबंटित संपत्ति खरीदने के लिए आंशिक क्रेडिट गारंटी योजना (पीसीजीएस) :

वित्तीय रूप से सुदृढ़ एनबीएफसी/एचएफसी से उच्च श्रेणी की आबंटित संपत्तियों की खरीद के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को आंशिक ऋण गारंटी योजना पर वित्त मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार, आपके बैंक द्वारा एक समयबद्ध योजना शुरू की गई है. यह योजना वित्तीय रूप से सुदृढ़ एनबीएफसी/एचएफसी से उच्च श्रेणी की आबंटित संपत्ति खरीदने के लिए 24 महीने की आंशिक ऋण गारंटी प्रदान करती है. इस योजना में, सरकार पहले डिफ़ॉल्ट के 10% तक की हानि की गारंटी प्रदान करेगी.

11.3.9 पीएम स्ट्रीट वेंडर की आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि): कोविड महामारी के कारण बुरी तरह से पीड़ित स्ट्रीट वेंडरों को उनकी आजीविका को फिर से शुरू करने के लिए सस्ती कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करने हेतु एक विशेष लघु ऋण सुविधा (आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार से). यह विशेष आर्थिक पैकेजों में से एक है जिसमें स्ट्रीट वेडरों हेतु ऋण प्राप्त करने की सरल प्रक्रिया की सुविधा है. हमारे बैंक ने भी स्ट्रीट वेडरों के लिए एक समर्पित एवं सुसंगत उत्पाद तैयार किया है. पीएम स्वनिधि के तहत 259652 उधारकर्ताओं को 259.45 करोड़ रुपये के ऋण मंजूर किए गए.

11.3.10 यूनियन रेसिडेंशियल रियल एस्टेट इन्वेंटरी सपोर्ट (यूआरआरईआईएस) योजना: रियल एस्टेट सेगमेंट में लगे व्यावसायिक उद्यम परस्पर संबंधित मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से गुज़र रहे हैं, जिसमें उनके कर्मचारियों की देखरेख, नकदी और तरलता को बढ़ाने, संचालन को पुनः प्रस्तुत करना आदि शामिल हैं. बैंक द्वारा रेसिडेंशियल रियल एस्टेट सेग्मेंट को ऋण देने के लिए एक विशेष उत्पादः यूआरआरईआईएस योजना शुरू की गई है.

11.3.11 स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटापी) के माध्यम से एमएसएमई को डिजिटल लेंडिंग: एसटीपी एक प्रमुख तकनीक है जिसका उपयोग बैंकों द्वारा बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के ऋण प्रस्तावों को डिजिटल रूप से संसाधित करने के लिए किया जाता है। बैंक द्वारा एसटीपी मॉडल के तहत शुरू किए गए उत्पाद निम्नानुसार हैं:

- शिशु मुद्रा लोन की प्रारंभ से अंत तक स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) : इस मॉडल को वित्त वर्ष 2020-2021 की तीसरी तिमाही में प्रारंभ किया गया था. इस मॉडल के तहत, बैंक के मौजूदा ग्राहक को 7-8 मिनट की औसत अवधि के भीतर डिजिटल माध्यम से शिशु मुद्रा ऋण (रु. 50,000/- तक) की स्वीकृति और वितरण प्राप्त होता है. हमारा बैंक साथ के पीएसबी के बीच एकमात्र बैंक है जिसके पास संवितरण चरण तक संपूर्ण शिशु मुद्रा ऋण मॉडल उपलब्ध है. ये ऋण उचित दस्तावेज़ीकरण (एनईएसएल के माध्यम से) और बाद में सीजीटीएमएसई कवरेज के साथ पूरी तरह से सुरक्षित हैं.

- 5 करोड़ रुपये तक का एमएसएमई एसटीपी (सैद्धांतिक अनुमोदन): 5 करोड़ रुपये तक के एमएसएमई ऋण निर्बाध रूप से सैद्धांतिक और तत्काल ऋण अनुमोदन प्रदान कर किए जाते हैं. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एकमात्र पीएसबी है जिसके पास सैद्धांतिक अनुमोदन चरण तक मैन्युअल हस्तक्षेप के बिना ऋण प्रस्ताव को डिजिटल रूप से संसाधित करने के लिए आंतरिक प्रणाली युक्त एप्लिकेशन है. नए एवं वर्तमान उधारकर्ता रु. 5 करोड़ तक की ऋण सुविधाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं और

30 मिनट की औसत समय अवधि के भीतर सैद्धांतिक अनुमोदन प्राप्त कर सकते हैं. बिजनेस रूल एंजिन विभिन्न एकीकरणों के माध्यम से डेटा को पढ़ने और विश्लेषण करने के लिए परिष्कृत एल्गोरिथ्म का उपयोग करता है. ऋण आवेदन 24*7 कहीं से भी और कभी भी जमा किया जा सकता है.

11.3.12 कॉर्पोरेट ऋण : दिनांक 31.03.2021 को कार्पोरेट ऋण रु.2,85,859 करोड़ रुपये रहा. देश भर में सात औद्योगिक वित्तीय शाखाएँ (आईएफबी) और सैंतीस मिड कार्पोरेट शाखाएँ कार्पोरेट ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर रही हैं. बैंक ने बड़े कार्पोरेट की निवेश ग्रेड परियोजनाओं के लिए विवेकपूर्ण संवितरण किया है, इस तरह से भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के अवसरों में और उसके वैश्विक संबंधों में योगदान दिया है.

11.4 प्राथमिक क्षेत्र अग्रिम :

11.4.1 आपका बैंक समाज के जरूरतमंद वर्गों को ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है. प्राथमिक क्षेत्र अग्रिम के तहत, आपके बैंक ने 5.13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो 31 मार्च, 2021 को रु. 279576 करोड़ रहा. प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों के तहत 40**%** के सांविधिक लक्ष्य की तुलना में आपके बैंक ने मार्च-2021 को समाप्त तिमाही के लिए समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) का 42.00 प्रतिशत की वृद्धि तथा आरआईडीएफ/सिडबी/मुद्रा/एनएचबी में निवेश सहित तथा पीएसएलसी बिक्री को छोड़कर 2.42**%** की वृद्धि दर्ज की.

सारणी 4: प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम

(रु. करोड़ में)

विवरण (आरआईडीएफ सहित)	31.03.21	31.03.20	वर्ष-दर- वर्ष (%)	एएनबीसी का (%)	बेंचमार्क वि. व. 2021 (एएनबीसी का %)
प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण (रु. 18500 करोड़ की पीएसएलसी को घटाने के पश्चात्)	272203	265769	2.42	42.00	40%
कृषि क्षेत्र (रु. 3500 करोड़ की पीएसएलसी को घटाने के पश्चात्)	121142	106726	13.51	18.69	18%
लघु एवं सीमांत कृषक (रु. 3500 करोड़ की पीएसएलसी को घटाने के पश्चात्)	76070	62834	21.07	11.74	8%
कमजोर वर्ग को ऋण (रु. 3500 करोड़ की पीएसएलसी को घटाने के पश्चात्)	88170	82372	7.04	13.60	10%
महिला लाभार्थियों को ऋण	73307	62939	16.47	11.31	5%

सामाजिक उत्थान हेतु विशेष ऋण

11.4.2 आपका बैंक समाज के सभी वर्गों के लिए सामाजिक विकास एवं समान अवसर उपलब्ध करने हेतु दृढ़संकल्प है. तदनुसार, बैंक ने विभिन्न कमजोर एवं खासतौर से महिला समाज, अल्पसंख्यक समुदाय एवं स्वयं-सहायता समूहों के अनारक्षित वर्ग को ऋण सुविधाएं प्रदान की हैं.

11.4.3 महिला लाभार्थी: महिलाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा उन्हें आत्म निर्भर बनाने को ध्यान में रखकर, आपका बैंक महिला उद्यमियों हेतु ऋण को प्रोत्साहित करता है. वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान, महिला लाभार्थियों के बकाया ऋण में 16.47**%** की वृद्धि हुई है जोकि मार्च 2020 के रु.62939 करोड़ से बढ़कर मार्च 2021 में रु.73307 दर्ज हुआ. यह बेंचमार्क 5.0**%** की तुलना में एएनबीसी का 11.31**%** है.

11.4.4 अल्पसंख्यक समुदाय: आपका बैंक भारत सरकार के निदेशों के अनुसार सिक्खों, मुस्लिमों, ईसाइयों, पारसियों, बौद्धों एवं जैन जैसे अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण हेतु वित्त प्रदान कर रहा है. दिनांक 31 मार्च 2021 को अल्पसंख्यक समुदाय की बकाया राशि रु. 24342 करोड़ रही, जो प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र अग्रिमों का 8.66 प्रतिशत है.

11.4.5 कमजोर वर्ग: आपका बैंक समाज के कमजोर वर्ग को वित्त प्रदान करने में सक्रिय रूप से भागीदार रहा है. दिनांक 31 मार्च, 2021 को पीएसएलसी-एसएफएमएफ बिक्री को घटाकर कमजोर वर्ग को वित्त 7.04 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए, 82372 करोड़ रुपये से बढ़कर 88170 करोड़ हो गया है. 10 प्रतिशत के बेंचमार्क के मुकाबले बकाया क्रेडिट एएनबीसी का 13.60 प्रतिशत रहा.

11.4.6 ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी): ग्रामीण युवाओं की रोजगार संबंधी समस्या को कम करने के उद्देश्य से बैंक ने उन जिलों में 14 आरसेटी की स्थापना की है जिन जिलों में बैंक "अग्रणी (लीड) बैंक की ज़िम्मेदारी" में है. दिनांक 31 मार्च, 2021 तक हमारे आरसेटी में प्रशिक्षित कुल अभ्यर्थियों की संख्या 239263 है, जिसमें से 175358 अभ्यर्थियों की नियुक्ति हो चुकी है.

11.4.7 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी): आपका बैंक चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक (सीजीजीबी), गुंटूर, आंध्र प्रदेश राज्य का प्रायोजक है. इसकी 222 सीबीएस शाखाओं का नेटवर्क है, जो आंध्र प्रदेश के 3 जिलों अर्थात् पूर्वी गोदावरी, पश्चिम गोदावरी और गुंटूर में फैली हुई है. वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान 23.05 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सीजीजीबी का कारोबार बढ़कर 12817.00 करोड़ रुपये हो गया है. कुल जमा 6539.67 करोड़ रुपये और अग्रिम 6877.33 करोड़ रुपये रहा, जिसमें निवल लाभ 101.09 करोड़ रुपये रहा. दिनांक 31.03.2021 को सकल एनपीए 1.09% और निवल एनपीए 0% है.

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु प्रमुख पहल :

11.4.8यूनियन समृद्धि केंद्र (यूएसके) : यूनियन समृद्धि केंद्र (यूएसके) एक विशेषीकृत प्रसंस्करण हब है जिसे बैंक द्वारा ग्रामीण एवं अर्ध शहरी क्षेत्रों की शाखाओं द्वारा भेजे गए आरएएम प्रस्तावों के प्रसंस्करण एवं

स्वीकृति के लिए प्रारंभ किया गया था. इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में आरएएम पोर्टफोलियो को मजबूत करना है तथा गुणवत्ता, मूल्यांकन और ऋण प्रस्ताव की निर्धारित अवधि में सुधार लाना है. यह पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर नासिक एवं करनाल क्षेत्र की चुनी गई शाखाओं मेंनवंबर 2017 को प्रारम्भ किया गया था. पायलट कार्यान्वयन का समग्र परिणाम उत्साहवर्धक था, विभाग ने चरणबद्ध तौर पर यूएसके की संख्याओं में वृद्धि की. वर्तमान में 52 क्षेत्रों और 16 क्षेत्र महा प्रबंधक कार्यालयों की 1175 शाखाओं को कवर करते हुए 62 यूएसके हैं. ये शाखाएं ग्रामीण ओर अर्ध शहरी शाखाओं के 21.68% को कवर कर रही हैं. विभाग द्वारा अप्रयुक्त क्षेत्रों में और अधिक संख्या में यूएसके स्थापित कर स्तर को 40% तक ले जाना प्रस्तावित है. वित्तीय वर्ष 2020-21 में वर्तमान वैश्विक महामारी के दौरान दौरान यूएसके ने रु.4025 करोड़ के लगभग एक लाख प्रस्तावों की मंजूरी दी.

11.4.9 प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफ़बीवाई): आपका बैंक उन किसानों के लाभ हेतु पीएमएफ़बीवाई लागू कर रहा है जिन्हें अक्सर मौसम संबंधी प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ता है और अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है. पीएमएफ़बीवाई के अंतर्गत आने वाले बटाईदार एवं काश्तकार सहित सभी किसान अधिसूचित फसलों को उगा रहे हैं. वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान 652462 ऋणी और गैर ऋणी किसानों को शामिल किया गया.बैंक ने कृषि के तहत ऋण में वृद्धि हेतु संबंधित क्षेत्र में किसानों को लाभ के लिए उपलब्ध क्षमता के आधार पर 32 क्षेत्र विशिष्ट योजनाएँ बनाई हैं.

वर्ष के दौरान की गई नई पहल

- ✔ बैंक ने पूरे भारत में अप्रयुक्त क्षेत्रों में उपलब्ध क्षमता के अनुसार 38 नए यूएसके खोलना प्रस्तावित किया है.
- ✔ बैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान भारत के विभिन्न क्षेत्रों में 5 नए यूनियन सम्पूर्ण को स्थापित करने की पहल की है.
- ✔ एफपीओ के वित्तपोषण के लिए एसएफएसी (लघु कृषक कृषि व्यापार समूह) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया.
- ✔ ई एनडब्ल्यूआरएस (नेगोशिएबल वेयर हाउस रिसिप्टस) के विरुद्ध वित्तपोषण करने के लिए एनईआरएल और सीसीआरएल के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया.
- ✔ यूनियन स्वर्ण ऋण केंद्रों की स्थापनाः दिनांक 31.03.2021 को 20 यूजीएलपी की स्थापना की गई.
- ✔ कृषि क्षेत्र में ऋण में सुधार लाने के लिए कृषि केंद्रित शाखाओं पर अधिक ध्यान दिया गया और ऐसी शाखाओं कीसंख्या 765 से 1500 तक बढ़ाई गई.
- ✔ कृषि ऋण एवं स्वर्ण ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन यू-मोबाइल ऐप द्वारा सक्षम किया गया.
- ✔ पीएम एफएमई योजना के तहत नोडल बैंक के रूप में कार्य करने के लिए एमओएफपीआई के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया.

वर्ष के दौरान शुभारंभ किए गए उत्पाद :

- स्वर्ण आभूषणों के विरुद्ध एसओडी (जमानती ओवर ड्राफ्ट).
- सोवर्न गोल्ड बांड के विरुद्ध ऋण.
- रु.1.60 लाख से अधिक की सीमाओं के लिए स्वर्ण की प्रतिभूति के विरुद्ध किसान क्रेडिट कार्ड
- आत्मनिर्भर भारत योजना के उत्पादों के अंतर्गत कृषि आधारभूत निधि योजना, पशुपालन आधारभूत विकास योजना, पीएम-फॉर्मेलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड एंटरप्राइजेज प्रारंभ किए गए.

वर्ष के दौरान प्राप्त पुरस्कार :

एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप द्वारा आयोजित कृषि ऋण एवं इंश्योरेंस अवार्ड 2021 में बैंक को निम्नलिखित पुरस्कार मिले थे.

- ✔ श्री राजकिरण रै जी. द्वारा भारत में कृषि वित्त के विकास और विकास की दिशा में अनुकरणीय योगदान के लिए कृषि ऋण और बीमा पुरस्कार 2021 के तहत लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्राप्त किया.
- ✔ भारत में कृषि वित्त के विकास और विकास की दिशा में अनुकरणीय योगदान के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को वर्ष का उत्कृष्ट ग्राहक सेवा पुरस्कार.
- ✔ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को कृषि वित्त श्रेणी में उत्कृष्ट नवाचार.

11.5 वित्तीय समावेशनन :

11.5.1 वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान निष्पादन का सारांश.

(रु. लाख में)

सारणी 5 : वित्तीय समावेशन के अंतर्गत प्रगति

विवरण	मार्च 2020	मार्च 2021	मार्च 2020 की तुलना में वृद्धि दर %
कुल पीएमडीवाई खाते	173.99	216.73	24.56
पीएमजेडीवाई खातों में शेष राशि (करोड़ में)	5049	6465	28.04
रुपे कार्ड जारी खाते	117.82	115.51	-
परिचालन खातों में रुपे कार्ड	75.67	79.08	4.51
आधार से जुडे खाते	138.24	175.04	26.62
शून्य शेष खाते	34.44	36.39	5.66
ओवरड्राफ्ट स्वीकृत	3.61	6.22	72.30
एपीवाई (संचयी)	18.03	20.30	12.59

- ✔ वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान, 42 लाख से अधिक पीएमजेडीवाई खाते खोले गए और पीएमजेडीवाई खातों में शेष राशि बढकर रु.1416 करोड़ हुई.
- ✔ वर्ष के दौरान एपीवाई के तहत संचयी नामांकन में 2.27 लाख की वृद्धि हुई.
- ✔ सभी पात्र पीएमजेडीवाई खाताधारकों को ओवरड्राफ्ट स्वीकृत करके

पीएमजेडीवाई ओवरड्राफ्ट में वर्ष के दौरान 72.3% की वृद्धि दर्ज की.

- ✔ पूरे भारत में 3595 नए बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट स्थानों (एसएसए और गैर-एसएसए) को आबंटित किया गया था.
- ✔ सभी बीसी आउटलेट्स पर बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट द्वारा ग्राहकों को 27 सेवाएं प्रदान की जाती है..
- ✔ अछूते ग्रामीण केंद्रों और आकांक्षी जिलों के इन क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करने के लिए 37 गांवों को बीसी आउटलेट प्रदान किए गए हैं.

11.5.2 वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान की गई नई पहल

- ✔ हमने उन सभी बीसी को प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया है, जिन्होंने हमारे देश में पिछले साल कोविड-19 के प्रकोप के बाद और लॉक डाउन अवधि के दौरान अप्रैल 20, मई 20 और जून 20 के दौरान सक्रिय रूप से बैंकिंग सुविधाएं प्रदान की हैं.
- ✔ वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार बैंक ने **"पीएम स्वनिधि"** योजना के तहत लाभार्थियों / उधारकर्ताओं को क्यूआर कोड के वितरण के लिए अपने व्यापार संवाददाताओं के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स को सहयोग दिया है और शिक्षित किया है.
- ✔ हमने इन जिलों में प्रदर्शन बढ़ाने के लिए आकांक्षी जिलों में विशेष अभियान का आयोजन किया है.
- ✔ हमने अपने बीसी चैनलों के माध्यम से **"जीवन प्रमाण"** -जीवन प्रमाण पत्र पंजीकरण कार्यान्वित किया है.
- ✔ हमने पीएफआरडीए द्वारा आयोजित अभियानों के अनुरूप वर्ष के दौरान एपीवाई अभियान का आयोजन किया है और सितंबर 2020 और नवंबर 2020 के महीनों के लिए पुरस्कार जीते हैं.
- ✔ हमने वर्ष के दौरान अपने ग्राहकों के लिए डोर स्टेप बैंकिंग सुविधा कार्यान्वित की है.
- ✔ बीसी बिंदुओं का निरीक्षण करने और डिजिटल रूप से रिपोर्ट प्राप्त करने के उद्देश्य से बीसी निगरानी ऐप परीक्षण के अंतिम चरण में है.
- ✔ हम समामेलित इकाई में बीसी के प्रवास के बाद बीसी के ऑन-बोर्डिंग के लिए **फिस्टैक पोर्टल** को चालू करने की प्रक्रिया में हैं.
- ✔ हम बीसी चैनलों के माध्यम से पीपीएफ (सार्वजनिक भविष्य निधि) और एसएसवाई (सुकन्या समृद्धि योजना) योजनाओं को खोलने की प्रक्रिया में हैं.
- ✔ रु. 2000/- तक के पीएजेडीवाई ओडी की मंजूरी का विकल्प केन्द्रीय कार्यालय स्तर पर 31 मार्च 2021 से स्वीकृत किया गया था 31 मार्च 2021 तक लगभाग 8000 खातों में पीएमजेडीवाई ओडी खातों में रु.2000/- स्वीकृत किया गया है.

11.5.3 पुरस्कार और मान्यता :

- ✔ **एपीवाई** : बैंक को पीएफआरडीए द्वारा आयोजित विभिन्न अभियानों में पीएफआरडीए से पुरस्कार प्राप्त हुआ है.
- ✔ **"पावर टू परसिस्ट "**: बैंक ने सितंबर 2020 के महीने हेतु पुरस्कार के लिए पात्रता प्राप्त की.
- ✔ **"वारियर्स ऑफ़ विनिंग वेन्सडे" - मासिक:** बैंक ने नवंबर 2020 के महीने के लिए पुरस्कार की पात्रता प्राप्त की.

11.5.4 व्यापार वृद्धि के लिए रणनीतियाँ :

- ✔ **अगले वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान अतिरिक्त 15000 बीसी पॉइंट (गैर एसएसए) की तैनाती**
  - क्षेमप्रका/ क्षेत्रीय कार्यालयों/ शाखाओं को लक्ष्यों का आवंटन
  - व्यवसाय की संभावनाओं के साथ व्यवहार्य स्थानों के स्रोत के लिए सभी हितधारकों को शामिल करना और प्रेरित करना.
- ✔ **बोर्डिंग पर बीसी की प्रक्रिया का डिजिटलीकरण**
  - वर्तमान में सीबीसी, अधिदेश के लिए भौतिक आवेदनों के साथ क्षेत्रीय कार्यालयों से संपर्क कर रहे हैं और क्षेत्रीय कार्यालयों में ऐसे आवेदनों के लम्बित होने की निगरानी और निगरानी करने के लिए कोई तंत्र नहीं है जो ऑन-बोर्डिंग के लिए टीएटी को प्रभावित करता है. इसलिए, हम इस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मौजूदा सीबीसी और एफआई टीम के अलावा क्षेत्रीय कार्यालयों को शामिल करके ऑन-बोर्डिंग की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाने की योजना बना रहे हैं, जो सीबीसी द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय को आवेदन अपलोड करने, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा सीओ को प्रसंस्करण और सिफारिश करने से लेकर पूरी प्रक्रिया को डिजिटल कर देगा. बीसी डेटा का एकीकरण और एफआई गेटवे और सीबीएस प्लेटफॉर्म पर इसकी सक्रियता को दिखाएगा.
  - **संबंधों को गहरा बनाना –** बैंक पीएमजेडीवाई ग्राहकों के साथ संबंधों को मजबूत करेगा और हमारे बैंक के विभिन्न उपयुक्त उत्पादों को पेश करेगा. हम पहले से ही अपने बीसी चैनलों के माध्यम से 27 सेवाओं की पेशकश कर रहे हैं, जिसमें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं (पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, एपीवाई) के तहत पीएमजेडीवाई खाताधारकों का नामांकन शामिल है. हम बीसी स्थानों पर पीपीएफ और एसएसएस (सुकन्या समृद्धि योजना) के तहत नामांकन को लागू करने का भी प्रस्ताव करते हैं.
- ✔ **एपीवाई:** बैंक पीएफआरडीए द्वारा शुरू किए गए सभी अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लेने का प्रस्ताव करते हैं और नए नामांकन हेतु क्षेत्रीय कार्यालय और शाखाओं को प्रेरित करने के लिए वर्ष के दौरान प्रोत्साहन अभियान शुरू करने के लिए कदम उठाए हैं.
- ✔ बैंक सभी पात्र पीएमजेडीवाई खाताधारकों को पीएमजेडीवाई ओवरड्राफ्ट सुविधाओं को बढ़ाने और ओवरड्राफ्ट सुविधा का लाभ सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय और शाखाओं को जागरूक करने का प्रस्ताव करते हैं.

11.5.5 कोविड – 19 महामारी पर बैंक द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदम :

- ✔ उधारकर्ताओं के बीच राहत उपायों के बारे में जागरूकता फैलाई गई, ग्राहकों और स्टाफ सदस्यों की सुरक्षा के लिए एक सख्त कोविड -19 प्रोटोकॉल लागू किया गया और ग्राहकों को हमारे डिजिटल उत्पादों और सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया.
- ✔ सभी पात्र उधारकर्ताओं को औपचारिक अनुरोध या आवेदन के बिना ऋण चुकौती पर स्थगन की अनुमति दी गई थी और एमएसएमई यानी यूनियन कोविड व्यक्तिगत ऋण योजना के लिए क्रेडिट की एक लाइन सहित ग्राहकों को विस्तारित आवश्यकता आधारित आपातकालीन क्रेडिट लाइन की अनुमति दी गई.
- ✔ रिमोट ऑडिट पूरे संगठन में लागू किया गया जिसके परिणामस्वरूप कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के साथ-साथ बैंक के लिए महत्वपूर्ण रूप से लागत की बचत हुई.
- ✔ बैंक ने 01.04.2020 से 30.06.2020 की अवधि के लिए टर्म लोन और एसआईपी म्यूचुअल फंड की किस्त के लिए स्थायी निर्देश / ऑटो डेबिट न हो पाने की स्थिति में सेवा शुल्क और न्यूनतम शेष राशि न बनाए रखने पर लगाने वाली दण्ड राशि को माफ कर दिया है.
- ✔ यदि किसी बचत/चालू खाता की शेष राशि 10,000/- रुपये से कम हो जाती है तो ऐसे मामले में 30.06.2020 तक ग्रहणाधिकार चिह्नित सेवा शुल्क की वसूली निलंबित/स्थगित की गई.
- ✔ बैंक ने ग्राहकों के लिए पुनः-केवाईसी के अनुपालन में छूट बढ़ा दी है, जिससे पुनः -केवाईसी के लंबित होने के कारण 31 दिसंबर, 2021 तक पीएमजेडीवाई/लघु/बीएसबीडीए खातों सहित सभी खातों में परिचालन पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा.
- ✔ बैंक ने सितंबर 2020 से देश भर में 100 स्थानों पर डोर स्टेप बैंकिंग सेवाएं शुरू की हैं.

संकट के इस समय में स्टाफ सदस्यों की सहायता हेतु बैंक ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

ए) संक्रमित/क्वारंटीन किए गए कर्मचारियों के लिए विशेष अवकाश का प्रावधान किया गया है.

बी) विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) और गर्भवती महिलाओं को कार्यालय में आने से छूट दी गई है.

सी) कर्मचारियों और उनके आश्रितों को कोविड टीकाकरण की लागत की प्रतिपूर्ति.

डी) अवार्ड स्टाफ को फर्नीचर ऋण और अधिकारियों को फर्नीचर योजना के तहत अनुमत मदों में ऑक्सीजन कन्संट्रेटर की मद जोड़ना।

सी) रु.5,00,000/- तथा उससे अधिक राशि के चेक/लिखतों के लिए पॉज़िटिव-पे प्रणाली सभी ग्राहकों के लिए, उनकी मर्जी से लागू की जाएगी. तथापि, पॉज़िटिव-पे प्रणाली स्वीकारने के बाद, रु. 5,00,000/- से अधिक का चेक/लिखत प्रस्तुत करने वाले ग्राहकों के लिए यह अनिवार्य होगा. पॉज़िटिव-पे से संबन्धित सीमा निर्धारित करना अनिवार्य है, इसे क्रमबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाएगा.

24.4 **डोर स्टेप बैंकिंग आरंभ करना :** भारत सरकार, वित्तीय सेवाएँ विभाग की ईज़ (व्यापक पहुँच और उत्कृष्ट सेवा) की कार्यसूची में डोर स्टेप बैंकिंग प्रमुख है. वित्तीय सेवाएँ विभाग के दिशानिदेशों के अनुपालन में, बैंक ने दिनांक 09.09.2020 को गैर-वित्तीय और वित्तीय संव्यवहारों के लिए, 700 शाखाओं को कवर करते हुए, 100 केन्द्रों में डोर स्टेप बैंकिंग सेवा आरंभ की है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :

	अब तक संचयी संख्या		
विवरण	30.09.2020	31.12.2020	31.03.2021
संव्यवहारों की कुल संख्या	303	12256	27459

भारतीय बैंक संघ की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्ण किए गए अनुरोधों में (17% अंश के साथ) भारतीय स्टेट बैंक के बाद बैंक का स्थान दूसरा है.

24.5 प्रथम नीतियां :

24.5.1 मृत्यु दावे पर प्रथम नीतिः बैंक में मृत्यु दावे से संबन्धित विभिन्न दिशानिदेश, निदेश उपलब्ध हैं. परंतु कोई मानक नीति नहीं थी. अब मृत्यु दावे के निपटान पर बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति उपलब्ध है, जिसमें विभिन्न स्तर के अधिकारियों के अधिकारों का स्पष्ट रूप से उललेख है.

24.5.2 स्टाफ जमा और उनपर अतिरिक्त ब्याज के भुगतान पर प्रथम नीतिः समामेलन के बाद, देश की सभी शाखाओं के लिए सामान्य मानक दिशानिदेशों के साथ, अब एक मानक नीति बनाई गई है, जो पूरी पारदर्शी और समानता पर आधारित है.

24.5.3 पॉज़िटिव पे पर प्रथम नीति : भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी पत्र क्र. आरबीआईः2020-21ः41 डीपीएसएस.सीओ.आरपीपीडी.क्र.309ः 04.07.005ः 2020-21 दिनांक 25.09.2020 द्वारा दिये गए दिशानिदेशों के अनुपालन में, बैंक ने ग्राहकों के हितों की रक्षा, संभावित विवादों से बचाने, विवादों के निपटान में लगाने वाले समय को बचाने और अधिकारियों को पुनः सत्यापन प्रणाली की उपलब्ध्ता के लिए इस नीति को जारी किया है, ताकि इस प्रणाली में उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर ग्राहक की ओर से निर्णय लिया जा सके.

24.6 डिजिटल दस्तावेजों का निष्पादनः व्यक्तिगत और वाहन ऋणों की दशा में, ऋण दस्तावेजों को डिजिटल माध्यम से रखने के लिए बैंक ने एनईएसएल के साथ टाइ-अप किया है. व्यक्तिगत ऋणों और यूनियन माइल्स ऋणों के ऋण दस्तावेजों को डिजिटल रूप से रखने के लिए यह उत्पाद दिनांक 11.11.2020 को 7 राज्यों -राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तमिलनाड , कर्नाटक, झारखंड तथा पुदुचेरी में आरंभ किया है, ताकि ग्राहक को शाखा में आए बिना निष्पादन का लाभ दिया जा सके. अब तक 162 दस्तावेजों को निष्पादित किया जा चुका है. इसके अतिरिक्त, शिशु मुद्रा ऋण के 3324 दस्तावेज़ भी निष्पादित किए जा चुके हैं.

बैंक के तकनीकी क्षेत्र में, इस उत्पाद की अपार संभावनाएं हैं और यह उत्पाद नए जमाने की बैंकिंग में अग्रणी की भूमिया निभाएगा.

24.7 "मेरी डायरी" (एक बटन क्लिक करने पर सभी सूचनाएं) पोर्टल शाखाओं/कार्यालयों के लिएः हमने शाखाओं के प्रयोग के लिए, "मेरी डायरी" नाम से इंट्रानेट आधारित नए पोर्टल को विकसित किया है. यह पोर्टल क्लाउड में क्रियान्वित है, जिसमें शाखा से संबन्धित कई महत्वपूर्ण सूचनाएं होंगी, जिसमें मुख्य निष्पादक सूचक के साथ-साथ परिचालन और देयता उत्पादों से संबन्धित आंकड़े भी होंगे.

हम उत्पाद को सभी रिपोर्टिंग, अनुश्रवण और सूचना संबंधी आवश्यकताओं के लिए एक पॉइंट के रूप में देखते हैं.

24.8 चर्न मॉडलः खातों को डोरमेंट/निष्क्रिय/बंद संवर्ग में स्लिप होने से रोकने के लिए चर्न मॉडल को विकसित कर सभी क्षेत्रों में आरंभ किया गया है. यह मॉडल चिन्हित 19 मानदंडों में निर्णय पर बनाया गया है. देयता उत्पादों के लिए, यह मॉडल पूर्व-चेतावनी संकेत देता है और तदनुसार शाखाओं को निवारक उपाय करने में मदद करता है.

24.9 ई-मेल पर खाता विवरणः जून 2020 से प्रति माह बचत खाते, चालू खाते, नकद-साख खाते, ओवरड्राफ्ट खातों के दो करोड़ खातों के विवरण ग्राहकों को उनके पंजीकृत ई-मेल पर भेजे गए हैं.

25. सतर्कताः

25.1 हमारे सतर्कता विंग के प्रमुख मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) हैं. इनकी सहयोगी टीम में केंद्रीय कार्यालय में सतर्कता अधिकारियों के अलावा क्रमशः एक उप महाप्रबंधक और चार सहायक महाप्रबंधको के नेतृत्व आंचलिक कार्यालयों और क्षेत्रीय कार्यालयों में मे सतर्कता कक्ष हैं. बैंक में सतर्कता विभाग का प्रमुख कार्य निवारक, जांच और प्रतिभागी सतर्कता है न कि दंडात्मक कार्रवाई. भ्रष्टाचार के विरुद्ध शून्य सहनशीलता के लिए, धोखाधड़ी/कुप्रथा को कम करने के उद्देश्य से बैंक द्वारा कई निवारक उपाय किए जा रहे हैं.

25.2 बैंक ने सचेतक नीति को अपनाया है, जिसमें धोखाधड़ी, कुप्रथा, या इसी प्रकार की अन्य गतिविधि जो बैंक के हित के विपरीत और समग्र रूप से समाज के हित के विरुद्ध हो, के विषय में बैंक कर्मचारी सचेत कर सके. सचेतक नीति के अनुसार इसके तहत सभी शिकायतों के लिए बैंक में मानव संसाधन विभाग के प्रभारी कार्यपालक निदेशक नामित अधिकारी हैं. स्टाफ सदस्यों और नागरिकों को पिडपी/सचेतक प्रणाली के महत्व से संवेदनशील करने के उद्देश्य से बैंक ने एक छोटी फिल्म, 'पिडपी का प्रावधानः सतर्क जागरूक हिंदुस्तान' नाम से जारी किया है, जिसके द्वारा धोखाधड़ी/भ्रष्टाचार की घटनाओं के बारे में सचेत करने के लिए शिक्षित किया जा सके.

तथापि बैंक को आंतरिक और बाहरी खतरों जैसे- धोखाधड़ी, रिश्वत, भ्रष्टाचार, अधिकारों का दुरुपयोग, निर्धारित प्रणाली और प्रक्रियाओं का पालन न करना आदि से रोकने के लिए 'प्रतिभागी सतर्कता' के लिए हर स्तर पर निरंतर सतर्कता की आवश्यकता है. इस योजना को प्रचारित करने के लिए सतर्कता जागरूकता सप्ताह और शाखाओं के निवारक सतर्कता दौरों के समय जागरूक किया जा रहा है.

सतर्कता अधिकारियों द्वारा निवारक सतर्कता के दौरे औचक रूप से किए जाते हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य बैंक द्वारा समय-समय पर बैंक द्वारा बनाए गए नियमों और प्रक्रियाओं के महत्व से स्टाफ सदस्यों को संवेदनशील करना होता है. वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान 3890 दौरे किए गए.

सतर्कता जागरूकता दौरों के अतिरिक्त, एक ऑफसाइट निगरानी प्रणाली को अपनाया गया है, जिससे असामान्य संव्यवहारों में अनियमितताओं का पता लगाने में मदद मिलती है और समय पर सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके. वर्ष के दौरान, ऑफसाइट निगरानी में 3367 सचेतक संकेत मिले, जिन्हें उचित सुधारात्मक कार्रवाई के लिए नियंत्रक कार्यालयों को भेजा गया था.

वर्ष के दौरान, बैंक में प्रक्रिया और प्रणाली को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से सतर्कता विभाग के सुझाव के अनुसार संबन्धित विभागों द्वारा 27 सुधार किए गए हैं. विभिन्न संवैधानिक और नियामक निकायों (सीवीसी, आरबीआई, एमओएफ़, सीबीआई आदि) की मांग के अनुसार, उन्हें नियमित रूप से नियंत्रक विवरण भी भेजे गए हैं, ताकि वे सतर्कता मामलों और भ्रष्टाचार के विरुद्ध हमारे कार्यों का अनुश्रवण और जांच कर सकें.

केंद्रीय सतर्कता आयोग के निदेशानुसार, बैंक प्रतिवर्ष अक्तूबर-नवंबर माह में सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित करता है, जिसमें स्टाफ सदस्यों, स्कूल के बच्चों, ग्रामीणों और देश में समाज के सभी नागरिकों के लिए आंतरिक और बाहरी सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. इस वर्ष भी, कोविड का प्रकोप होने के बावजूद, दिनांक 27 अक्तूबर 2020 से 02 नवंबर 2020 तक "सतर्क भारत, उन्नत भारत" विषय पर, सप्ताह के सफल आयोजन में कोई प्रयास छोड़ा नहीं गया.

ऑनलाइन माध्यम से वाद-विवाद, निबंध लेखन, वृक्षारोपण, प्रश्नोत्तरी, स्वास्थ्य केम्पस आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. ग्राहकों, कार्यपालकों, स्टाफ सदस्यों, बैंक मित्रों और जनता को संवेदनशील करने के लिए वेबिनर के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा बैंकिंग के विभिन्न विषयों, वित्तीय समावेशन, साइबर सुरक्षा, व्यावहारिक और नेतृत्व दक्षता आदि पर कार्यक्रम आयोजित किए गए. तिमाही समाचार पत्रिका 'यूनियन विजिल' का प्रकाशन और यूनियनधारा का सतर्कता विशेषांक जारी किया गया.

अब दंडात्मक भाग के संबंध में, 31 मार्च, 2021 को बैंक में स्टाफ सदस्यों की कुल संख्या 78,202 है, लंबित सतर्कता मामलों की संख्या 221 है अर्थात 0.28%. वर्ष के दौरान 531 शिकायतें मिली हैं, जिनमें से पूर्व वर्ष के 15 शिकायतों को मिलाकर 491 का निपटान हो चुका है. वर्ष के दौरान, 90 मामलों में जांच के आदेश दिये गए, जिनमें गत वर्ष के 7 रिपोर्टों को मिलकर 78 मामलों के जांच रिपोर्ट मिल गए हैं. 19 मामलों में जांच रिपोर्ट आने हैं, जो 3 माह से कम पुराने हैं. जांच कर उनकी रिपोर्ट बैंक के सतर्कता विभाग को प्रस्तुत करने में औसत समय 72 दिन लगा है जबकि अधिकतम अनुमत अवधि 90 दिनों की है.

26 अवसर

26.1 पूरे भारत में उपस्थिति: आंध्रा बैंक और कार्पोरेशन बैंक के विलय के बाद, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया देश के सबसे बड़े बैंकों में से एक हो गया है, जिसका मिश्रित कारोबार रु. 15 लाख करोड़ से अधिक, 9300 से अधिक शाखाएँ, 12,900 से अधिक एटीएम, कर्मचारी आधार 78,000 से अधिक और ग्राहक आधार 120 मिलियन से अधिक है.

26.2 उच्च बाजार अंश: 15 से अधिक राज्यों में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के शाखा नेटवर्क में बैंक का बाजार अंश 5% से अधिक है. 22 राज्यों में समग्र कारोबार के क्षेत्र में बैंक का अंश 5% से अधिक है. बैंक का बाजार अंश अधिक होने की वजह से, इसकी दृश्यता बढ़ती है और दूसरों की अपेक्षा बड़े कारोबार अधिग्रहण करने में मदद मिलती है.

26.3 युवा जनबल : बैंक का जनबल सबसे कम आयु वाले कर्मचारियों के बैंक में से एक है, जिनकी औसत आयु 40 वर्ष से कम है. कम आयु वर्ग के कर्मचारी होने का लाभ बैंकिंग को डिजिटल बनाने में अधिक होता है. युवा कर्मचारी बैंक को अधिक महत्वाकांक्षी बनाएँगे और इसके साथ ही मजबूत नेतृत्व और मजबूत विकल्प की संभावनाएं होती हैं.

27 चुनौतियां

27.1 कड़ी प्रतिस्पर्धा :भारतीय बैंकिंग प्रणाली में प्रतिवर्ष प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है. बैंकों को नए बैंकों से प्रतिस्पर्धा का सामने करने के लिए अपनी कार्यप्रणाली में सुधार की बहुत आवश्यकता है. बैंकिंग क्षेत्र में नए अन्वेषणों और प्रयोगों को बढ़ाकर वित्तीय तकनीकों को बढ़ाना होगा. इन नए बैंकों से प्रतिस्पर्धा के लिए पारंपरिक बैंकों को अब डिजिटल-पहले मॉडल को अपनाना होगा.

27.2 अनिश्चित कारोबार परिवेश : कारोबारी परिवेश में बहुत ही अधिक अनिश्चितता है. वर्तमान महामारी के झटके ने बैंकों को बहुत प्रभावित किया है. अग्रसक्रियता से बफर्स का निर्माण करना और पूंजी बढ़ाना जरूरी है, जिससे न केवल क्रेडिट फ्लो को सुनिश्चित किया जा सके, बल्कि वित्तीय प्रणाली को पुनः स्थापित किया जा सके. समग्र रूप से वित्तीय क्षेत्र के साथ-साथ प्रत्येक बैंक को पुनः अपनी स्थिति को मजबूत करना होगा.

27.3 साइबर सुरक्षा: डिजिटल नवपरिवर्तनों के साथ-साथ साइबर सुरक्षा को भी बढ़ाना जरूरी है. बैंक जैसे-जैसे अपने परिचालन के घंटों में वृद्धि कर रहे हैं तथा पहुंच और परिचालनात्मकता को बढ़ा रहे हैं, बैंक की प्रणाली में साइबर आक्रमणों की आशंकाएँ भी बढ़ रही हैं. हमारा अनुभव दिखाता है कि अत्यधिक दक्ष और सुरक्षित प्रणाली में भी जोखिम विद्यमान है, जो हमारी हितधारकों को जोखिम में डाल सकता है.

28 दृष्टिकोण

बैंकिंग क्षेत्र के लिए आने वाला समय संभावनाओं और अनिश्चितताओं से भरा है. कोविड-19 की चुनौती जारी रह सकती है. तथापि, देश में वेक्सीनेशन का कार्य तेजी से हो रहा है, और आशा करते हैं कि वर्तमान दशा से शीघ्र ही छुटकारा पा लेंगे.

वसूली की प्रक्रिया में सुधार होने से, बैंकिंग क्षेत्र लाभान्वित होगा और नए अग्रिमों में वृद्धि कर कारोबार को बढ़ा सकेंगे. पिछले वित्त वर्ष के दौरान भी कृषि, मध्यम उपक्रमों, खुदरा क्षेत्रों जैसे क्षेत्रों में समग्र अग्रिमों की अपेक्षा अधिक वृद्धि हुई है. बाजार से पूंजी बढ़ाने और लाभ अर्जन से बैंकों ने अपनी वित्तीय स्थिति को भी सुधारा है. अतः, आर्थिक गतिविधियों के बढ़ाने से हम उम्मीद से अधिक तेज गति से वापसी करते हुए, बैंकिंग क्षेत्र का समग्र निष्पादन बेहतर हो सकता है.

कोविड-19 महामारी की वजह से भारत में डिजिटल रूप से भुगतानों में परिवर्तन हुआ है. लॉक डाउन के महीनों में डिजिटल संव्यवहार अपने निम्न स्तर से सुधारा है और इसका प्रभाव पूरे वर्ष भी जारी रहा और अंतिम प्रयोक्ताओं द्वारा टेलरड वित्तीय सेवाओं को अपनाया जा रहा है. इस क्षेत्र में उम्मीद की जाती है कि बैंक अपने प्रयासों को जारी रखा जाएगा और इस क्षेत्र में नवोन्मेषी उपायों को अपनाया जाएगा.

इनके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार के नीतिगत मदद से देश में बैंकिंग प्रणाली की प्रगति को महत्व दिया जाएगा.

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

स्थान : मुंबई
दिनांक : 05.07.2021

(राजकिरण रै जी.)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट

1. कॉर्पोरेट गवर्नेंस के बारे में बैंक की मान्यता

1.1 यूनियन बैंक ऑफ इंडिया श्रेष्ठ कॉर्पोरेट गवर्नेंस कार्यान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध है. शेयरधारकों की संपदा वृद्धि और हितधारकों के हितों के संरक्षण के लिए बैंक ने अपने सभी स्तर के कार्यों में औचित्य, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के सिद्धांत को अत्यधिक महत्व प्रदान किया है.

1.2 बैंक स्वयं को अपने शेयरधारकों का ट्रस्टी मानता है और शेयरधारकों की संपदा सृजन करने और उसकी रक्षा करने की जिम्मेवारी स्वीकार करता है. आलोच्य वर्ष के दौरान बैंक कॉर्पोरेट कार्यनीति लागू करने और उसका अनुश्रवण करने, सुविचारित कारोबार योजना बनाने, बैंक के कारोबार की प्रमुख जोखिमों का अनुश्रवण करने तथा कानूनी एवं नैतिक जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु नीतियों और कार्यपद्धतियों के पालन के माध्यम से उक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील रहा है.

1.3 बैंक का दृढ़ विश्वास है कि निदेशक मंडल एवं अन्य शेयरधारकों द्वारा स्व-अनुशासन एवं निष्ठापूर्वक अपनी जिम्मेदारी निभाने से एक स्वच्छ, पारदर्शी एवं विश्वसनीय कार्पोरेट गवर्नेंस अभिशासन के लिए आधार उपलब्ध होगा जिससे शेयरधारकों का निरंतर सहयोग एवं विश्वास प्राप्त होगा.

1.4 कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण बदलते परिदृश्य में बैंक के सामने अतिरिक्त चुनौतियाँ पैदा हुई हैं और आपके बैंक ने मार्च 2020 से स्थिति का सामना करने में चरित्र, परिपक्वता और लचीलापन दिखाया है एवं भविष्य में भी इसको जारी रखेगा.

1.5 उत्तम पद्धतियों को ध्यान में रखते हुए बैंक ने कॉर्पोरेट गवर्नेंस की स्वैच्छिक संहिता तैयार की है. यह संहिता शीर्ष से ही अच्छी कॉर्पोरेट गवर्नेंस की भावना का विकास करती है. इसमें मूलतः सभी हितधारकों के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वाह में बैंक में प्रचलित कार्यप्रणालियां सम्मिलित एवं प्रलेखित हैं, यथा :

- निदेशक मंडल एवं उसकी विभिन्न समितियों की कार्यप्रणालियां
- अनुपालन (विनियामक एवं पॉलिसी)
- शेयरधारकों के साथ संबंध
- बैंक एवं उसके निदेशकों द्वारा प्रकटन
- कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और
- अन्य विविध मामले जैसे निदेशकों एवं उच्च प्रबंधन कार्मिक के लिए आचार संहिता, आंतरिक व्यापार (इनसाइडर ट्रेडिंग) निषेध, संबंधित पक्ष संव्यवहार नीति, विसिल ब्लोवर नीति, स्टाफ संबंधी मामले, सतर्कता आदि.

1.6 बैंक सूचीबद्ध निकाय होने के कारण सेबी के कॉर्पोरेट गवर्नेस संबंधी प्रावधानों (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 का इस प्रकार अनुपालन करता है कि संबंधित प्राधिकरण द्वारा जारी बैंक पर लागू होने वाले निर्देशों एवं दिशानिर्देशों का उल्लंघन न हो.

2. निदेशक मंडल

2.1 निदेशक मंडल का संघटन, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण), अधिनियम 1970 यथा संशोधित और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और विविध प्रावधान) योजना, 1970 यथा संशोधित के प्रावधानों द्वारा नियंत्रित है.

2.2 निदेशक मंडल के उत्तरदायित्व में बैंक के समग्र अनुश्रवण कार्य सहित नये उत्पाद विकसित करने के लिए नीतियों को मंजूर करना, लक्ष्यों के सापेक्ष कारोबार समीक्षा, ऋण, परिचालन, बाजार, तरलता जोखिम, जोखिम कार्यों की स्वतंत्रता का मूल्यांकन, तिमाही तथा वार्षिक वित्तीय परिणामों की विस्तृत संवीक्षा, एनपीए प्रबंधन एवं रिपोर्ट किए गए एनपीए तथा प्रावधानीकरण सत्यनिष्ठा, विनियामक एवं सांविधिक दिशानिर्देशों का अनुपालन, ग्राहक संरक्षण, वित्तीय समावेशन, मानव संसाधन का समग्र पर्यवेक्षण संबंधी नीतियों का अनुमोदन सम्मिलित हैं.

2.3 निदेशक मंडल ने विभिन्न उप-समितियां बनाई हैं और निदेशक मंडल के समितियों के लिए विभिन्न कार्यक्षेत्रों में अधिकारों का प्रत्यायोजन किया है. निदेशक मंडल और समितियों की बैठकें आवधिक अंतराल पर होती हैं.

2.4 31 मार्च, 2021 को निदेशक मंडल में भारत सरकार द्वारा नियुक्त पाँच पूर्णकालिक निदेशक यथा प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एमडी एंड सीईओ) तथा चार कार्यपालक निदेशकों के अतिरिक्त पाँच गैर-कार्यपालक निदेशक भी हैं, जो समाज के विभिन्न वर्गों से चुने गये श्रेष्ठ व्यक्तित्व वाले महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं. विभिन्न क्षेत्रों में उनके बहुमूल्य एवं बृहद् अनुभव बैंक की प्रगति एवं उपलब्धियों में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं.

2.5 वर्ष के दौरान केंद्र सरकार द्वारा नामित किए जाने वाले कर्मचारी निदेशक और अधिकारी निदेशक के पद रिक्त थे. केंद्र सरकार द्वारा नामित किए जाने वाले सीए निदेशक और अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों के पद यथा 31 मार्च, 2021 को रिक्त थे.

2.6 निदेशक मंडल की संरचना यथा 31 मार्च, 2021 निम्नानुसार है:

क्र सं	निदेशक का पूरा नाम, पदनाम एवं श्रेणी	नियुक्ति की तारीख	बैंक की समितियों में सदस्यता $	बैंक के शेयरों की धारिता	बैंक सहित पब्लिक लिमिटेड कंपनियों में एसीबी तथा एसआरसी में सदस्यता की संख्या	बैंक सहित पब्लिक लिमिटेड कंपनियों में एसीबी/एसआरसी के अध्यक्ष वाले पदों की संख्या	टिप्पणियां (बैंक/ अन्य सूचीवद्ध कंपनियों में नियुक्ति का स्वरुप और विशेषज्ञता के क्षेत्र)
1	श्री राजकिरण रै जी, प्रबंध निदेशक व सीईओ (कार्यपालक)	01.07.2017	सीएसी-I सीडीआरसीएफ सीईएसडी सीएससीबी सीएसआरसी डीपीपीसी ईडीसी एचआरएससी आईटीएससी एमसीबी आरसीएनसीबी एवं डबल्यूडी आरईएमसी आरएमसी एससीएमएफ एसटीसीबी	6725	1	1	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(ए) के अधीन पूर्णकालिक निदेशक के रुप में नियुक्त 01.07.2017 को या उसके बाद पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्षों की अवधि अर्थात 30.06.2020 तक या अगले आदेश, जो भी पहले हो, तक पद पर बने रहेंगे. इसके अतिरिक्त अधिसूचना संख्या 4/4/2017 बीओ.आई दिनांकित 30.06.2020 द्वारा केन्द्र सरकार ने कार्यकाल अवधि को 30.06.2020 से बढ़ाकर 31.05.2022 या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, तक बढ़ा दिया है. विशेषज्ञता के क्षेत्र : बैंकिंग एवं वित्त
2	श्री गोपाल सिंह गुसाईं कार्यपालक निदेशक (कार्यपालक)	20-09-2018	सीएसी-I सीडीआरसीएफ सीईएसडी सीएससीबी सीएसआरसी एचआरएससी आईटीएससी एमसीबी आरईएमसी आरएमसी एसआरसी	6725	1	0	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(ए) के अधीन पूर्णकालिक निदेशक के रुप में नियुक्ति, पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्षों की अवधि अर्थात 19.09.2021 तक या अगले आदेश, जो भी पहले हो, तक पद पर बने रहेंगे. विशेषज्ञता के क्षेत्र : लागत लेखाकार, बैंकिंग एवं वित्त
3	श्री दिनेश कुमार गर्ग कार्यपालक निदेशक (कार्यपालक)	02-11-2018	सीएसी-I सीडीआरसीएफ सीईएसडी सीएससीबी सीएसआरसी एचआरएससी आईटीएससी एमसीबी आरईएमसी आरएमसी एसआरसी	6725	2	0	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(ए) के अधीन पूर्णकालिक निदेशक के रुप में नियुक्ति, पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्षों की अवधि या दि.30.09.2021 या अधिवर्षिता की तारीख या अगले आदेश, जो भी पहले हो, तक पद पर बने रहेंगे. विशेषज्ञता के क्षेत्र : बैंकिंग एवं वित्त

क्र सं	निदेशक का पूरा नाम, पदनाम एवं श्रेणी	नियुक्ति की तारीख	बैंक की समितियों में सदस्यता $	बैंक के शेयरों की धारिता	बैंक सहित पब्लिक लिमिटेड कंपनियों में एसीबी तथा एसआरसी में सदस्यता की संख्या	बैंक सहित पब्लिक लिमिटेड कंपनियों में एसीबी/एसआरसी के अध्यक्ष वाले पदों की संख्या	टिप्पणियां (बैंक/ अन्य सूचीबद्ध कंपनियों में नियुक्ति का स्वरुप और विशेषज्ञता के क्षेत्र)
4	श्री मानस रंजन बिस्वाल कार्यपालक निदेशक (कार्यपालक)	01-03-2019	सीएसी-I सीडीआरसीएफ सीईएसडी सीएससीबी सीएसआरसी एचआरएससी आईटीएससी एमसीबी आरईएमसी आरएमसी एसआरसी एससीएमएफ़	शून्य	1	0	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(ए) के अधीन पूर्णकालिक निदेशक के रुप में नियुक्ति, पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्षों की अवधि अर्थात 28.02.2022 तक या अगले आदेश, जो भी पहले हो, तक पद पर बने रहेंगे. विशेषज्ञता के क्षेत्र : बैंकिंग एवं वित्त
5	श्री नितेश रंजन, कार्यपालक निदेशक (कार्यपालक)	10-03-2021	सीएसी-I सीडीआरसीएफ़ एमसी एसीबी आरएमसी आरईएमसी सीएससीबी एचआरएससी एसआरसी आईटीएससी सीईएसडी सीएसआरसी एससीएमएफ़	6725	2	0	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(ए) के अधीन पूर्णकालिक निदेशक के रुप में नियुक्ति, कार्यालय में कार्यग्रहण करने की तिथि से तीन वर्षों की अवधि अर्थात 10.03.2021 से प्रभावी या अगले आदेश, जो भी पहले हो, तक पद पर बने रहेंगे. विशेषज्ञता के क्षेत्र : अर्थशास्त्र, वित्त एवं प्रबंधन
6	डॉ मदनेश कुमार मिश्रा सरकार द्वारा नामित निदेशक (गैर - कार्यपालक)	22-07-2016	एसीबी बीसीपीई सीएससीबी डीपीपीसी ईडीसी एचआरएससी आईटीएससी आरईएमसी एससीएमएफ	शून्य	1	0	केंद्र सरकार द्वारा बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(बी) के अधीन निदेशक के रुप में नियुक्त. अगले आदेशों तक पद पर बने रहेंगे. विशेषज्ञता के क्षेत्र : प्रबंधन एवं वित्त
7	श्री अरुण कुमार सिंह, भारिबैं द्वारा नामित निदेशक (गैर-कार्यपालक)	26-04-2019	एसीबी डीपीपीसी ईडीसी एमसीबी	शून्य	1	0	केंद्र सरकार द्वारा भारिबैं की संस्तुति पर बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(सी) के अधीन निदेशक के रुप में नियुक्त. अगले आदेशों तक पद पर बने रहेंगे. विशेषज्ञता के क्षेत्र : बैंकिंग एवं वित्त

क्र सं	निदेशक का पूरा नाम, पदनाम एवं श्रेणी	नियुक्ति की तारीख	बैंक की समितियों में सदस्यता $	बैंक के शेयरों की धारिता	बैंक सहित पब्लिक लिमिटेड कंपनियों में एसीबी तथा एसआरसी में सदस्यता की संख्या	बैंक सहित पब्लिक लिमिटेड कंपनियों में एसीबी/एसआरसी के अध्यक्ष वाले पदों की संख्या	टिप्पणियां (बैंक/ अन्य सूचीबद्ध कंपनियों में नियुक्ति का स्वरुप और विशेषज्ञता के क्षेत्र)
8	डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक (स्वतंत्र गैर-कार्यपालक)	28-06-2018	बीसीपीई एमसीबी आरसीएनसीबी एवं डबल्यूडी आरएमसी एसआरसी एसटीसीबी एचआरएससी सीएससीबी आईटीएससी सीईएसडी	100	1	0	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(आई) के अधीन. दि 28.06.2018 से 27.06.2021 तक 3 वर्ष की अवधि हेतु शेयरधारक निदेशक के रुप में पुनः निर्वाचित. विशेषज्ञता के क्षेत्र : सूचना प्रौद्योगिकी
9	श्री के कदिरेसन, शेयरधारक निदेशक (स्वतंत्र गैर-कार्यपालक)	28-06-2018	सीएससीबी आईटीएससी एमसीबी आरएमसी सीएसआरसी एचआरएससी एसआरसी एससीएमएफ	200	1	0	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(आई) के अधीन, 28.06.2018 से 27.06.2021 तक 3 वर्ष की अवधि हेतु शेयरधारक निदेशक के रुप में पुनः निर्वाचित. विशेषज्ञता के क्षेत्र : बीमा एवं प्रबंधन
13	डॉ. जयदेव एम, शेयरधारक निदेशक (स्वतंत्र गैर-कार्यपालक)	28-06-2018	सीएससीबी सीएसआरसी एचआरएससी एमसीबी आरसीएनसाबी एवं डबल्यूडी एसटीसीबी सीईएसडी एसआरसी आरएमसी आईटीएससी एसीबी एससीएमएफ	200	2	2	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3)(आई) के अधीन. दि. 28.06.2018 से 27.06.2021 तक 3 वर्ष की अवधि हेतु शेयरधारक निदेशक के रुप में निर्वाचित. विशेषज्ञता के क्षेत्र : बैंकिंग एवं जोखिम प्रबंधन

$ समिति के नाम का संक्षिप्ताक्षर

एसीबी	-	बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति
बीसीपीई	-	बोर्ड की कार्यनिष्पादन मूल्यांकन हेतु समिति
सीएसी - I	-	साख अनुमोदन समिति- I
सीड़ीआरसीएफ	-	पूंजी निधि की उगाही हेतु निदेशकों की समिति
सीईएसडी	-	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा मतदान के माध्यम से शेयरधारकों के निदेशकों का चुनाव समिति
सीएससीबी	-	बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति
सीएसआरसी	-	कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति
ड़ीपीपीसी	-	अनुशासनिक कार्यवाही एवं पदोन्नति समिति
ईडीसी	-	निर्वाचन विवाद समिति
एचआरएससी	-	बोर्ड की मानव संसाधन उप समिति
आईटीएससी	-	बोर्ड की आईटी रणनीति समिति
एमसीबी	-	बोर्ड की प्रबंधन समिति
एनआरसी	-	नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति
आरसीएनसीबी &डबल्यूडी	-	बैंक के गैर-सहयोगी उधारकर्ताओं एवं जानबूझकर चूककर्ताओं हेतु समीक्षा समिति
आरईएमसी	-	बोर्ड की वसूली प्रबंधन समिति
आरएमसी	-	जोखिम प्रबंधन समिति
एससीएमएफ	-	रु.1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी मामलों के अनुश्रवण हेतु विशेष समिति
एसआरसी	-	हितधारकों की संबंध समिति
एसटीसीबी	-	बोर्ड की शेयर अंतरण समिति

2.7 वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान नियुक्तियां / कार्यकाल समापन

नियुक्तियां: वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान बोर्ड में शामिल किए गए निदेशकों का संक्षिप्त परिचय निम्नानुसार है:

क्र.	नाम	आयु	नियुक्ति की तारीख	वर्तमान कार्यकाल समाप्ति की तारीख	विशेषज्ञता का स्वरुप	संक्षिप्त परिचय
1.	श्री बिरुपाक्ष मिश्रा	59	01.04.2020	उनके कार्यकाल पूर्ण होने की तिथि अर्थात 31.01.2021 या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो	बैंकिंग एवं वित्त	श्री मिश्रा स्नातकोत्तर और सीएआईआईबी हैं. आपका विभिन्न प्रशासनिक व कार्यनिष्पादन क्षमताओं में शाखाओं, क्षेत्रीय कार्यालयों एवं कॉर्पोरेट कार्यालय स्तर पर 36 वर्षों से अधिक का उत्कृष्ट अनुभव है. आपने बैंकिंग के कई क्षेत्रों में कार्य किया है एवं ऋण, ऋण अनुश्रवण, सूचना प्रौद्योगिकी संविभाग आदि का नेतृत्व किया है.
2.	श्री नितेश रंजन	44	10.03.2021	दिनांक 09.03.2024 या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो	अर्थशास्त्र, वित्त एवं प्रबंधन	श्री नितेश रंजन अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर हैं. आप यूनियन बैंक से सन 2008 से जुड़े हुए हैं. आप कार्यपालक निदेशक के पद पर पदोन्नति से पूर्व मुख्य महाप्रबंधक स्ट्रेटजी थे. आपने बैंक में मुख्य निवेशक संबंध अधिकारी, मुख्य अर्थशास्त्री, तुलन-पत्र प्रबंधन समूह के प्रमुख, ट्रेजरी परिचालन के प्रमुख तथा क्षेत्र प्रमुख जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया है.

कार्यकाल समापन: निम्नांकित सदस्यों का कार्यकाल वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान पूर्ण हुआ.

क्र	निदेशक का नाम	पदनाम	कार्यकाल पूर्ण होने की तिथि	कारण
1	श्री बिरुपाक्ष मिश्रा	कार्यपालक निदेशक	31.01.2021	कार्यकाल पूर्ण होने पर
2	श्री राजीव कुमार सिंह	सनदी लेखाकार निदेशक संवर्ग	05.02.2021	कार्यकाल अवधि के पूरा होने पर .
3	डॉ. मदुरा स्वामीनाथन	अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक	26.12.2020	कार्यकाल अवधि के पूरा होने पर .
4	श्री केवल हांडा	गैर-कार्यपालक अध्यक्ष और अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक	05.07.2020	कार्यकाल अवधि के पूरा होने पर.

2.8 निदेशकों का परस्पर संबंध :

किसी भी निदेशक का आपस में कोई भी नजदीकी संबंध नहीं है.

2.9 निदेशकों की समिति सदस्यता :

सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के विनियमन 26(1) के क्रम में बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति की अध्यक्षता एवं सदस्यता (एसीबी) तथा स्टेकधारक संबंध समिति (एसआरसी) को प्रकटन के लिए ध्यान में रखा जाता है.

वर्ष 2020-21 के दौरान बैंक का कोई भी निदेशक उन सभ सूचीबद्ध संस्थाओं/ सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों में जहां वे निदेशक थे 10 समिति से अधिक समिति के सदस्य नहीं रहे हैं ना ही उन्होंने 5 समिति से अधिक समिति की अध्यक्षता की है.

बैंक की समितियों पर निदेशकों द्वारा धारित सदस्यता/ अध्यक्षता एवं अन्य सूचीबद्ध/ सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियाँ जहां वे निदेशक थे यथास्थिति 31.03.2021 का ब्यौरा निम्नानुसार है.

क्र	निदेशक का नाम एवं पदनाम	कंपनी का नाम	समिति का नाम	सदस्य/ अध्यक्ष
1.	श्री राजकिरण रै जी. प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	यूनाइटेड इंडिया इन्शुरेंस कंपनी लिमिटेड	एसीबी	अध्यक्ष
2.	श्री गोपाल सिंह गुसाईं कार्यपालक निदेशक	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	एसआरसी	सदस्य
3.	श्री दिनेश कुमार गर्ग कार्यपालक निदेशक	1. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	एसआरसी	सदस्य
		2. यूबीआई सर्विसेस लि.	एसीबी	सदस्य
4.	श्री मानस रंजन बिस्वाल कार्यपालक निदेशक	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	एसआरसी	सदस्य
5.	श्री नितेश रंजन कार्यपालक निदेशक	1. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	एसीबी	सदस्य
		2. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	एसआरसी	सदस्य
6.	डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा सरकार नामित निदेशक	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	एसीबी	सदस्य
7.	श्री अरुण कुमार सिंह भारिबैं नामित निदेशक	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	एसीबी	सदस्य
8.	डॉ उत्तम कुमार सरकार शेयरधारक निदेशक	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	एसआरसी	सदस्य
9.	श्री के. कदिरेसन शेयरधारक निदेशक	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	एसआरसी	सदस्य
10.	डॉ. जयदेव एम. शेयरधारक निदेशक	1. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	एसीबी	अध्यक्ष
		2. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	एसआरसी	अध्यक्ष

2.10 निदेशकों द्वारा भाग लिये जाने वाले अभिज्ञता (परिचय) कार्यक्रमों का ब्यौरा :

निदेशकों द्वारा भाग लिये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्यौरा बैंक की बेवसाइट पर निम्नांकित लिंक पर उपलब्ध कराया गया है:

http://www.unionbankofindia.co.in/english/familiarisation.aspx

2.11 सूचीबद्धता विनियमन की अनुसूची V की अपेक्षा के अनुरूप पेशारत कंपनी सचिव ने अपने प्रमाणपत्र के जरिए प्रमाणित किया है कि सेबी/ कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय या अन्य ऐसे सांविधिक प्राधिकारी द्वारा बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्ति या नियुक्ति पर बने रहने के संबंध में (बैंक के बोर्ड पर किसी भी निदेशक को) वर्जित या अयोग्य नहीं माना गया है. कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट के पीछे प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न है.

2.12 बैंक का निदेशक मण्डल पुष्टि करता है कि बैंक के स्वतंत्र निदेशक (शेयरधारक निदेशक) सूचीबद्धता विनियम में निर्दिष्ट शर्तों की पूर्ति करता हैं एवं वे प्रबंधन से स्वतंत्र है.

3. वार्षिक सामान्य बैठक :

बैंक के शेयरधारकों की 18वीं वार्षिक साधारण बैठक **मंगलवार, दिनांक 4 अगस्त,** 2020 को वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित निदेशक उपस्थित थे:

क्र	निदेशक का नाम	पदनाम
1	श्री राजकिरण रै जी.	प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
2	श्री गोपाल सिंह गुसाईं	कार्यपालक निदेशक
3	श्री दिनेश कुमार गर्ग	कार्यपालक निदेशक
4	श्री बिरुपाक्ष मिश्रा	कार्यपालक निदेशक
5	श्री मानस रंजन बिस्वाल	कार्यपालक निदेशक
6	श्री अरुण कुमार सिंह	भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नामित निदेशक
7	श्री राजीव कुमार सिंह	सनदी लेखाकार संवर्ग के निदेशक, एसीबी एवं एसआरसी के अध्यक्ष
8	डॉ. मदुरा स्वामीनाथन	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
9	डॉ. उत्तम कुमार सरकार	शेयरधारक निदेशक
10	डॉ. जयदेव एम.	शेयरधारक निदेशक

4 निदेशक मंडल की बैठकें :

4.1 वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान आयोजित निदेशक मंडल की बैठकों का ब्यौरा:

क्र	निदेशक मंडल की बैठक की तारीख	निदेशक मंडल में निदेशकों की कुल संख्या	बैठक में उपस्थित निदेशकों की कुल संख्या
1	17-04-2020	13	13
2	18-05-2020	13	13
3	23-06-2020	13	12
4	26-06-2020	13	13
5	24-07-2020	12	12
6	29-07-2020	12	12
7	21-08-2020	12	12
8	28-08-2020	12	10
9	24-09-2020	12	12
10	22-10-2020	12	11
11	06-11-2020	12	12
12	18-11-2020	12	12
13	25-11-2020	12	11
14	23-12-2020	12	9
15	21-01-2021	11	10
16	29-01-2021	11	10
17	03-03-2021	9	7
18	25-03-2021	10	10

4.2 निदेशक मंडल की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति का ब्यौरा इस प्रकार है:

निदेशक का नाम	उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	बैठकों में उपस्थिति
श्री केवल हांडा, अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	4	4
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	18	18
श्री गोपाल सिंह गुसाईं, कार्यपालक निदेशक	18	15
श्री दिनेश कुमार गर्ग, कार्यपालक निदेशक	18	18
श्री बिरुपाक्ष मिश्रा, कार्यपालक निदेशक	16	16
श्री मानस रंजन बिस्वाल, कार्यपालक निदेशक	18	17
श्री नितेश रंजन, कार्यपालक निदेशक	1	1
डॉ मदनेश कुमार मिश्रा, सरकार नामिती निदेशक	18	17
श्री अरुण कुमार सिंह, भारिबैं नामिती निदेशक	18	18
श्री राजीव कुमार सिंह, सनदी लेखाकार निदेशक संवर्ग	16	16
डॉ मदुरा स्वामीनाथन, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	14	12
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	18	18
श्री के कदिरेसन, शेयरधारक निदेशक	18	13
डॉ जयदेव एम., शेयरधारक निदेशक	18	18

5. बोर्ड की समितियां

बैंक के निदेशक मंडल ने कॉर्पोरेट गवर्नेंस एवं जोखिम प्रबंधन पर भारतीय रिजर्व बैंक/ सेबी/ भारत सरकार के दिशानिर्देशों के संदर्भ में महत्वपूर्ण रणनीति के विभिन्न क्षेत्रों को देखने के लिए निदेशकों एवं/ अथवा कार्यपालकों की विभिन्न समितियां गठित की हैं. महत्वपूर्ण समितियां निम्नानुसार हैं -

1. बोर्ड की प्रबंधन समिति (एमसीबी)
2. बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी)
3. जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी)
4. रू.1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के मामलों के अनुश्रवण हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति (एससीएमएफ)
5. बोर्ड की वसूली प्रबंधन समिति (आरईएमसी)
6. बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी)
7. निदेशकों की मानव संसाधन उप-समिति (एचआरएससीबी)
8. हितधारकों की संबंध समिति (एसआरसी)
9. आईटी रणनीति समिति (आईटीएससी)

10. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी)

11. अनुशासनिक कार्यवाही एवं पदोन्नति समिति (डीपीपीसी)

12. बोर्ड की शेयर अंतरण समिति (एसटीसीबी)

13. बैंक के गैर-सहयोगी उधारकर्ताओं & जानबूझकर चूककर्ताओं हेतु समीक्षा समिति (आरसीएनसीबी & डबल्यूडी)

14. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति (सीएसआरसी)

15. ऋण अनुमोदन समिति-I (सीएसी- I)

16. पूंजीगत निधि की उगाही के लिए निदेशकों की समिति (सीडीआरसीएफ)

17. बोर्ड की कार्यनिष्पादन मूल्यांकन हेतु समिति (बीसीपीई)

18. चुनाव विवाद समिति (ईडीसी)

19. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा मतदान के माध्यम से शेयरधारकों के निदेशकों के चुनाव का निर्णय लेने हेतु समिति (सीईएसडी)

5.1 बोर्ड की प्रबंधन समिति (एमसीबी)

5.1.1 संघटन :

राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 के खंड 13 (यथा संशोधित) के अनुक्रम में बोर्ड की प्रबंधन समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैः -

- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ,
- कार्यपालक निदेशक,
- भारतीय रिजर्व बैंक नामित निदेशक का धारा 9(3)(सी) के अन्तर्गत नामांकन, एवं
- तीन अन्य गैर-कार्यपालक निदेशकों का धारा 9(3)(ई),(एफ), (एच) एवं (आई) के अन्तर्गत आवर्तन के आधार पर प्रत्येक छः माह की अवधि के लिए बोर्ड द्वारा नामांकन.

श्री राजकिरण रै जी., बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ इस समिति के वर्तमान अध्यक्ष हैं.

5.1.2 कार्य :

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुक्रम में विभिन्न कारोबारी मामलों यथा ऋण प्रस्तावों की मंजूरी/ समीक्षा, ऋण समझौता/ अपलेखन प्रस्ताव, साख अनुमोदन समिति-I के प्राधिकार से अधिक पूँजी एवं राजस्व व्ययों का अनुमोदन, परिसरों का अधिग्रहण एवं किराए पर लेने, निवेश, दान आदि को ध्यान में रखते हुए बोर्ड के निदेशकों द्वारा बोर्ड की प्रबंधन समिति गठित की गयी है.

5.1.3 एमसीबी बैठकों की उपस्थिति :

वर्ष 2020-21 के दौरान, बोर्ड की प्रबंधन समिति की 25 बैठकें आयोजित हुईं, जिनमें उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है :

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	25	25
श्री गोपाल सिंह गुसाईं, कार्यपालक निदेशक	25	24
श्री दिनेश कुमार गर्ग, कार्यपालक निदेशक	25	25
श्री मानस रंजन बिस्वाल, कार्यपालक निदेशक	25	23
श्री बिरुपाक्ष मिश्रा, कार्यपालक निदेशक	20	19
श्री नितेश रंजन, कार्यपालक निदेशक	2	2
श्री अरुण कुमार सिंह, भारतीय रिजर्व बैंक नामिती निदेशक	25	25
डॉ मदुरा स्वामीनाथन, अंश-कालिक गैर-सरकारी निदेशक	16	12
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	25	25
श्री के. कदिरेसन, शेयरधारक निदेशक	20	13
डॉ. जयदेव एम., शेयरधारक निदेशक	6	6

5.2 बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी)

5.2.1 संघटन :

बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) भारतीय रिजर्व बैंक एवं वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार गठित की गयी है. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति में निम्नानुसार सदस्य हैं :

- कार्यपालक निदेशक, आन्तरिक निरीक्षण एवं लेखापरीक्षा के प्रभारी
- भारत सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक के नामिती, एवं
- धारा 9(3)(जी) के अन्तर्गत दो अन्य गैर कार्यपालक निदेशक, जिनमें से एक सामान्यतः सनदी लेखाकार निदेशक हो.

अन्य कार्यपालक निदेशक/कों को आमंत्रित किया जा सकता है, यदि कार्यसूची में उनके क्षेत्र से संबंधित कोई मद चर्चा के लिए शामिल हो.

डॉ. जयदेव एम., शेयरधारक निदेशक इस समिति के वर्तमान अध्यक्ष हैं.

सेबी (एलओडीआर) विनियमन, 2015 के विनियमन 18(1)(ई) के अनुसार कंपनी सचिव लेखापरीक्षा समिति का सचिव होगा.

5.2.2 कार्य :

लेखापरीक्षा समिति, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी कैलेंडर मद के आदेश के अनुसार बैंक के कार्यों की समीक्षा करती है. निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) के प्रमुख कार्य निम्न प्रकार हैं:-

1. एसीबी बैंक के लेखापरीक्षा संबंधी समग्र कार्य का पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन करती है. समग्र लेखा परीक्षा कार्य में बैंक की आंतरिक लेखापरीक्षा और निरीक्षण का गठन, परिचालन तथा गुणवत्ता नियंत्रण और बैंक की सांविधिक/बाह्य लेखापरीक्षा और भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षणों पर अनुवर्ती कार्रवाई करना शामिल है.

2. एसीबी, बैंक के आंतरिक निरीक्षण/लेखापरीक्षा कार्यों अर्थात् उसकी प्रणाली, गुणवत्ता और अनुवर्ती कार्रवाई की प्रभावकारिता की समीक्षा करती है. यह विशेषीकृत शाखाओं और बहुत बड़ी शाखाओं तथा असंतोषजनक रेटिंग वाली सभी शाखाओं की निरीक्षण रिपोर्टों की समीक्षा करती है. इसके द्वारा विशेष रूप से निम्नलिखित कार्यों पर भी ध्यान केन्द्रित किया जाता है :-

   - अंतर-शाखा समायोजन खाते
   - अंतर बैंक खातों और नोस्ट्रो खातों में बहुत समय से बकाया प्रविष्टियां जिनका मिलान न हुआ हो.
   - विभिन्न शाखाओं में बहियों के मिलान की बकाया स्थिति
   - धोखाधड़ी
   - बहियों के मिलान से संबंधित सभी अन्य प्रमुख क्षेत्र.

3. एसीबी, भारिबैं एवं सेबी के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंकों में नियुक्त अनुपालन अधिकारी से तिमाही रिपोर्ट प्राप्त करती है एवं उसकी समीक्षा करती है.

4. सांविधिक लेखापरीक्षा के मामले में यह समिति लांग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट में उठाए गए सभी मुद्दों पर अनुवर्ती कार्रवाई करती है. बैंक के छमाही/ वार्षिक वित्तीय लेखों और रिपोर्टों को अंतिम रूप प्रदान करने के पहले यह बाह्य लेखापरीक्षकों से चर्चा करती है.

5. लेखापरीक्षा समिति, बैंक की लेखा नीति और कार्य प्रणाली, संबंधित पार्टी लेनदेन, व्हिसिल ब्लोअर तकनीक, प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण तथा बैंक के तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों की भी समीक्षा करती है.

6. उपर्युक्त के अलावा, सेबी (एलओडीआर) विनियमन 2015 के कॉर्पोरेट गवर्नेंस सूची- II के भाग- सी के अधीन परिभाषित अनुसार लेखापरीक्षा समिति की भूमिका एवं लेखापरीक्षा समिति द्वारा सूचना की समीक्षा करना भी लेखापरीक्षा समिति के कार्य में शामिल है.

5.2.3 एसीबी बैठकों में उपस्थिति :

वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान समिति की 10 बैठकें हुई. ये बैठकें दिनांक 11.06.2020, 23.06.2020, 29.07.2020, 21.08.2020, 16.09.2020, 06.11.2020, 23.11.2020, 19.01.2021, 29.01.2021 और 23.03.2021 को आयोजित हुई थी तथा उपस्थिति का ब्यौरा निम्नानुसार है :-

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री राजीव कुमार सिंह, सनदी लेखाकार निदेशक संवर्ग	9	9
डॉ. जयदेव एम., शेयरधारक निदेशक	8	8
श्री बिरुपाक्ष मिश्रा, कार्यपालक निदेशक	9	9
श्री नितेश रंजन, कार्यपालक निदेशक	1	1
डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा, सरकार नामिती निदेशक	10	9
श्री अरुण कुमार सिंह, भारिबैं नामिती निदेशक	10	10
श्री केवल हांडा, गैर-कार्यकारी अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	2	2

5.3 जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी)

5.3.1 संघटन :

बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुक्रम में जोखिम एवं आस्ति देयता प्रबंधन पर निदेशकों की पर्यवेक्षी समिति गठित की है. सेबी (एलओडीआर) विनियमन 2015 के संदर्भ में, निदेशक मंडल ने बाज़ार पूंजीकरण के आधार पर निर्धारित शेष 500 सूचीबद्ध संस्थाओं में एक जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) का गठन करेगा. कार्यों में समानता को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने 06.12.2019 को आयोजित अपनी बैठक में जोखिम एवं आस्ति देयता प्रबंधन (सीएसआर' एएलएम) पर निर्देशकों की पर्यवेक्षण समिति का नाम बदलकर जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) किया है.

समिति में निम्नानुसार सदस्य शामिल किए गए हैं :

- अध्यक्ष
- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
- कार्यपालक निदेशक एवं
- तीन गैर-कार्यपालक निदेशक.

राष्ट्रीकृत बैंक योजना 1970 (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) के अनुबंध 12(6) की शर्तों के अनुसार श्री राजकिरण रै जी., बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ समिति के वर्तमान अध्यक्ष है.

5.3.2 कार्य :

बैंक ने जोखिम और आस्ति देयता प्रबंधन के कार्यकलापों के पर्यवेक्षण के

लिए समिति गठित की है, यह समिति बैंक के सभी जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन और अनुश्रवण के लिए उत्तरदायी है.

5.3.3 एससीआर एवं एएलएम समिति की उपस्थिति

वर्ष 2020-21 में समिति की 6 बैठकें हुई, जिनमें उपस्थिति निम्नानुसार रही :

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री केवल हांडा, अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	1	1
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	6	6
श्री गोपाल सिंह गुसाईं, कार्यपालक निदेशक	6	4
श्री दिनेश कुमार गर्ग, कार्यपालक निदेशक	6	6
श्री मानस रंजन बिस्वाल, कार्यपालक निदेशक	6	6
श्री बिरुपाक्ष मिश्रा, कार्यपालक निदेशक	5	5
श्री राजीव कुमार सिंह, सनदी लेखाकार निदेशक संवर्ग	5	5
डॉ मदुरा स्वामीनाथन, अंश-कालिक गैर-सरकारी निदेशक	4	4
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	2	2
श्री के. कदिरेसन, शेयरधारक निदेशक	2	1
डॉ. जयदेव एम., शेयरधारक निदेशक	5	5

5.4 रू.1.00 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के मामलों के अनुश्रवण हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति (एससीएमएफ)

5.4.1 संघटन:

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप रु.1 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के मामलों के अनुश्रवण हेतु निदेशक मंडल की विशेष समिति का गठन किया गया है. वर्तमान में निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) से आंतरिक निरीक्षण, सांविधिक लेखापरीक्षा, अंतर शाखा / अंतर बैंक खातों, बहियों के मिलान के प्रमुख क्षेत्रों आदि का पर्यवेक्षण अपेक्षित है. एसीबी से यह भी अपेक्षित है कि वह बैंक में धोखाधड़ी के संबंध में निवारक पहलुओं तथा की जा रही अनुवर्ती कार्रवाई पर भी ध्यान दे. यह विशेष समिति रु.1 करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के मामलों का विशेष रूप से अनुश्रवण और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई पर ध्यान देती है, जबकि एसीबी सामान्य रूप से धोखाधड़ी के सभी मामलों का भी अनुश्रवण जारी रखेगी.

यह विशेष समिति, निदेशक मंडल के निम्नलिखित सदस्यों को शामिल कर गठित की गई है.

- अध्यक्ष
- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
- निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति के दो सदस्य
- भारतीय रिज़र्व बैंक नामिती को छोड़कर निदेशक मंडल के दो अन्य सदस्य

राष्ट्रीकृत बैंक योजना 1970 (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) के अनुबंध 12(6) की शर्तों के अनुसार श्री राजकिरण रै जी., बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ समिति के वर्तमान अध्यक्ष है.

5.4.2 कार्य :

इस विशेष समिति का प्रमुख कार्य रू.1करोड़ एवं अधिक के धोखाधड़ी के सभी मामलों की समीक्षा एवं उनका अनुश्रवण करना होगा ताकि:

- धोखाधड़ी की संभावनाओं वाली कार्यप्रणालीगत कमियों को पहचानने और उन पर रोक लगाने हेतु आवश्यक उपाय करना.
- धोखाधड़ी का पता लगाने में हुई देरी का पता लगाने और/ अथवा बैंक के उच्च प्रबंधन या भारतीय रिजर्व बैंक को सूचित करने में यदि कोई देरी हुई हो, तो उनके कारणों की पहचान करना.
- सीबीआई/ पुलिस जांच एवं वसूली स्थिति की प्रगति का अनुश्रवण करना.
- सुनिश्चित करना कि धोखाधड़ी के सभी मामलों में प्रत्येक स्तर पर स्टाफ उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाता है तथा यदि स्टाफ संबंधी कोई कार्रवाई हो तो उसे तत्काल निपटाया जाता है.
- धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आंतरिक नियंत्रणों को सुदृढ़ करने जैसी उपचारात्मक कार्रवाई की समीक्षा करना.
- धोखाधड़ी निवारक उपायों को सुदृढ़ बनाने हेतु यथावश्यक अन्य उपाय लागू करना.

5.4.3 एससीएमएफ बैठकों में उपस्थिति :

वर्ष 2020-21 के दौरान समिति की 4 बैठकें हुई, जिनमें उपस्थिति निम्नानुसार रही:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री केवल हांडा, अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	1	1
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	4	4
श्री मानस रंजन बिस्वाल, कार्यपालक निदेशक	1	1
श्री बिरुपाक्ष मिश्रा, कार्यपालक निदेशक	3	3
डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा, सरकार द्वारा नामिती निदेशक	4	2
श्री राजीव कुमार सिंह, सनदी लेखाकार निदेशक संवर्ग	1	1
डॉ मदुरा स्वामीनाथन, अंश-कालिक गैर-सरकारी निदेशक	1	1
श्री के. कदिरेसन, शेयरधारक निदेशक	3	1
डॉ जयदेव एम., शेयरधारक निदेशक	1	1

5.5 बोर्ड की वसूली प्रबंधन समिति (आरईएमसी) :

5.5.1 संघटन :

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुक्रम में नियमित आधार पर वसूली की प्रगति का अनुश्रवण करने के लिए वसूली प्रबंधन के लिए बोर्ड स्तर की उप समिति गठित की गयी हैं. यह समिति अपनी रिपोर्ट बोर्ड को प्रस्तुत करेगी.

समिति का संगठन इस प्रकार है:

- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
- कार्यपालक निदेशकगण
- भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक

श्री राजकिरण रै जी., बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ इस समिति के वर्तमान अध्यक्ष हैं.

5.5.2 कार्य :

नियमित आधार पर वसूली की प्रगति का अनुश्रवण करना एवं बोर्ड को रिपोर्ट प्रस्तुत करना.

5.5.3 आरईएमसी बैठकों में उपस्थिति :

वर्ष 2020-21 के दौरान समिति की 4 बैठकें हुई, जिनमें उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	4	4
श्री गोपाल सिंह गुसाईं, कार्यपालक निदेशक	4	4
श्री दिनेश कुमार गर्ग, कार्यपालक निदेशक	4	4
श्री मानस रंजन बिस्वाल, कार्यपालक निदेशक	4	4
श्री बिरुपाक्ष मिश्रा, कार्यपालक निदेशक	3	3
श्री नितेश रंजन, कार्यपालक निदेशक	1	1
डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा, सरकार द्वारा नामिती निदेशक	4	4

5.6 बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी)

5.6.1 संघटन :

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में बैंक में ग्राहक सेवा की देखरेख के लिए बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति गठित की गयी है. समिति के सदस्य निम्नानुसार हैं :

- प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
- कार्यपालक निदेशक
- सरकार द्वारा नामिती निदेशक
- चार गैर-कार्यपालक निदेशक

इनके अतिरिक्त, इन बैठकों में आंतरिक लोकपाल तथा दो विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाता है.

श्री राजकिरण रै जी., बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ इस समिति के अध्यक्ष हैं.

5.6.2 कार्य:

समिति निम्नलिखित कार्य कर रही है:

i. ग्राहक सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए सुझाव देना.

ii. मौजूदा नीतियों एवं कार्यपद्धतियों को युक्तियुक्त बनाने तथा सरलीकरण की दृष्टि से उनके कार्यान्वयन की समीक्षा करना तथा निरंतर आधार पर परिवर्तनों को सुविधाजनक बनाने हेतु समुचित प्रोत्साहनों का सुझाव देना.

iii. बोर्ड के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये जाने से पूर्व नीतियों की वार्षिक आधार पर समीक्षा करके संस्तुति करना.

5.6.3 सीएससीबी बैठकों में उपस्थिति :

वर्ष 2020-21 के दौरान समिति की 5 बैठकें हुई जिसमें उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	5	5
श्री गोपाल सिंह गुसाई, कार्यपालक निदेशक	5	4
श्री दिनेश कुमार गर्ग, कार्यपालक निदेशक	5	5
श्री मानस रंजन बिस्वाल, कार्यपालक निदेशक	5	5
श्री बिरुपाक्ष मिश्रा, कार्यपालक निदेशक	3	3
श्री नितेश रंजन, कार्यपालक निदेशक	1	1
श्री केवल हांडा, अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	1	1
डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा, सरकार द्वारा नामिती निदेशक	5	3
श्री राजीव कुमार सिंह, सनदी लेखाकार निदेशक	4	4
डॉ मदुरा स्वामीनाथन, अंश-कालिक गैर-सरकारी निदेशक	2	2
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	5	5
श्री के. कदिरेसन, शेयरधारक निदेशक	3	2
डॉ जयदेव एम., शेयरधारक निदेशक	4	4
श्री एस. रवीन्द्रनाथ, विशेष आमंत्रित	5	3
श्री एस. जगन्नाथन, विशेष आमंत्रित	5	5

5.7 बोर्ड की एचआर उप-समिति (एचआरएससीबी)

5.7.1 संघटन :

समिति में प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, कार्यपालक निदेशक, सरकार द्वारा नामित निदेशक तथा बोर्ड द्वारा नामित कोई दो निदेशक होते हैं. इसके अतिरिक्त, मानव संसाधन के दो विशेषज्ञ भी विशेष आमंत्रित के रुप में भाग लेते हैं.

श्री राजकिरण रै जी., बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ इस समिति के वर्तमान अध्यक्ष हैं.

5.7.2 कार्य :

निम्नलिखित पहलुओं के कार्यान्वयन का प्रबंधन एवं पुनरावलोकन :

1. एचआर पर बैंक की संपूर्ण रणनीति.
   - समग्र जनबल आयोजना व कौशल अंतराल की पहचान
   - सही प्रतिभाओं को आकर्षित करने और उनके विकास के लिये प्रणाली, प्रक्रिया और संरचना
   - उत्तराधिकार की योजना
2. बैंक के सभी स्टाफ पर लागू होने वाली निषादन प्रबंधन प्रणाली का विकास
   - प्रमुख दायित्व क्षेत्रों का पारदर्शी निषादन आकलन
   - सभी स्टाफ को विकास संबंधी फीडबैक प्रणाली देना
3. बैंक की रणनीति और बाजार की परिस्थितियों के अनुरूप एचआर नीतियों को सुव्यवस्थित करना
   - पुरस्कार व प्रोत्साहन
   - पदोन्नति
   - तैनाती
4. प्रशिक्षण
   - विशिष्ट कारोबारी कौशल प्रशिक्षण
   - सभी स्टाफ सदस्यों को सामान्य प्रशिक्षण/पुनश्चर्या
5. एचआर संबंधी सभी कार्यों का आईटी स्वचालन

5.7.3 एचआरएससीबी बैठकों में उपस्थिति :

वर्ष 2020-21 के दौरान समिति की 5 बैठकें हुई, जिनमें उपस्थिति का विवरण निम्नानुसार है:

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	5	5
श्री गोपाल सिंह गुसाई, कार्यपालक निदेशक	5	4
श्री दिनेश कुमार गर्ग, कार्यपालक निदेशक	5	5
श्री मानस रंजन बिस्वाल, कार्यपालक निदेशक	5	5
श्री बिरुपाक्ष मिश्रा, कार्यपालक निदेशक	4	4

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा, सरकार द्वारा नामिती निदेशक	5	5
डॉ. मदुरा स्वामीनाथन, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	1	1
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	4	4
श्री के. कदिरेसन, शेयरधारक निदेशक	4	3
डॉ जयदेव एम., शेयरधारक निदेशक	1	1
श्री टी. वी. राव, बाहरी विशेषज्ञ	5	4
श्री आर. आर. नायर, बाहरी विशेषज्ञ	5	4

5.8 हितधारकों की संबंध समिति (एसआरसी)

5.8.1 संघटन :

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के अनुक्रम में, कार्यपालक निदेशकों एवं तीन गैर-कार्यपालक निदेशकों की बोर्ड की स्टेकधारक संबंध समिति (एसआरसी) गठित की गयी है.

डॉ. जयदेव एम, सनदी लेखाकार निदेशक समिति के वर्तमान अध्यक्ष हैं.

5.8.2 कार्य :

1. बैंक के प्रतिभूति धारकों के शेयरों के अंतरण/ट्रांसमिशन, वार्षिक रिपोर्ट की अप्राप्ति, घोषित लाभांशों की अप्राप्ति, नए/डुप्लीकेट प्रमाणपत्रों को जारी करने, सामान्य बैठकों आदि से संबंधित शिकायतों का निपटान एवं अनुश्रवण करना.
2. शेयरधारकों द्वारा मतदान के प्रभावी अभ्यास के लिए किए गए उपायों की समीक्षा करना.
3. रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं के संबंध में बैंक द्वारा अपनाई गयी सेवा मानकों के अनुपालन की समीक्षा करना.
4. बैंक द्वारा अदावी लाभांशों की प्रमात्रा को कम करने एवं कंपनी के शेयरधारकों द्वारा लाभांश वारंटों/ वार्षिक रिपोर्टों/ सांविधिक नोटिसों की ससमय प्राप्ति को सुनिश्चित करने हेतु उठाए गए विभिन्न उपायों एवं पहल की समीक्षा करना.

5.8.3 एसआरसी बैठकों में उपस्थिति :

वर्ष 2020-21 के दौरान समिति की 4 बैठकें हुई, ये बैठकें दिनांक 22.05.2020, 30.07.2020, 20.10.2020 और 04.02.2021 को आयोजित हुई थी तथा उपस्थिति का ब्यौरा निम्नानुसार है :

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
डॉ जयदेव एम., शेयरधारक निदेशक	3	3
श्री राजीव कुमार सिंह, सनदी लेखाकार निदेशक	2	2
श्री गोपाल सिंह गुसाई, कार्यपालक निदेशक	4	4
श्री दिनेश कुमार गर्ग, कार्यपालक निदेशक	4	4
श्री मानस रंजन बिस्वाल, कार्यपालक निदेशक	4	4
श्री बिरुपाक्ष मिश्रा, कार्यपालक निदेशक	3	3
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	3	3
श्री के. कदिरेसन, शेयरधारक निदेशक	2	1
श्री केवल हांडा, अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	1	1
डॉ. मदुरा स्वामीनाथन, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	1	1

5.8.4 अनुपालन अधिकारी का नाम एवं पदनाम :

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियमन 6 के अनुक्रम में, श्री मंगेश मांद्रेकर को कंपनी सचिव के रूप में नियुक्त किया गया एवं निवेशक शिकायत निवारण के लिए बैंक के अनुपालन अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया.

5.8.5 वर्ष 2020-21 के दौरान शेयरधारकों की शिकायतों का विवरण :

31.03.2021 को समाप्त वित्त वर्ष की तुलना में 31.03.2020 को समाप्त वित्त वर्ष में प्राप्त, निस्तारित एवं लम्बित शिकायतों की संख्या प्रदर्शित करने वाली तुलनात्मक तालिका निम्नानुसार है :-

क्र.	विवरण	31.03.21 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए	31.03.20 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए
ए.	वर्ष के प्रारम्भ में शेयरधारकों की लम्बित शिकायतों की संख्या	0	0
बी.	वर्ष के दौरान शेयरधारकों से प्राप्त शिकायतों की संख्या	18	106

क्र.	विवरण	31.03.21 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए	31.03.20 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए
सी.	वर्ष के दौरान शेयरधारकों की निस्तारित की गयी शिकायतों की संख्या	18	106
डी.	वर्ष की समाप्ति पर शेयरधारकों की लम्बित शिकायतों की संख्या	0	0

5.9 आईटी रणनीति समिति (आईटीएससी)

5.9.1 संघटन

आईटी सुशासन उपायों के एक भाग के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक ने बोर्ड को आईटी पर रणनीतिक मार्गदर्शन देने और बोर्ड की ओर से आईटी निवेश की समीक्षा के लिए आईटी रणनीति समिति बनाने की संस्तुति की है. समिति में निम्नलिखित शामिल होंगे :

- कार्यपालक निदेशकगण
- सरकार द्वारा नामिती निदेशक
- तीन गैर - कार्यपालक निदेशक जिसमें से एक स्वतंत्र निदेशक होगा
- एक बाहरी आईटी विशेषज्ञ
- मुख्य सूचना अधिकारी (बैंक के आईटी कार्यों के प्रमुख, महाप्रबंधक)

डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक इस समिति के वर्तमान अध्यक्ष हैं.

5.9.2 कार्य :

- आईटी रणनीति और नीति दस्तावेजों का अनुमोदन.
- यह सुनिश्चित करना कि प्रबंधन ने प्रभावी रणनीतिक योजना प्रक्रिया बनाई है.
- यह पुष्टि करना कि कारोबारी रणनीति वास्तव में आईटी रणनीति के साथ संयोजित है.
- यह सुनिश्चित करना कि आईटी की संगठनात्मक संरचना, कारोबारी मॉडल और इसकी दिशा के अनुरुप है.
- यह सुनिश्चित करना कि प्रबंधन ने कारोबार बढ़ाने में आईटी का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया एवं पद्धति का पालन किया है.
- यह सुनिश्चित करना कि आईटी में निवेश जोखिम और लाभ के संतुलन के अनुरूप रहें और बजट स्वीकार करने योग्य हों.
- रणनीतिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक आईटी संसाधनों का प्रयोग तय करने के लिए प्रबंधन द्वारा प्रयुक्त उपायों का अनुश्रवण और आईटी संसाधनों के स्रोत और उपयोग के बारे में उच्च स्तरीय मार्गदर्शन देना.
- बैंक के सुस्थिर विकास के लिए आईटी निवेश में उचित संतुलन सुनिश्चित करना.
- आईटी जोखिम और नियंत्रणों के प्रयोग के बारे में जानकारी प्राप्त करना और अनुश्रवण के लिए प्रबंधन की तैयारी का मूल्यांकन करना.
- आईटी रणनीतियों के कार्यान्वयन में वरिष्ठ प्रबंधन के निष्पादन का मूल्यांकन करना.
- उच्च स्तरीय नीति संबंधी मार्गदर्शन (उदाहरणार्थ- जोखिम, फंडिंग या प्राप्ति स्रोत संबंधी)
- यह पुष्टि करना कि आईटी या कारोबारी संरचना इस प्रकार बनायी गयी है जिससे आईटी से अधिकतम कारोबारी लाभ प्राप्त हो.
- बैंक स्तर पर आईटी पर व्यय होने वाली समग्र राशि का पर्यवेक्षण और यह पता करना कि प्रबंधन के पास आईटी जोखिम के लिए संसाधन हैं.
- आईटी के कामकाज और कारोबार में इसके योगदान की समीक्षा (अर्थात् वायदे के अनुरूप लाभ मिल रहा है)
- आईटी आपदा प्रबंधन के लिए तंत्र स्थापित करना.
- बैंक के डिजिटल लेनदेनों को बढ़ाने के लिए तत्संबंधी परामर्श, दिशानिर्देश एवं अनुश्रवण हेतु डिजिटल लेनदेन पर बोर्ड स्तरीय उप समिति के रूप में कार्य करने के लिए.

5.9.3 आईटीएससी बैठकों में उपस्थिति :

वर्ष 2020-21 के दौरान समिति की 5 बैठकें हुई और उसमें निम्नलिखित उपस्थिति रही :

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
डॉ. उत्तम कुमार सरकार, शेयरधारक निदेशक	4	4
श्री केवल हांडा, अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	1	1
श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ	1	1
श्री गोपाल सिंह गुसाईं, कार्यपालक निदेशक	5	5
श्री दिनेश कुमार गर्ग, कार्यपालक निदेशक	5	5
श्री मानस रंजन बिस्वाल, कार्यपालक निदेशक	5	3

निदेशक का नाम	कार्यकाल के दौरान संपन्न बैठकों की संख्या	बैठकों में उपस्थिति
श्री बिरुपाक्ष मिश्रा, कार्यपालक निदेशक	4	4
श्री नितेश रंजन, कार्यपालक निदेशक	1	1
डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा, सरकार द्वारा नामिती निदेशक	5	4
श्री राजीव कुमार सिंह, सनदी लेखाकार निदेशक संवर्ग	1	1
डॉ. मदुरा स्वामीनाथन, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	2	2
श्री के. कदिरेसन, शेयरधारक निदेशक	2	1
डॉ. जयदेव एम., शेयरधारक निदेशक	3	3
श्री इशरक अली खान, मुख्य महाप्रबंधक, डीआईटी	4	3
श्री जी. शिवकुमार, विशेष आमंत्रित	5	5

5.10 नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी)

सदस्य सं.102789
यूडीआईएन: 21102789AAAAAS8443

कृते मेसर्स सी आर सागदेव एंड कं.
सनदी लेखाकार
एफ़आरएन 108959W

सीए सचिन वी लूथरा
भागीदार
सदस्य सं. 109127
यूडीआईएन: 21109127AAAADN8383

कृते मेसर्स पी वी ए आर एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
एफ़आरएन 005223C

सीए प्रदीप कुमार गुप्ता
भागीदार
सदस्य सं.072933
यूडीआईएन: 21072933AAAABR2731

कृते मेसर्स गोपाल शर्मा एंड कं.
सनदी लेखाकार
एफ़आरएन 002803C

सीए विजय गर्ग
भागीदार
सदस्य सं.076387
यूडीआईएन: 21076387AAAAAG8342

स्थान : मुंबई
दिनांक : 07 जून, 2021

फॉर्म न. एमआर-3
सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट
31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए

[सेबी के परिपत्र क्रमांक सेबी सीआईआर/सीएफ़डी/सीएमडी1/27/2019 दिनांक 08 फरवरी, 2019 के साथ पठित सेबी (लोडर) के विनियमनों के नियमन 24 ए के संबंध में.]

प्रति,
सदस्य,
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
केंद्रीय कार्यालय, मुंबई

मैंने लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुपालन और **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** (जिसे बाद में "बैंक" कहा जाता है) द्वारा अच्छे कॉर्पोरेट प्रथाओं के पालन का सचिवीय लेखा परीक्षण किया है. सचिवीय परीक्षण इस प्रकार से किया गया है कि मुझे कॉर्पोरेट संहिता/सांविधिक अनुपालन का मूल्यांकन करने और उस पर अपनी राय व्यक्त करने का उचित आधार प्राप्त हो.

सचिवीय लेखा परीक्षा के संचालन के दौरान, बैंक द्वारा बनाई गई बैंक की पुस्तकों, कागजातों, कार्यवृतों की पुस्तकों, प्रपत्रों और फ़ाइल किए गए रिटर्न तथा बैंक के अन्य रिकॉर्ड और इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, मेरे सत्यापन के आधार पर, हम एतदद्वारा रिपोर्ट करते हैं कि मेरी राय में, बैंक ने **31 मार्च, 2021** को समाप्त वित्तीय वर्ष की पूरी अवधि के लेखा परीक्षण की अवधि के दौरान, यहां सूचीबद्ध वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और यह भी कि यहाँ बाद में उचित रूप से, विधिपूर्वक रिपोर्ट करने के लिए बैंक के पास बोर्ड-प्रक्रियाएं और अनुपालन-तंत्र हैं:

निम्न प्रावधानों के अनुसार मैंने 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बैंक द्वारा बनाए गए कागजातों, कार्यवृतों की पुस्तकों, प्रपत्रों और फ़ाइल किए गए रिटर्न तथा बैंक के अन्य रिकॉर्ड का परीक्षण किया है :

i. बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970

ii. राष्ट्रीयकृत बैंकों (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) की योजना, 1970;

iii. बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 और बैंकिंग कंपनी नियम, 1949 (समय-समय पर संशोधित)

iv. भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1945; और आरबीआई द्वारा समय-समय पर जारी किए गए मास्टर निर्देश, अधिसूचनाएं और दिशानिर्देश

v. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (अंश एवं बैठकें) विनियमन, 1998

vi. विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम, 1999 एवं नियम एवं उसके अंतर्गत प्रचलित विदेशी प्रत्यक्ष निवेश एवं बाह्य वाणिज्यिक उधारी नियमन;

vii. प्रतिभूति अनुबंध (नियमन) अधिनियम, 1956 ("एससीआरए"), और उसके अंतर्गत बनाए गए नियम;

viii. डिपॉजिटरीज़ अधिनियम, 1996 और विनियम और उसके अंतर्गत बनाए गए उपनियम;

ix. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम,1992 ("सेबी अधिनियम") के अंतर्गत निर्धारित निम्नानुसार नियमन एवं दिशानिर्देश):-

   ए. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (शेयर एवं अधिग्रहणों का भौतिक अधिग्रहण) विनियमन 2011;

   बी. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियमन, 2015 ;

   सी. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी निर्गम एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियमन, 2018;

   डी. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (अंश आधारित कर्मचारी लाभ) विनियमन, 2014;

   ई. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का निर्गम एवं सूचीयन) विनियमन, 2008;

   एफ़. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (निर्गम एवं अंश हस्तांतरण एजेंट्स का रजिस्ट्रार) विनियमन, 1993 कंपनी अधिनियम एवं ग्राहक के साथ व्यवहार के संबंध में;

   जी. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (साधारण शेयर का असूचीयन) विनियमन, 2009; एवं

   एच. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों का बाइबैक) विनियमन, 2018;

मैंने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध बाध्यताओं और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम, 2015 ["सूचीयन विनियम"] के लागू वाक्यों के अनुपालन होने की भी जांच की है. सूचीबद्ध इकाई ने उपरोक्त विनियमों के प्रावधानों एवं इसके अधीन जारी परिपत्रों/दिशानिर्देशों का अनुपालन किया है, जो सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट दिनांक 16 जून, 2021 में मेरी टिप्पणियों के अधीन हैं.

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, बैंक ने उपरोक्त उल्लिखित अधिनियमों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों आदि के प्रावधानों का लागू सीमा तक अनुपालन किया हैः

मैं आगे रिपोर्ट करता हूँ कि -

बैंक के निदेशक मंडल का विधिवत गठन कार्यकारी निदेशकों, गैर-कार्यकारी और स्वतंत्र निदेशकों के समुचित संतुलन के साथ किया जाता है. समीक्षाधीन अवधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में बदलाव में अधिनियम, नियम एवं विनियम के प्रावधानों के अनुपालन में किए गए थे.

बोर्ड की निर्धारित बैठकों की जानकारी के लिए सभी निदेशकों को उचित सूचना दी गई थी, बैठकों के लिए कार्यसूची और कार्यसूची पर विस्तृत नोट्स पहले ही भेजे गए थे और कार्यसूची की मदों पर बैठक से पहले अधिक जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त करने और बैठक में सार्थक भागीदारी के लिए एक प्रणाली मौजूद है.

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, निर्णय सर्वसम्मति से किए गए थे और कार्यवृत्तों की समीक्षा करते समय कोई असंतोषजनक विचार नहीं देखा गया था.

मैं आगे रिपोर्ट करता हूँ कि लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों के अनुपालन की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए बैंक के आकार और संचालन के साथ बैंक में पर्याप्त प्रणाली और प्रक्रियाएं हैं.

मैं आगे रिपोर्ट करता हूँ कि लेखा परीक्षा की अवधि के दौरान, बैंक ने निम्नलिखित घटनाओं / कार्यों को निष्पादित किया हैः

i) बैंक के निदेशक मंडल ने 29 जुलाई, 2020 को आयोजित बैठक में, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए इक्विटी शेयरों के माध्यम से रु. 10300 करोड़ की पूंजीगत निधि, जिसमें रु. 6800 करोड़ से अनधिक राशि शामिल है एवं अतिरिक्त टियर I (एटी I) बॉण्ड और या टियर II बॉण्डस के माध्यम से रु. 9400 करोड़ से अनधिक राशि की उगाही के लिए पूंजी योजना का अनुमोदन किया है.

ii) बैंक के शेयरधारकों ने दिनांक 30 दिसंबर, 2020 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में, सार्वजनिक निर्गम (सार्वजनिक निर्गम पर पालन) एवं/या अधिकार निर्गम तथा/या निजी स्थान नियोजन सहित अहर्ता प्राप्त संस्थान स्थान नियोजन के माध्यम से रु. 6800 करोड़ तक के इक्विटी शेयर पूंजी का अनुमोदन प्रदान किया है.

iii) पूंजीगत निधियाँ जुटाने के लिए निदेशकों की समिति (सीडीआरसीएफ़) ने 15 दिसंबर, 2020 को आयोजित बैठक में बासल III के अधीन बेमीयादी ऋण लिखत के अनुपालन में डिबेंचरों के रूप में 5000 अपरिवर्तनीय कर योग्य गैर-जमानती, जारी और आबंटित किया है, जो कि निजी स्थान नियोजन आधार पर रु.500 करोड़ के शृंखला XXVII के अतिरिक्त टियर-I पूंजीगत बॉण्ड में शामिल होने के पात्र हैं.

iv) पूंजीगत निधियाँ जुटाने के लिए निदेशकों की समिति (सीडीआरसीएफ़) ने 11 जनवरी, 2021 को आयोजित बैठक में बासल III के अधीन बेमीयादी ऋण लिखत के अनुपालन में डिबेंचरों के रूप में 1000 अपरिवर्तनीय कर योग्य गैर-जमानती, जारी और आबंटित किया है, जो कि निजी स्थान नियोजन आधार पर रु.1000 करोड़ के शृंखला XXVIII अतिरिक्त टियर-I पूंजीगत बॉण्ड में शामिल होने के पात्र हैं.

v) पूंजीगत निधियाँ जुटाने के लिए निदेशकों की समिति (सीडीआरसीएफ़) ने 11 जनवरी, 2021 को आयोजित बैठक में बासल III अनुपालन के संबंध में 5 वर्ष पूरे होने पर निर्धारित देय तिथि को रु. 800 करोड़ के टियर-1 एवं रु. 1000 करोड़ के टियर-2 के अतिरिक्त बॉण्ड के लिए कॉल विकल्प को प्रयोग करने का अनुमोदन प्रदान किया है.

vi) पूंजीगत निधियाँ जुटाने के लिए निदेशकों की समिति (सीडीआरसीएफ़) ने 11 जनवरी, 2021 को आयोजित बैठक में बासल III के अधीन 205 बेमीयादी ऋण लिखत के अनुपालन में डिबेंचरों के रूप में अपरिवर्तनीय कर योग्य गैर-जमानती, जारी और आबंटित किया है, जो कि निजी स्थान नियोजन आधार पर रु.205 करोड़ के शृंखला XXIX अतिरिक्त टियर-I पूंजीगत बॉण्ड में शामिल होने के पात्र हैं.

बी दुर्गाप्रसाद राय
पेशेवर कंपनी सचिव
एफसीएस संख्या : 10060; सी पी संख्या . : 4390
यूडीआईएन : A010060C000472918

मुंबई
16 जून, 2021

इस रिपोर्ट को हमारे के पत्र के साथ यहाँ तक की तारीख तक पढ़ा जाए जो परिशिष्ट “ए” के रूप में संलग्न है और इस रिपोर्ट का एक अभिन्न हिस्सा है.

प्रति,

सदस्य,

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई

31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए हमारी सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट इस पत्र के साथ पढ़ा जाए.

1. सचिवीय रिकॉर्ड के रखरखाव का उत्तरदायित्व बैंक के प्रबंधन का है. हमारा उत्तरदायित्व इन सचिवीय रिकॉर्ड पर राय व्यक्त है.

2. मैंने सचिवीय रिकॉर्ड की विषयवस्तु के शुद्धता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखा परीक्षा की उपयुक्त प्रथाओं और प्रक्रियाओं का पालन किया है. परीक्षण के आधार पर यह सुनिश्चित करने के लिए सत्यापन किया गया कि सचिवीय रिकॉर्ड में परिलक्षित तथ्य सही हैं. मैं विश्वास करता हूँ कि मैंने जिन प्रक्रियाओं और प्रथाओं का पालन किया है, हमारी राय प्रकट करने का एक उचित आधार प्रदान करती है.

3. मैंने बैंक के वित्तीय रिकॉर्ड लेखा बहियों की शुद्धता और उपयुक्तता की जांच नहीं की है.

4. जहां कहीं आवश्यक रहा है, विधि, नियमों एवं विनियमनों एवं घटी हुई घटनाओं आदि के अनुपालन बारे में मैंने प्रबंधन प्रतिनिधित्व प्राप्त किया है.

5. कॉर्पोरेट के प्रावधानों एवं दूसरे लागू विधि, नियमों एवं विनियमनों मानकों के अनुपालन का दायित्व प्रबंधन का है. हमारा परीक्षण प्रक्रियाओं का परीक्षण आधार पर सत्यापन करने तक सीमित था.

6. सचिवीय ऑडिट रिपोर्ट न तो बैंक की भविष्य की व्यवहार्यता के लिए एक आश्वासन है और न ही प्रभावकारिता या प्रभावशीलता, जिसके लिए प्रबंधन ने बैंक के मामलों का संचालन किया है.

बी दुर्गाप्रसाद राय
पेशेवर कंपनी सचिव
एफसीएस संख्या : 10060; सी पी संख्या . : 4390
यूडीआईएन : A010060C000472918

मुंबई
16 जून, 2021

निवेशकों की गैर अयोग्यता का प्रमाणपत्र

(भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एंव प्रकटीकरण अपेक्षाएं) 2015 के विनियम 34(3) और अनुसूची V अनुच्छेद सी खंड (10) (आई) के अनुसरण में)

सेवा में,
सदस्यगण,
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
केन्द्रीय कार्यालय, यूनियन बैंक भवन,
239, विधान भवन मार्ग,
नरीमन पॉइंट, मुंबई 400 021

भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएं एंव प्रकटीकरण अपेक्षाएं) 2015 के विनियम 34(3) और अनुसूची V अनुच्छेद सी खंड (10) (आई) के अनुसार मैंने **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** (इसके बाद "बैंक" के रूप में संदर्भित) जिसका केन्द्रीय कार्यालय 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई 400 021 में अवस्थित है, के निदेशकों से प्राप्त प्रासंगिक रजिस्टर, रिकॉर्ड, फॉर्म, रिटर्न और प्रकटीकरण की जांच की है, जिसे बैंक द्वारा मेरे समक्ष यह प्रमाणपत्र जारी करने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया था.

मेरी राय और मेरी जानकारी के अनुसार और आवश्यक सत्यापन (पोर्टल www.mca.gov.in, पर निवेशकों की पहचान संख्या (डीआईएन सहित), जहां कहीं भी लागू हो) और बैंक तथा इसके अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण के अनुसार, एतद्वार मैं प्रमाणित करता हूँ कि 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए बैंक के बोर्ड के निम्नलिखित निदेशकों में से किसी को भी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, या अन्य किसी वैधानिक प्राधिकरण द्वारा कंपनियों के निदेशक के रूप में नियुक्त होने या बनाए रखने से नहीं रोका गया है या अयोग्य घोषित नहीं किया गया है.

क्र.सं.	निदेशक का नाम	डीआईएन	बैंक में नियुक्ति की तिथि
1.	श्री राजकिरण रै जी.	07427647	01 जुलाई, 2017
2.	श्री गोपाल सिंह गुसाईं	03522170	20 सितंबर, 2018
3.	श्री दिनेश कुमार गर्ग	08925290	02 नवंबर, 2018
4.	श्री मानस रंजन बिस्वाल	08162008	01 मार्च, 2019
5.	श्री नितेश रंजन	08101030	10 मार्च, 2021
6.	डॉ. मदनेश कुमार मिश्रा	07584386	22 जुलाई, 2016
7.	श्री अरुण कुमार सिंह	लागू नहीं	26 अप्रैल, 2019
8.	डॉ. उत्तम कुमार सरकार	07266221	28 जून, 2018
9.	श्री के. कदिरेसन	लागू नहीं	28 जून, 2018
10.	डॉ. जयदेव एम.	03574167	28 जून, 2018

बैंक, एक राष्ट्रीयकृत बैंक होने के नाते बैंकिंग कंपनियों (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 और बैंकिंग कार्यकारी अधिनियम, 1949 के तहत शासित है. कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधान बैंक पर लागू नहीं है. इस प्रकार, बैंक के बोर्ड के निदेशक के लिए डीआईएन प्राप्त करना अनिवार्य नहीं है.

बोर्ड में प्रत्येक निदेशक की नियुक्ति / निरंतरता के लिए पात्रता को सुनिश्चित करना बैंक के प्रबंधन की ज़िम्मेदारी है. मेरी ज़िम्मेदारी है कि मैं अपने सत्यापन के आधार पर इन पर एक राय व्यक्त करू. यह प्रमाणपत्र न तो बैंक की भावी व्यवहार्यता का आश्वासन है और न ही उस दक्षता या प्रभावशीलता का, जिसके साथ प्रबंधन ने बैंक के मामलों का संचालन किया है.

बी दुर्गाप्रसाद राय
पेशेवर कंपनी सचिव
एसीएस: 10060; सीओपी: 4390
यूडीआईएन: A010060C000478627

स्थान : मुंबई
दिनांक : 17 जून, 2021

प्रति,

निदेशक मंडल,

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया,

मुंबई.

सेबी के विनियमन 17(8) (सूचीबद्धता बाध्यताएं एंव प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के तहत सीईओ एंव सीएफ़ओ प्रमाणपत्र.

यह प्रमाणित किया जाता है कि हमारे जानकारी एवं विश्वास के अनुसार

(ए) हमने वर्ष के वित्तीय विवरणों एवं नकदी प्रवाह विवरण की समीक्षा की है और हमारी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार :

1) इन विवरणों में कोई गलत बयानी या कोई भूल-चूक या ऐसा कोई विवरण नहीं है; जिससे भ्रामक स्थिति पैदा हो;

2) ये विवरण सूचीबद्ध इकाई के कार्यों का एक वास्तविक और उचित चित्र प्रस्तुत करते हैं और इसमें मौजूदा लेखांकन मानकों, लागू क़ानूनी एवं विनियमनों का अनुपालन किया गया है.

(बी) हमारी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सूचीबद्ध इकाई द्वारा वर्ष के दौरान ऐसे किसी लेन-देन की प्रविष्टि नहीं की गई है, जो धोखाधड़ीपूर्ण या अवैध हो या जिससे बैंक की आचार संहिता का उल्लंघन होता हो.

(सी) हम वित्तीय रिपोर्टिंग हेतु आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने और उसके अनुपालन का दायित्व स्वीकार करते हैं और हमने वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी सूचीबद्ध इकाई की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की प्रामाणिकता का मूल्यांकन किया है तथा लेखापरीक्षकों एवं लेखापरीक्षा समिति को आंतरिक नियंत्रण को तैयार करने अथवा उसे व्यवहार में लाने में आने वाली हमें ज्ञात कमियाँ, जो कोई हों और उन कमियों को सुधारने के लिए किए गए या प्रस्तावित उपायों की जानकारी दी है.

(डी) हमने लेखापरीक्षकों एवं बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति को निम्नलिखित की सूचना दी है. -

1) वर्ष के दौरान वित्तीय रिपोर्टिंग के आंतरिक नियंत्रण में हुए मुख्य परिवर्तन;

2) वर्ष के दौरान लेखांकन नीतियों में हुए व्यापक परिवर्तन और वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में उनका उल्लेख किया गया है; और

3) उन्हें ज्ञात धोखाधड़ी के प्रमुख मामले, जिनसे यदि प्रबंधन या ऐसा कोई कर्मचारी जुड़ा है; जिसकी वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी सूचीबद्ध इकाई की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका है.

कृते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

(प्रफुल कुमार सामल)
(मुख्य वित्तीय अधिकारी)

कृते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

(राजकिरण रै जी.)
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

स्थान : मुंबई
दिनांक : 07 जून, 2021

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

प्रति

भारत के राष्ट्रपति /यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सदस्य

मुंबई

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा रिपोर्ट

अभिमत

1. हमने **यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया** ("बैंक") के साथ दिये जा रहे स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है जिसमें शामिल हैं, 31 मार्च, 2021 का तुलन पत्र एवं समाप्त वर्ष का लाभ एवं हानि खाता और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों एवं अन्य व्याख्यात्मक सूचना जिसमें साल के परिणाम शामिल हैं के सार सहित नकदी प्रवाह विवरण एवं स्टैंडअलोन वितीय विवरण के नोट्स

    i) हमने 20 शाखाओं, एक ट्रेज़री शाखा और 18 एफजीएमओ कार्यालयों की लेखा परीक्षा की है

    ii) 5650 शाखाओं की लेखा परीक्षा सांविधिक शाखा लेखा परीक्षकों ने की है और

    iii) 3 विदेशी शाखाओं की लेखा परीक्षा स्थानीय लेखा परीक्षकों ने की है.

    हमारे द्वारा लेखापरीक्षित शाखाएँ एवं अन्य लेखापरीक्षक शाखाओं का चयन बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशो के अनुसार किया है, लाभ खाता एव नकदी प्रवाह विवरण उन 4042 शाखाओं के रिटर्न हैं जो लेखा-परीक्षा के अधीन नहीं थीं, को भी तुलन पत्र में शामिल किया गया है. लेखा परीक्षा न की गई इन शाखाओं में अग्रिमों का 7.60 प्रतिशत, जमा का 19.67 प्रतिशत, ब्याज आय का 6.14 प्रतिशत और ब्याज व्यय का 18.37 प्रतिशत हिस्सा है.

    हमारे मत में एवं हमारी जानकारी के अनुसार एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, उपर्युक्त स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण बैंककारी विनियम अधिनियम, 1949 द्वारा बैंक के लिये अपेक्षित एवं भारत में मान्य सामान्य तौर पर लेखांकन नीतियों के अनुरूप हैं एवं प्रस्तुत है औरः

    ए. तुलन पत्र, जिसे उस पर टिप्पणियों के साथ पढ़ा जाए, एक पूर्ण और निष्पक्ष तुलन पत्र है जिसमें सभी आवश्यक विवरण शामिल हैं, 31 मार्च, 2021 को बैंक के मामलों की स्थिति का सही और निष्पक्ष दृश्य प्रदर्शित करने के लिए उचित रूप से तैयार किया गया है;

    बी. लाभ और हानि खाता, उस पर टिप्पणियों के साथ पढ़ा जाए, उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए लाभ का सही अधिशेष दर्शाता है; तथा

    सी. नकद प्रवाह विवरण उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए नकद प्रवाह का सही एवं उचित दृश्य प्रस्तुत करता है.

अभिमत का आधारः

2. हमने अपना लेखा परीक्षण, इंस्टीटयूट ऑफ चार्टेड एकाउंटेंट ऑफ़ इंडिया ("आईसीएआई") द्वारा जारी लेखापरीक्षा मानकों (एसए) के अनुसार किया है. उन मानकों के अंतर्गत हमारी जिम्मेदारियाँ हमारी रिपोर्ट के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के खंड के लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारियों में आगे वर्णित है. हम आईसीएआई की आचार संहिता एवं आम तौर पर भारत में स्वीकार किए गए लेखांकन सिद्धांतों, जिसमें आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन मानक शामिल हैं एवं बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधान और भारतीय रिजर्व बैंक ("आरबीआई") द्वारा समय-समय पर जारी किये गए परिपत्रों और दिशानिर्देशों के अनुसार स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण के हमारे ऑडिट के लिए प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं के अनुसार बैंक से स्वतंत्र हैं और हमने अपनी अन्य नैतिक ज़िम्मेदारियों को इन आवश्यकताओं एवं आचार संहिता के अनुसार पूरा किया है. हमारा विश्वास है कि हमारे द्वारा प्राप्त किये गए लेखापरीक्षा साक्ष्य, हमारी लेखापरीक्षा अभिमत का आधार बनाने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं.

मामलों का प्रभाव

3. हम अनुसूची 18 के नोट क्रमांक 1.1 की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हैं- स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के खातों के लिए नोट्स जो 1 अप्रैल, 2020 से बैंक के साथ पूर्ववर्ती आंध्रा बैंक एवं पूर्ववर्ती कॉर्पोरेशन बैंक (समामेलित होने वाले बैंक) के समामेलन को रिकॉर्ड करने के लिये समामेलन की सरकार से अनुमोदित योजना एवं भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी "समामेलनों के लिये लेखांकन" में लेखांकन मानक- 14 के अंतर्गत निर्धारित "ब्याज की पूलिंग" पद्धति को अपनाकर इन वित्तीय विवरणों को बनाने के आधार का वर्णन करता है. इस साल के वित्तीय परिणामों की तुलना पिछले साल के परिणामों से नहीं की जा सकती.

    हम अनुसूची 18 के नोट क्रमांक 1.1 की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हैं- स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के खातों के लिए नोट्स जो 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही/ वर्ष हेतु पूंजी पर्याप्तता अनुपात की गणना के लिये सीईटी I पूंजी के हिस्से के रूप में ₹ 1309.60 करोड़ के समामेलन रिज़र्व पर विचार का वर्णन करता है.

    हम अनुसूची 18 के नोट क्रमांक 1.1 की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हैं- स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के खातों के लिए नोट्स जो ये वर्णन करते हैं कि दिनांक 29 अक्टूबर, 2020 को आरबीआई से प्राप्त अनुमोदन के अनुसार बैंक ने प्रतिभूति प्रीमियम खाते के सामने ₹ 32,758.49 करोड़ (1 अप्रैल 2020 को) की संपूर्ण संचित हानि को समाप्त कर दिया है.

हम अनुसूची 18 के नोट क्रमांक 1.4.5 की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हैं- स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के खातों के लिए नोट्स जो कोविड- 19 महामारी के फैलने से अनिश्चितता का वर्णन करते हैं. स्थिति लगातार अनिश्चित बनी हुई है और कारोबार परिचालन पर इसके प्रभाव का मूल्यांकन बैंक प्रबंधन कर रहा है.

हम अनुसूची 18 के नोट क्रमांक 13 की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हैं- स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के खातों के लिए नोट्स जो वर्णन करते हैं कि 1 अप्रैल, 2020 से, 31 मार्च, 2020 को समाप्त पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष में अपनाई गई लेखांकन नीतियों/ अनुमान में परिवर्तन है

ए) एलसी/बीजी के कमीशन से प्राप्त आय को पहले अपनाई जाने वाले रसीद आधार के सामने उपचय आधार पर राजस्व माना गया है. लेखांकन नीति में परिवर्तन से प्रभाव के कारण अन्य आय एवं शुद्ध लाभ (कर के पूर्व) में ₹ 441.06 करोड़ की कमी आई है.

बी) पूर्ववर्ती आंध्रा बैंक एवं पूर्ववर्ती कॉर्पोरेशन बैंक के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में समामेलन के क्रम में, अचल संपत्ति पर मूल्यह्रास की विधि अवलिखित मूल्य से सीधी कटौती प्रणाली में परिवर्तित हुई है और कुछ श्रेणियों की आस्तियों के संबंध में अनुमानित उपयोगी जीवन भी परिवर्तित हुआ है. उक्त बदलावों के प्रभाव के परिणामस्वरूप 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष की तिमाही के लिये शुद्ध लाभ (कर पूर्व) में मूल्यह्रास और ₹ 3.24 करोड़ की कमी आई है और समन्वयन के कारण, एकबारगी प्रभाव के रूप में 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिये ₹180.16 करोड़ का मूल्यह्रास हुआ है.

हमारा अभिमत इस मामले के संबंध में संशोधित नहीं है.

मुख्य लेखा परीक्षा मामले

4. मुख्य लेखा परीक्षा मामले वो मामले हैं जो, चालू अवधि के लिये स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा में, हमारे पेशेवर निर्णयों में सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण रहे हैं. ये मामले पूरे स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के संदर्भ में देखे गए, और इस पर हमारा अभिमत बनाने में, हम इन मामलों पर कोई अलग अभिमत नहीं देते. हम इस बात पर दृढ़ हैं कि निम्नलिखित निर्धारित मामले हमारी रिपोर्ट में बताने के लिये मुख्य लेखा परीक्षा मामले हैं.

क्र.	मुख्य लेखा परीक्षा मामले	हमारी रिपोर्ट में इसे किस तरह सुलझाया गया
1	**पूर्ववर्ती आंध्रा बैंक एवं पूर्ववर्ती कॉर्पोरेशन बैंक के लिये लेखांकन**	
	भारत सरकार (जीओआई), वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग, ने राजपत्र अधिसूचना सीजी-डीएल-ई-04032020-216535 दिनांक 04 मार्च, 2020 के माध्यम से आंध्रा बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक (समामेलित बैंक) के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में समामेलन की योजना को मंजूरी दी जो दिनांक 1 अप्रैल, 2020 से प्रभावी हुई. बैंक ने, बैंक के साथ 01 अप्रैल, 2020 से प्रभावी आंध्रा बैंक व कॉर्पोरेशन बैंक (समामेलित बैंक) के समामेलन को रिकॉर्ड करने के लिए भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखा मानक 14 "समामेलन के लिए लेखांकन" के अंतर्गत निर्धारित "ब्याज की पूलिंग" पद्धति को अपनाया है. तदनुसार, समामेलित बैंकों की शुद्ध आस्ति और समामेलित बैंक के शेयरधारकों को जारी किए गए शेयरों की राशि के बीच 1309.60 करोड़ रुपये के अंतर को दिनांक 01 अप्रैल, 2020 के प्रारंभिक तुलन पत्र में समामेलन रिज़र्व के रूप में मान्यता दी गई है. लेन-देन की जटिलता और गलत विवरण के संबंधित महत्वपूर्ण जोखिम के कारण शामिल हैं ● आय की कुछ मदों के लेखांकन के संबंध में समामेलित होने वाले बैंकों द्वारा अपनाई गई लेखांकन नीतियों में विचलन के कारण अचल सम्पत्तियों का मूल्यह्रास हुआ है. ● कर क़ानूनों का लागू होना विशेष रूप से समामेलित होने वाली संस्थाओं की हानि को आगे बढ़ा देता है और समाप्त करता है. ● समामेलित होने वाले बैंकों की, अचल और चल आस्तियों के स्वामित्व व अधिकार, समामेलित होने	समामेलन के लेखांकन के परीक्षण के लिए हमारा लेखा परीक्षा दृष्टिकोण विशेष रूप से शामिल हैं: ● हमने भारत सरकार (जीओआई), वित मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग की गज़ट अधिसूचना दिनांक 04 मार्च, 2020 सीजी-डीएल-ई-04032020-216535 द्वारा स्वीकृत समामेलन योजना का मूल्यांकन किया है. ● हमने एएस 14 में निर्धारित प्रत्येक शर्त के अनुपालन में ब्याज की पूलिंग पद्धति के द्वारा बैंक के समामेलन लेखांकन के चयन की उपयुक्तता का मूल्यांकन किया है. ● हमने 01.04.2020 को समामेलित इकाई के तुलन पत्र लेखापरीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया है. - समामेलन के लिए लेखांकन ; ● लागू मूल्य निर्धारण पद्धतियों और लागू प्रमुख मान्यताओं पर ध्यान देते हुए हमने अधिग्रहित आस्तियों के अवशिष्ट उपयोगी जीवन का मूल्यांकन किया है; ● हमने व्यापार और उद्योग के संबंध में हमारे ज्ञान के आधार पर प्रमुख मान्यताओं की तर्कसंगता का मूल्यांकन किया है; ● हमने प्रबंधन समामेलन द्वारा निर्धारित आधार पर समामेलन करने वाले बैंकों की शुद्ध संपत्ति के मूल्य और रिजर्व समामेलन बैंकों का प्रतिनिधित्व करने वाले लेखांकन के शेयरधारकों को जारी किए गए शेयरों की संख्या के बीच अंतर का मूल्यांकन किया है. ● हमने बैंक पर लागू कर क़ानूनों का मूल्यांकन और समामेलित होने वाले बैंकों की हानि को आगे ले जाने और समाप्त करने की पात्रता के संबंध में प्रबंधन के मूल्यांकन का सत्यापन किया है. ● भारत सरकार द्वारा अनुमोदित दिनांक 04.03.2020 की अधिसूचना जिसका नाम "आंध्रा बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में समामेलन योजना 2020" है में उल्लिखित समामेलन की शर्तों का, समामेलित होने वाले बैंकों की

	वाले बैंकों द्वारा किये गए अग्रिमों के लिये प्रतिभूति के रूप में प्रस्तुत समामेलित होने वाले बैंकों की लीज़ पर संपत्तियां, आस्तियां, गारंटी एवं अन्य विश्वास कार्रवाई के कारण, सूट, डिक्रियां, वसूली प्रमाण पत्र, अपील एवं समामेलित होने वाले बैंक के बैंकिंग कारोबार की साधारण प्रक्रिया में उसके पक्ष में की गईं अन्य कार्यवाहियां बैंको के समामेलन का लेखांकन लेखा परीक्षा का मुख्य मामला माना जाता है	अचल तथा चल सम्पत्तियों पर स्वामित्व तथा अधिकारों, पट्टेदारी, गारंटियों तथा अन्य आश्वासन जो कि बैंकों द्वारा दिए गए अग्रिमों के लिए प्रतिभूति के रूप में प्रस्तुत किए गए, कार्रवाई का कारण, वाद, फरमान, वसूली प्रमाण पत्र, अपील और समामेलित होने वाले बैंकों के पक्ष में की गई कार्यवाहियां और अपने बैंकिंग व्यवसाय के सामान्य क्रम में समामेलित होने वाले बैंकों द्वारा किए गए अन्य सभी कार्यों के संदर्भ में मूल्यांकन किया है.
2	**विनियामक आवश्यकताओं के अनुसार ऋण एवं अग्रिमों तथा निवेशों पर आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण (आईआरएससी) तथा प्रावधानीकरण**	
	31 मार्च, 2021 को ऋण एवं अग्रिम तथा निवेश कुल आस्तियों का 84.88%थे, जो आस्तियों का बड़ा एक वर्ग है. उक्त पर वर्गीकरण, आय निर्धारण तथा हानि प्रावधान नियामकों (भारतीय रिजर्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंड एवं अन्य दिशानिर्देश) द्वारा निर्धारित वस्तुनिष्ठ मापदंडों पर आधारित हैं. बैंक का प्रबंधन आस्ति वर्गीकरण निर्धारण, आय निर्धारण तथा हानि के लिए प्रावधानों हेतु आईटी प्रणालियों (कोर बैंकिंग सोल्यूशन सहित), महत्वपूर्ण अनुमानित एवं निर्णय कार्यप्रणाली, मैन्युअल हस्तक्षेप तथा विशेषज्ञों की सेवाओं का उपयोग (जैसे स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ता, वकील, कानूनी विशेषज्ञ एवं अन्य पेशेवर) पर अधिक निर्भर करता है. बैंक में आईआरएसी मानकों के अनुसार अनर्जक आस्तियों की सिस्टम आधारित पहचान होती है.	हमारा लेखा परीक्षण आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण तथा शेष राशि से संबंधित दोषपूर्ण प्रावधानों के कारण अग्रिमों से संबंधित प्रावधानों पर केंद्रित था. हमारी लेखा परीक्षण प्रक्रियाओं में आईआरएसी के अनुपालन तथा प्रावधानों के मानदंडों एवं इसकी संचालित प्रभावकारिता के लिए सीबीएस तथा अन्य संबंधित आईटी प्रणालियों में प्रयुक्त तर्क एवं मान्यताओं की समीक्षा एवं अनुमोदन पर नियंत्रण का आंकलन, ऋणों का संवितरण एवं निगरानी शामिल हैं. इनमें निम्नलिखित के मूल्यांकन और समझ शामिल हैः • आय निर्धारण, आस्ति का वर्गीकरण और अग्रिम/निवेश से संबंधित प्रावधानीकरण के संबंध में प्रासंगिक आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुपालन में बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली • गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए/एनपीआई) के समयानुसार निर्धारण पर प्रणाली नियंत्रण एवं मैन्युअल नियंत्रण; • आईटी प्रणालियों से प्रावधान गणना मॉडलों पर नियंत्रण का परिचालन अस्तित्व एवं प्रभावशीलता; • अग्रिमों के मामले में ऋण अनुमोदन के समग्र नियंत्रण, संवितरण तथा निगरानी प्रक्रिया और निवेश के मामले में खरीददारी पर नियंत्रण, बिक्री तथा नियंत्रण में रखने की निर्णय प्रणाली • हमने ऋण और निवेशों (हमारे द्वारा शाखा निरीक्षण के मामलों में) के नमूनों का परीक्षण किया कि उन्होंने गैर-आस्तियों में समयानुसार पहचान, आय निर्धारण तथा आईआरएसी के मानदंडों के अनुसार प्रावधान किया. • हमने परीक्षण अंतराल के आधार पर, जहाँ कहीं भी हमारे संज्ञान में आया है, हमने विश्वसनीयता, प्रभावशीलता और मैन्युअल हस्तक्षेप की सटीकता की समीक्षा की है. • हमारे द्वारा शाखाओं का निरीक्षण नहीं किए जाने के मामलों में अन्य सांविधिक शाखा लेखा परीक्षकों (एसबीए) द्वारा की गई रिपोर्ट/रिटर्न, जो एसए 600 के अनुसार समग्र अनुपालन के संबंध में समग्र सुविधा के लिए दूसरे लेखा परीक्षकों द्वारा दी गयी हैं, पर विश्वास किया है. • हमने अन्य विशेषज्ञों जैसे स्वतंत्र मूल्यांककों, वकीलों, कानूनी विशेषज्ञों और ऐसे अन्य ऐसे पेशेवरों जो बैंक के लिए सेवा प्रदान करते हैं, के कार्यों की समीक्षा एसए 620 के अनुसार लेखापरीक्षक विशेषज्ञ की सेवाएं लेकर कराई हैं. • इसके अतिरिक्त हमने संभावित कमजोर और संवेदनशील खातों, जो दबावग्रस्त का संकेत देते हैं, के लिए बैंक के निगरानी तंत्र की समीक्षा की है. • हमने बैंक की आतंरिक लेखा परीक्षण/निरीक्षण रिपोर्ट के रिपोर्टों एवं उक्त हेतु समवर्ती लेखा परीक्षकों के रिपोर्टों एवं अवलोकनों की भी समीक्षा की है. • अंक संबंधी सटीकता और वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली पर नियंत्रण सहित हमारे मुख्य परीक्षण को लेकर मूल्यांकन, वर्गीकरण, प्रावधान एवं निवेश की आय की पहचान का सत्यापन. हमने एनपीए की प्रणाली आधारित पहचान की प्रभावकारिता का आकलन और परीक्षण किया है.

3	सूचना प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय रिपोर्टिंग को प्रभावित करने वाले नियंत्रण	
	ए. समामेलन के संबंध में इस वर्ष 1 अप्रैल 2020 से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में पूर्व आंध्रा बैंक एवं पूर्व कॉर्पोरेशन बैंक के समामेलन के परिप्रेक्ष्य में जैसा कि वित्तीय विवरणों की अनुसूची 18 के नोट 1 में वर्णित है एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में समामेलन तक बैंकिंग परिचालन तीन विभिन्न सोफ्टवेयरों संबन्धित ई-एबी शाखाओं, ई- सीबी शाखाओं एवं अन्य शाखाओं के द्वारा किए गए थे. कारोबारी प्रक्रियाओं के लिए कुछ विशिष्ट विभागों या विशेष सॉफ्टवेयर के संबंध में समामेलन प्रक्रिया जारी है एवं इस वर्ष के दौरान पूरी नहीं हुई है. उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में आईटी संबंधी माहौल जटिल हो गया है एवं वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया के संबंध में बैंक से परिचालन व्यापक हो गया है चूंकि यह सूचना प्रौद्योगिकी पर अत्यधिक निर्भर था जिसमें ऑटोमेटेड एवं मानवीय कंट्रोल शामिल है एवं परिचालन की साइज़ एवं जटिलता की वजह से पूर्ण एवं सही इलेक्ट्रोनिक डाटा उपलब्ध है. तीनों सॉफ्टवेयर का सिस्टम समेकन/माइग्रेशन लंबित है, डाटा के समेकन की प्रक्रिया जो रिपोर्ट की जानी है वो मानवीय है. गैर प्राधिकृत या व्यापक पहुँच, आईटी माहौल में बदलाव, परिचालन कंट्रोल, ड्यूटी में पृथकत्व की कमी जो वित्तीय सूचनाओं के गलत वर्णन का जोखिम बनाती हैं एवं वित्तीय विवरणों की स्पष्टता एवं पूर्णता पर भौतिक प्रभाव हो सकता है. उच्च स्तरीय स्वचालान की वजह से, कई समन्वित/गैर समन्वित सिस्टम प्रयोग किए गए, तीनों वर्टिकल्स के समेकन में प्रयोग की गयी मानवीय प्रक्रियाएँ, हमारे लेखापरीक्षा के लिए एक मुख्य मुद्दे के तौर पर मानी गयी हैं.	ये मुख्य संबन्धित तीनों वर्टिकल्स के बारे में जानकारी ली है, एवं तदनुसार आईटी एप्लिकेशन, डाटाबेस एवं परिचालन सिस्टम की पहचान की है जोकि वित्तीय रिपोर्टिंग को प्रभावित कर सकती है. इस क्षेत्र से संबन्धित तीनों वर्टिकल्स की लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में शामिल हैं ● यूजर एवं एप्लिकेशन कंट्रोल, चेंज प्रबंधन कंट्रोल एवं डाटा बैकअप से संबन्धित सामान्य आईटी कंट्रोल की जांच ● प्राधिकृत व्यक्ति की इजाजत एवं जिम्मेदारियों की समीक्षा के द्वारा यह निर्धारित करना कि क्या कोर सिस्टम पर उपयुक्त पाबन्दियाँ लगाई गयी हैं या नहीं. ● जहां हम अतिरिक्त प्रक्रियाओं के निष्पादन की जरूरत को पहचान लेते हैं हम मानवीय प्रतिपूरक कंट्रोल पर निर्भर करते हैं जैसे सिस्टमों के बीच समाधान एवं अन्य सूचना स्त्रोतों या अतिरिक्त टेस्टिंग निष्पादन, हमारे सेंपल साइज को बढ़ाना ताकि पर्याप्त एवं उपर्युक्त लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए जा सकें. ● सभी वर्टिकल्स के डाटा के समेकन के मानवीय प्रक्रिया के संबंध में कंट्रोल की समीक्षा करना
	बी. सामान्य वित्तीय रिपोर्टिंग के आधार पर समामेलन के अलावा जोकि इस वर्ष का एक असाधारण कार्य है, कारोबार की सामान्य प्रक्रिया में, बैंक की वित्तीय लेखाअवधि एवं रिपोर्टिंग सिस्टम कोर बैंकिंग सोल्युशन के प्रभावी कार्यनिष्पादन पर एवं सीबीएस से जुड़े हुए या स्वतंत्र रूप से कार्य कर रहे अन्य आईटी सिस्टम पर उच्च स्तरीय रूप से निर्भर है. विस्तृत गहराई, लेनदेन की विविधता एवं जटिलता को प्रतिदिन प्रसंस्करित किया जाता है एवं एक जोखिम यह है कि औटोमेटेड लेखाअवधि प्रक्रियाएँ एवं संबन्धित आंतरिक कंट्रोल या तो उपर्युक्त तौर पर डिजाइन नहीं है या प्रभावी तौर से परिचालन नहीं कर रहा. विशेष केंद्रण के क्षेत्र इस लॉजिक से संबन्धित हैं कि डाटा की विश्वसनीयता एवं शुद्धता सिस्टम में फीड होती है, पहुँच का प्रबंधन एवं दायित्वों का पृथकत्विकरण.	हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में सिस्टम से टेस्ट चेक बेसिस के आधार पर उत्पन्न अन्य वित्तीय एवं गैर वित्तीय सूचनाओं के सत्यापन द्वारा आईटी सिस्टम की परिचालन प्रभावकारिता की समीक्षा, जांच एवं सत्यापन शामिल है. हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रिया में शामिल हैं: ● यह सुनिश्चित करना कि टेस्ट चेक बेसिस के आधार पर किए गए हमारे सत्यापन में पायी गयी कमियाँ सुधारात्मक कार्रवाई के लिए प्रबंधन को सूचित कर दी गयी हैं. ● वो क्षेत्र जहां कमियाँ पायी गयी थी, में स्वतंत्र वैकल्पिय लेखापरीक्षा प्रक्रियाएँ जैसे मूल जांच की जा सकती है. ● विश्लेषणात्मक प्रक्रियाएँ जैसे अनुपातीय विश्लेषण, ट्रेंड विश्लेषण, उचित परीक्षण, तुलनात्मक विश्लेषण. ● शाखा के लेखापरीक्षा के आधार पर सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा किया गया कार्य एवं पास की गयी सुधारात्मक प्रविष्टियों पर निर्भरता. ● बाहरी वेंडर जांच रिपोर्टें जहां भी उपलब्ध हों का विश्वास करना. ● आईएस लेखापरीक्षा रिपोर्टों की समीक्षा एवं मुख्य आईटी कंट्रोल के अनुपालन के संबंध में आईटी विभाग से परिचर्चा.

	सिद्धांत महत्वपूर्ण है क्योंकि ये सुनिश्चित करते हैं कि एप्लिकेशन एवं डाटा में बदलाव सही, प्राधिकृत, शुद्ध एवं जाँचे गए हैं ताकि सिस्टम सही एवं विश्वसनीय रिपोर्ट एवं अन्य वित्तीय एवं गैर वित्तीय सूचनाएँ जोकि वित्तीय विवरणों के प्रसारण के लिए प्रयोग होती है को उत्पन्न करती हैं. हमने निम्नलिखित के लिए सीबीएस की एवं अन्य आईटी सिस्टम के सही निष्पादन पर भरोसा किया है: ● भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार आस्ति वर्गीकरण एवं आय निर्धारण ● अग्रिम पोर्टफोलियो का प्रावधानिकरण ● अग्रिम एवं देयताओं संबंधी विभिन्न मदों एवं विभिन्न वर्गों में इसके अवधि पूर्ण होने के स्वरूप की पहचान ● विभिन्न उचंत एवं विविध खातों, अवैयक्तिक खातों, अंतर-शाखा शेष एवं अन्य इस तरह के खातों का समाधान ● निवेश संबंधी लेनदेन को रिकॉर्ड करना ●जमा एवं अन्य देयताओं पर ब्याज खर्च	
4	**आस्थगित कर की मान्यता और माप**	
	बैंक ने 31 मार्च, 2021 को ₹ 15,67,24,947 (’000 में) की शुद्ध आस्थगित कर संपत्ति को मान्यता दी है. वस्तुनिष्ठ अनुमान के अलावा, आस्थगित कर संपत्ति की पहचान और माप उपलब्धता के संबंध में निर्णय और कई अनुमानों और भविष्य में मुनाफे की दृश्यता पर आधारित है. मान्यता प्राप्त आस्थगित कर आस्तियों की मात्रा में हाल ही में हुई वृद्धि से समय की विस्तारित अवधि में उपलब्धता और लाभ की भविष्यवाणी का अनुमान लगाया जाता है जिससे अनिश्चितता और उक्त परिसंपत्ति की अनुचित मान्यता के अंतर्निहित जोखिम में वृद्धि होती है.	प्रचलित कर कानूनों और बैंक पर लागू प्रासंगिक नियमों की समझ हासिल करने के लिए हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में जोखिम मूल्यांकन को शामिल किया गया है. अपनी समझ के आधार पर, हमने कर विशेषज्ञों की सहायता से संबंधित आंतरिक कुंजी नियंत्रणों और वास्तविक लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के दोनों परीक्षण किए हैं. हमने अपने नियंत्रण परीक्षण के भाग के रूप में निम्नलिखित लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं का पालन किया, लेकिन यह केवल इन्हीं तक सीमित नहीं है: ● आय पर करों के लिए लेखांकन एएस 22 के अनुसार आस्थगित कर आस्तियों की पहचान और माप के लिए उपयोग की जाने वाली नीतियों का मूल्यांकन; ● प्रबंधन द्वारा तैयार किए गए बजट और मध्यावधि अनुमानों के संदर्भ में उपयोग की जाने वाली पद्धति, मान्यताओं जैसे एकरूपता, प्रबंधन अभ्यावेदन, सामंजस्य और निरंतरता और अन्य मापदंडों का आकलन किया गया, जिसमें आय वृद्धि और लागू कर दरें शामिल हैं और अंकगणितीय सटीकता का परीक्षण किया गया है. ● मुनाफे की उपलब्धता और दृश्यता की संभावना का आकलन किया गया जिसके सामने बैंक भविष्य में इस आस्थगित कर संपत्ति का उपयोग करने में सक्षम होगा. ● 1 अप्रैल, 2020 से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ समामेलन पर पूर्ववर्ती आंध्रा बैंक (ईएबी) और पूर्ववर्ती कॉर्पोरेशन बैंक (ईसीबी) के संचित नुकसान पर आस्थगित कर परिसंपत्तियों की मान्यता और माप का मूल्यांकन.
5.	**कोविड-19 महामारी**	
	कोविड-19 प्रकोप के मद्देनजर संशोधित लेखापरीक्षा की गयी. हमारी लेखापरीक्षा अवधि के दौरान कोविड-19 महामारी के कारण भारत सरकार/राज्य सरकार/स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन एवं यात्रा प्रतिबंध लगाए जाने तथा जहां भौतिक रूप में पहुँच संभव नहीं थी, बैंक की कुछ शाखाओं/क्षेत्रीय कार्यालयों एवं अंचल कार्यालयों/कॉर्पोरेट कार्यालय के वर्टिकल के परिसर जाकर लेखापरीखा संचालित नहीं की जा सकती थी, वहाँ बैंकों द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार सुदूर लेखापरीक्षा आयोजित की गई. जैसा कि हम व्यक्तिगत/भौतिक रूप में/चर्चा के द्वारा लेखापरीक्षा संबंधी साक्ष्य नहीं जुटा सकते थे, तथा शाखाओं/क्षेत्रीय कार्यालय एवं अंचल कार्यालयों/कॉर्पोरेट कार्यालय के	कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण भारत सरकार/राज्य सरकार/स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन एवं यात्रा पर प्रतिबंध लगाए जाने से बैंक की संबंधित शाखाओं/क्षेत्रीय एवं अंचल कार्यालयों/कॉर्पोरेट कार्यालय के वर्टिकल के परिसर में यात्रा करके, भौतिक रूप में पहुँचकर लेखापरीक्षा प्रक्रिया संभव नहीं हो सकी. अवधि के दौरान केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्थानीय प्रशासन ने राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन और अन्य यात्रा प्रतिबंध लगाया गया है, अतः हम शाखाओं/अंचलों/वर्टिकल कार्यालयों में जा नहीं सके और संबंधित कार्यालयों में भौतिक रूप से लेखापरीक्षा नहीं कर सके. जहाँ भौतिक पहुँच संभव नहीं थी, वहाँ बैंक के द्वारा बैंक के निर्दिष्ट ऑडिट पोर्टल सहित डिजिटल माध्यम, ई-मेल एवं सीबीएस के सुदूर पहुँच तथा लेखाबंदी पैकेज से आवश्यक रिकॉर्ड/रिपोर्ट/दस्तावेज/प्रमाणपत्र हमें उपलब्ध कराए गए थे.

	वर्टिकल से व्यक्तिगत तौर पर बातचीत नहीं कर सकते थे, हमने ऐसे संशोधित लेखापरीक्षा प्रावधानों की प्रमुख लेखापरीक्षा मामलों के रूप में पहचान की है. तदनुसार, सुदूर लेखापरीक्षा आयोजित करने के लिए हमारे लेखापरीक्षा प्रावधानों में सशोधन किया गया.	इस तरह, हमें ऐसे उपलब्ध कराए गए दस्तावेज़, रिपोर्ट एवं रिकॉर्ड जोकि लेखापरीक्षा आयोजित करने तथा चालू अवधि की रिपोर्टिंग के लिए मान्य लेखापरीक्षा साक्ष्य के आधार पर लेखापरीक्षा प्रक्रिया आयोजित की गयी थी. तदनुसार, हमने अपने लेखापरीक्षा प्रावधानों में (नियामक तथा आईसीएआई एड्वाइजरी पर आधारित) निम्नानुसार संशोधन किए हैं: • कुछ शाखाओं/ क्षेत्रों/ अंचलों/ वर्टिकल्स/ कॉर्पोरेट कार्यालय एवं बैंक के अन्य कार्यालय, जहाँ भौतिक रूप से पहुँच संभव नहीं थी, वहाँ आवश्यक रिकॉर्ड दस्तावेज/ सीबीएस / लेखाबंदी पैकेज एवं अन्य एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर का सत्यापन सुदूर पहुँच इलेक्ट्रोनिक/ ई-मेल से सत्यापन किया गया है. • दस्तावेज, विलेख, प्रमाणपत्र, शाखाओं के विवरण की स्कैन प्रतियों का सत्यापन किया गया तथा संबंधित रिकॉर्ड हमें ई-मेल और बैंक के सुरक्षित नेटवर्क सुदूर पहुँच से उपलब्ध कराए गए हैं. • वीडियो कांफ्रेंसिंग से बातचीत एवं फ़ोन पर चर्चा/ कान्फ्रेंस कॉल, ई-मेल तथा इसी तरह के संचार माध्यमों से पूछताछ की गई तथा आवश्यक लेखापरीक्षा साक्ष्य जुटाए गए हैं. • पदनामित अधिकारियों के साथ आमने-सामने चर्चा करने की बजाय टेलीफोन/ ई-मेल के माध्यम से हमारा लेखापरीक्षा निरीक्षण किया गया.

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों और उनकी लेखापरीक्षा रिपोर्ट के अतिरिक्त सूचनाएं

5. अन्य सूचनाओं के लिए बैंक का निदेशक मंडल जिम्मेदार हैं. अन्य सूचनाओं में वार्षिक रिपोर्ट में वर्ष की मुख्य बातें, परिशिष्टों सहित निदेशकों की रिपोर्ट, मुख्य वित्तीय अनुपात, कारोबारी उत्तरदायित्व रिपोर्ट एवं कोर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट शामिल हैं, परंतु वित्तीय विवरण एवं हमारे लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट शामिल नहीं हैं, जो हमें इन लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख के बाद उपलब्ध करवाया जाना अपेक्षित है.

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर हमारा मत अन्य सूचना एवं बासल III प्रकटीकरण को कवर नहीं करता एवं उस पर किसी तरह का स्पष्ट आश्वासन नहीं देते हैं.

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण के लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी केवल चिन्हित अन्य सूचनाओं को पढ़ने की है एवं ऐसा करने में यह ध्यान रखना चाहिए कि क्या सूचना स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के साथ तात्विक रूप से विरोधाभासी है या लेखापरीक्षा में जानकारी ली गई है, या तात्विक रूप से मेल नहीं होता है.

इस लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तारीख से पहले, यदि हमारे कार्य के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि अन्य सूचनाओं में बड़ी विसंगतियाँ हैं, तो हमें इस बात को रिपोर्ट करना होगा. इस संबंध में रिपोर्ट करने के लिए कुछ नहीं है.

जब हम अन्य सूचनाओं को पढ़ते हैं और यदि हम निष्कर्ष निकालें कि इसमें कुछ तथ्य गलत हैं तो हमें गवर्नेंस के लिए उत्तरदायी को सूचित करना आवश्यक है.

प्रबंधन की जिम्मेदारियाँ एवं वे जो स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के लिए गवर्नेंस द्वारा प्रभारित हैं

6. बैंक के निदेशक मंडल इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की तैयारियों में बैंक के सही एवं निष्पक्ष वित्तीय स्थिति एवं नकद प्रवाह देने के लिए जिम्मेदार है, जो भारत में सामान्य तौर पर स्वीकार किये जाने वाले लेखा नियमों, आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानदंड एवं बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 के खंड 29 के प्रावधान एवं समय-समय पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी परिपत्र एवं दिशानिर्देश के अनुरूप हों. इस जिम्मेदारी में बैंकों की आस्तियों के सुरक्षा के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार उपयुक्त लेखांकन रिकॉर्डों का रखरखाव धोखाधडी एवं अन्य अनियमितताओं को पह्चानने एवं उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन एवं प्रयोग ऐसे निर्णय एवं आकलन करना जो तर्कसंगत एवं विवेकपूर्ण हैं एवं संरचना, उपयुक्त आतंरिक वित्तीय नियंत्रण का प्रबंधन एवं कार्यान्वयन जो लेखांकन रिकॉर्डों की पूर्णता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावपूर्ण ढंग से कार्य कर रहे थे, स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की तैयारी एवं प्रस्तुति के संबंध में जो सत्य एवं सही विचार देते हैं तथा तात्विक गलत बयानी चाहे वह धोखाधड़ी या गलती की वजह से हो, से मुक्त हैं.

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों को तैयार करने में, प्रबंधन बैंक की कार्यशील संस्था के रूप में बने रहने की क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए जिम्मेदार है, प्रकटीकरण, जैसा कि लागू है, कार्यशील संस्था से संबंधित मामले एवं कार्यशील संस्था के लेखांकन आधार का प्रयोग करना जब तक प्रबंधन या तो बैंक का परिसमापन नहीं करता या परिचालन बंद नहीं करता, या उसके पास इसके अलावा कोई यथार्थवादी विकल्प न हो.

निदेशक बोर्ड बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया पर नियंत्रण के लिए भी उत्तरदायी होगा.

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारियाँ

7. हमारा उद्देश्य इस बारे में तर्कसंगत आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण समूचे तौर पर चाहे धोखाधड़ी या गलती की वजह से तात्विक गलतबयानी से मुक्त है, एवं लेखापरीक्षा रिपोर्ट में हमारा मत शामिल करना है. तर्कसंगत आश्वासन एक उच्च स्तर का आश्वासन है, पर कोई गारंटी नहीं है कि मानकीकृत मानदंड के अनुसार संचालित की गयी लेखापरीक्षा हमेशा तात्विक गलत बयानी को पकड़ लेगी. गलतबयानी धोखाधडी या गलती की वजह से उत्पन्न हो सकती है एवं उसे तात्विक माना जाता है यदि व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से, वो इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए प्रयोगकर्ताओं के विवेकपूर्ण आर्थिक निर्णयों को प्रभावित कर सके.

मानकीकृत दृष्टिकोण के अनुसार लेखापरीक्षा के एक भाग के रूप में, हम पेशेवर निर्णय लेते हैं एवं लेखापरीक्षा के दौरान पेशेवर संशय को बनाए रखते हैं. हम साथ ही:

- स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण की तात्विक गलतबयानी के जोखिमों को पहचानते एवं मूल्यांकन करते हैं, चाहे वह धोखाधड़ी या गलती की वजह से हो, संरचना एवं उन जोखिमों के अनुकूल लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं का निष्पादन एवं पर्याप्त लेखापरीक्षा सबूत प्राप्त करना एवं जो हमारे मत का आधार देने के लिए उपयुक्त है. धोखाधड़ी से उत्पन्न एक तात्विक गलतबयानी को न पहचानने का जोखिम गलती से उत्पन्न को न पहचान पाने से अधिक है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिली-भगत, जालसाज, साभिप्राय चूक, गलतबयानी या आतंरिक नियंत्रण का निरस्तीकरण शामिल हो सकता है.
- लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिज़ाइन करने के लिए लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की जानकारी प्राप्त करें जो सभी परिस्थितियों के लिए उपयुक्त हो.
- प्रयोग की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता का मूल्यांकन एवं लेखांकन अनुमानों की तर्कसंगतता एवं प्रबंधन द्वारा बनाए गए संबंधित प्रकटीकरण.
- लेखांकन की कार्यशील संस्था आधारित प्रयोग के विनियोजन पर हुए और प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्य के आधार पर, क्या घटनाओं या स्थितियों से संबंधित ठोस अनिश्चितता नजर आती है जो बैंक को कार्यशील संस्था के रूप में कार्य करते रहने के लिए बैंक की सामर्थ्य पर संदेह बना सकती है. अगर हम यह निष्कर्ष निकालें कि ठोस अनिश्चितता नज़र आती है तो स्टैंडअलोन वितीय विवरणों में संबंधित प्रकटीकरण संबधी हमारी लेखापरीक्षा रिपोर्ट की ओर ध्यान आकर्षित करना अपेक्षित है या, हमारे मत का आशोधन करने के लिए इस तरह के प्रकटीकरण अनुपयुक्त हैं. हमारे निष्कर्ष लेखापरीक्षा सबूतों पर आधारित हैं जो लेखापरीक्षा की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त किए गए हैं. हालाँकि, भविष्य की घटनाएँ या स्थितियां बैंक के कार्यशील संस्था के रूप में बने रहने को रोक सकती हैं.
- प्रकटीकरण सहित, संपूर्ण प्रस्तुतीकरण, स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की संरचना एवं विषय-वस्तु का मूल्यांकन एवं क्या स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण अंतर्हित लेनदेनों एवं घटनाओं को इस तरह से प्रदर्शित करते हैं कि उसे उचित प्रदर्शन माना जाए.

वास्तव में, स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में गलतबयानी का परिणाम जोकि, व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से संभव हो सकता है कि इससे वित्तीय विवरणों के विवेकपूर्ण ज्ञानवान प्रयोगकर्ता के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित किया जा सके. हम निम्न परिणात्मक वास्तविकता एवं गुणात्मक घटक का प्रयोग करते हैं i) हमारे लेखापरीक्षा के कार्यक्षेत्र की योजना बनाने एवं हमारे कार्य के परिणामों का मूल्यांकन करने के लिए एवं ii) वित्तीय विवरणों में पहचानी गयी किसी भी गलतबयानी के प्रभाव का मूल्यांकन करना.

हम अन्य मामलों के साथ-साथ, ऐसे मामलों में भी उनसे सम्प्रेषण करते हैं जो गवर्नेंस से प्रभारित हैं, नियोजित कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा का समय एवं महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्ष, आतंरिक नियंत्रण में अन्य महत्वपूर्ण कमियों, जिन्हें हम लेखापरीक्षा के दौरान पहचानते हैं.

हम गवर्नेंस के प्रभारी को भी वचन देते हैं कि हमने वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में स्वतंत्र रूप से प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं की अनुपालना और अन्य ऐसे मामलों में सुरक्षा से संबन्धित उचित विवरण भी प्रदान करते हैं, जो हमें उचित प्रतीत होते हैं.

चालू अवधि के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा रिपोर्ट में, गवर्नेंस के प्रभारी को संप्रेषित मामलों में से हम केवल उन्हीं मामलों को रिपोर्ट करते हैं, जो अधिक महत्वपूर्ण हों, इसलिए लेखापरीक्षा रिपोर्ट में ये विशेष हैं. हम इन मामलों को अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में वर्णन करते हैं, जब तक कानून या विनियमन द्वारा मामले के बारे में लोकप्रकटीकरण पर रोक न लगा दी जाए या अत्यधिक दुर्लभ मामलों में हम यह तय करते हैं कि ऐसा मामला हमारे रिपोर्ट में संप्रेषित नहीं होना चाहिए जिससे कि ऐसे प्रतिकूल संप्रेषण से खातों से अपेक्षित जनहित लाभ महत्वपूर्ण साबित होने के प्रतिकूल हों.

अन्य मामले:

8. हमने बैंक के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में शामिल 5653 देशी शाखाओं और 3 विदेशी शाखाओं के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा नहीं की है जिनका वित्तीय विवरण यह बताता है कि कुल आस्तियां 31 मार्च, 2021 को रु. 1,67,19,29,083.49 (हजार में) है एवं उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए कुल राजस्व रु. 52,57,33,043.46 (हजार में) है, जैसा कि स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में लिया गया है. दिनांक 31 मार्च, 2021 को ये शाखाएं और प्रोसेसिंग केंद्र 55.91%अग्रिम, 96.80% जमाओं, 45.33% गैर निष्पादक आस्तियों को कवर करती हैं और 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष के राजस्व में इन शाखाओं का योगदान 73.10% है. इन शाखाएं वित्तीय विवरण शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित हैं और जिनकी रिपोर्ट हमें प्रदान की गयी है, एवं हमारे विचार में जहाँ तक इसका संबंध राशियों एवं प्रकटीकरण से है जिन्हें शाखाओं के संबंध में जोड़े गए हैं, पूर्ण रूप से ऐसे शाखा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है.

   हमारी राय में इन मामलों में कोई आशोधन नहीं है.

अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

9. तुलन पत्र और लाभ एवं हानि खाता बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के अनुसार तैयार किए गए हैं.

   उपरोक्त अनुच्छेद 6 एवं 7 में निर्दिष्ट लेखापरीक्षा की सीमाओं के अधीन और बैंकिंग कंपनीज़ (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम 1970/ 1980, तथा उनमें अपेक्षित प्रकटनों के अधीन हम रिपोर्ट करते हैं:

   ए. हमारे द्वारा अपेक्षित जानकारियाँ और स्पष्टीकरण प्राप्त किए गए हैं, जो हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य से आवश्यक थे और हमने उन्हें संतोषजनक पाया है.

   बी. हमारे विचार से, हमारी जानकारी में आये बैंक के लेनदेन बैंक के अधिकार में किये गए हैं; तथा

   सी. बैंक के कार्यालयों और शाखाओं से प्राप्त विवरण हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य से पर्याप्त पाए गए हैं.

10. वित्त वर्ष 2019-20 से संवैधानिक केंद्रीय लेखापरीक्षकों के लिए, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में रिपोर्टिंग प्रतिबद्धताओं के संबंध में पत्र क्र.डीओएस. एआरजी.क्र.6270/08.91.001/2019-20 दिनांक 17 मार्च, 2020 तथा उसके बाद भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक 19 मई, 2020 को जारी सम्प्रेषण के अनुसार, उक्त पत्र के पेरा 2 में निर्दिष्ट विशेष मामलों के संबंध में हम निम्नानुसार रिपोर्ट करते हैं:

ए) हमारे मत में, उपर्युक्त स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण बनाने में लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन किया गया है, बशर्ते कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों में कोई भिन्नता हो.

बी) ऐसे वित्तीय संव्यवहारों या मामले, जिनका विपरीत प्रभाव बैंक की कार्यप्रणाली पर पड़ता हो, के संबंध में हमारे मत में कोई टिप्पणी नहीं है.

सी) चूंकि बैंक कंपनीज़ अधिनियम 2013 के तहत पंजीकृत नहीं है, कंपनीज़ अधिनियम 2013 की धारा 164 की उप-धारा (2) में बैंक का निदेशक होने का प्रतिबंध बैंक पर लागू नहीं है.

डी) खातों के रख-रखाव तथा इनसे संबन्धित मामलों में, हमारी कोई विशेष या विपरीत टिप्पणी नहीं है.

ई) इस रिपोर्ट के **अनुलग्नक ए** में बैंक के वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और परिचालन प्रभावी हैं. 31 मार्च, 2021 को स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के संबंध में बैंक के वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त और प्रभावी परिचालन के संबंध में हमारे रिपोर्ट में कोई संशोधन नहीं है.

11. इनके अतिरिक्त हम रिपोर्ट करते हैं कि:

(ए) हमारे मत में, बैंक के द्वारा विधिक अपेक्षाओं के अनुरूप विधिवत लेखे रखे गए हैं. ऐसा प्रतीत होता है कि हमारे लेखापरीक्षा के लिए आवश्यक बहियाँ और विवरण उन शाखाओं से प्राप्त किए गए हैं, जहां हम नहीं गए हैं.

(बी) इस रिपोर्ट में प्रदर्शित तुलनपत्र, लाभ-हानि खाता और नकद प्रवाह विवरण बैंक के खातों से मेल खाते हैं और संबन्धित विवरण उन शाखाओं से प्राप्त किए गए हैं, जहां हम नहीं गए हैं.

(सी) बैंककारी नियामक अधिनियम 1949 की धारा 29 के अधीन बैंक की शाखाओं के लेखापरीक्षकों द्वारा खातों से संबन्धित रिपोर्ट हमें भेजे गए हैं तथा यह रिपोर्ट उन्हीं के आधार पर बनाया गया है.

(डी) हमारे मत में, तुलन पत्र, लाभ हानि खाता और नकदी प्रवाह विवरण, लागू लेखा मानकों के अनुरूप है, और वे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों की सीमा से असंगत नहीं हैं.

कृते मेसर्स बी एम चतरथ एंड कं. एलएलपी सनदी लेखाकार एफ़आरएन 301011E/E300025	**कृते मेसर्स आर जी एन प्राइस एंड कं.** सनदी लेखाकार एफ़आरएन 002785S	**कृते मेसर्स सारडा एंड पारीख एलएलपी** सनदी लेखाकार एफ़आरएन 109262W/W100673
सीए अरिंधम राय भागीदार सदस्य सं.058713 यूडीआईएन: 21058713AAAABQ2179	**सीए पी एम वीरामनी** भागीदार सदस्य सं.023933 यूडीआईएन: 21023933AAAAJQ1386	**सीए निरंजन जोशी** भागीदार सदस्य सं.102789 यूडीआईएन: 21102789AAAAAQ1134
कृते मेसर्स सी आर सागदेव एंड कं. सनदी लेखाकार एफ़आरएन 108959W	**कृते मेसर्स पी वी ए आर एंड एसोसिएट्स** सनदी लेखाकार एफ़आरएन 005223C	**कृते मेसर्स गोपाल शर्मा एंड कं.** सनदी लेखाकार एफ़आरएन 002803C
सीए सचिन वी लूथरा भागीदार सदस्य सं. 109127 यूडीआईएन: 21109127AAAADL7290	**सीए प्रदीप कुमार गुप्ता** भागीदार सदस्य सं.072933 यूडीआईएन: 21072933AAAABP4872	**सीए विजय गर्ग** भागीदार सदस्य सं.076387 यूडीआईएन: 21076387AAAAAE3168

हस्ताक्षर का स्थान : मुंबई / वर्चुअल

रिपोर्टिंग दिनांक : 07.06.2021

अनुलग्नक "ए" स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट (नियत तारीख को हमारे रिपोर्ट के 'अन्य संवैधानिक और नियामक अपेक्षाओं के अनुभाग के तहत अनुच्छेद 10(ए) के संदर्भ में) भारतीय रिजर्व बैंक के पत्र क्र.डीओएस.एआरजी.क्र.6270/08.91.001/2019-20 दिनांक 17 मार्च, 2020 को जारी सम्प्रेषण (यथा संशोधित) की अपेक्षाओं के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण रिपोर्ट.

हमने 31 मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (बैंक) के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है, जिसमें बैंक शाखाओं की इस तारीख के वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण संबंधी लेखापरीक्षा शामिल है.

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर जारी मार्गदर्शी नोट के आवश्यक तथ्यों को शामिल करते हुए, बैंक प्रबंधन का यह उत्तरदायित्व है कि वह वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण आधारित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को निर्धारित कर उन्हें लागू करे. इन उत्तरदायित्वों में, पर्याप्त वित्तीय नियंत्रण मानदंड बनाना, लागू करना और उन्हें संचालित करना शामिल है, जिससे इसके कारोबार विधिवत और प्रभावी संचालित हो सके और बैंक की नीतियों का अनुपालन हो सके, इसकी आस्तियों को सुरक्षित रखा जा सके, धोखाधड़ी और त्रुटियों की पहचान की जा सके, लेखांकन रिकार्ड में सटीकता और पूर्णता हो और समय पर विश्वसनीय वित्तीय सूचनाएँ प्राप्त की जा सके, जो बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 तथा भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्रों और दिशानिदेशों में अपेक्षित हैं.

लेखापरीक्षकों का उत्तरदायित्व

अपने लेखापरीक्षा में, बैंक के वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर अपना मत प्रकट करना हमारा उत्तरदायित्व है. हमने आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर यथासंभव लागू भारतीय सनदी लेखाकर संस्थान (आईसीएआई) द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर जारी मार्गदर्शी नोट के आवश्यक तथ्यों को शामिल करते हुए लेखापरीक्षा की है, हमने वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के उचित अनुपालना में नैतिक अपेक्षाओं के लिए मानक दिशानिदेश नोट में इस बात का ध्यान रखना कि उनका अनुपालन हो रहा है और सभी प्रमुख मामलों में प्रभावी परिचालन हो रहा है या नहीं.

हमारे लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और उनका प्रभावी परिचालन के साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रिया शामिल है. वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की हमारी लेखापरीक्षा में, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंडरस्टैंडिंग प्राप्त करना, यदि कोई कमी हो तो उसके जोखिम का निर्धारण करना, निर्धारित जोखिम के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की जांच करना और प्रभावी परिचालन के लिए उपाय सुझाना शामिल है. इस प्रक्रिया का चयन लेखापरीक्षकों के निर्णय पर निर्भर होगा, इसमें वित्तीय विवरणों की विसंगतियों के जोखिमों का मूल्यांकन भी शामिल है, भले ही धोखाधड़ी या त्रुटि से हुए हों.

